आज का मौसम
25.0° अधिकतम तापमान
14.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.22
सूर्यास्त 06.20

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष एकादशी उपरांत 09:16 द्वादशी विक्रम संवत 2083

रविवार, 15 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 18, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये




सेबी चेयरमैन की सलाह अनिश्चित माहौल में धैर्य बनाए रखें निवेशक - 12



29 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू हुई कॉमर्शियल एलपीजी की बिक्री - 12



भाजपा की सरकार बनने पर दो वर्ष में पंजाब को करेंगे नशामुक्त : अमित शाह - 13



भारतीय क्रिकेट बॉलर कुलदीप यादव ने वंशिका संग लिए सात फेरे - 14

# कांग्रेस झूठे वादों की दुकान : मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा- हम बाहरी युद्धों के असर से बचाव में लगे हैं, हताश कांग्रेस ने देश के विरुद्ध ही मोर्चा खोल रखा | बोले- सरकार लोगों पर वैश्विक संघर्षों के पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए काम कर रही

- मोदी ने असम में 23,550 करोड़ रुपये और पश्चिम बंगाल को 18,680 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की दी सौगात

**सिलचर/कोलकाता, एजेंसी**

प्रधानमंत्री ने शनिवार को असम के सिलचर में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार वैश्विक संघर्षों के कारण लोगों पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने के लिए काम कर रही है। साथ ही आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी कांग्रेस देश में दहशत पैदा करने की कोशिश करके गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार कर रही है। कांग्रेस को एक जिम्मेदार राजनीतिक दल की भूमिका निभानी चाहिए थी लेकिन वह ऐसा करने में विफल रही। वह आज झूठे वादों की दुकान बन चुकी है और दहशत फैलाने की कोशिश कर रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने असम में विधानसभा चुनावों से पहले सिलचर में शनिवार को 23,550 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की। वहीं पश्चिम बंगाल में 18,680 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत करते हुए कहा कि राज्य से भारत के विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। उन्होंने सिलचर में कहा, उसके (कांग्रेस) पास न तो असम के लिए कोई दूरदृष्टि है और न ही राष्ट्र के लिए वे (कांग्रेस नेता) केवल मोदी को गाली देना, अफवाहें फैलाना और लोगों को गुमराह करने के लिए झूठ बोलना जानते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा- हम बाहरी युद्धों के असर से बचाव में लगे हैं हताश कांग्रेस ने देश के विरुद्ध ही मोर्चा खोल रखा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने पूर्वोत्तर को जिस तरह उसके हाल पर छोड़ दिया, उसने उसी तरह बराक घाटी को कमजोर करने में भी अहम भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री मोदी ने कछार जिले के सिलचर और मेघालय के शिलांग के बीच 22,864 करोड़ रुपये की नियंत्रित प्रवेश-निकास वाली एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए भूमि पूजन में भाग लिया। 166 किलोमीटर लंबे चार लेन के इस ग्रीनफील्ड द्रुतगति गलियारे से मेघालय और असम के बीच संपर्क सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होगा और गुवाहाटी और सिलचर के बीच की दूरी 295 से घटकर 252 रह जाएगी।

प्रधानमंत्री ने बंगाल में परियोजनाओं की शुरुआत कर रेखांकित किया कि ये परियोजनाएं पश्चिम बंगाल और पूर्वी भारत के विकास को नई गति प्रदान करेंगी, जिससे व्यापार और उद्यम को बढ़ावा मिलेगा।



कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को माला पहनाते भाजपा नेता।

### घुसपैठियों को बचाने के लिए तृणमूल एसआईआर का विरोध कर रही : मोदी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर घुसपैठियों के अपने वोट बैंक को बचाने के लिए मतदाता सूची के एसआईआर की प्रक्रिया का विरोध करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि राज्य में तृणमूल के शासनकाल में बड़े पैमाने पर घुसपैठ की वजह से कई क्षेत्रों की जनसांख्यिकी बदल गई है। मोदी ने यहां ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी पर तीखा हमला बोला और उस पर घुसपैठ को बढ़ावा देने, राज्य की जनसांख्यिकी को बदलने और संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा चुनावों से पहले ममता बनर्जी सरकार के लिए उल्टी गिनती शुरू हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल उत्पीड़ित हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता देने का विरोध कर रही है।

### टीएमसी ने राष्ट्रपति का ही नहीं, आदिवासियों और संविधान का भी अपमान किया

प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल में टीएमसी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान करके सभी हदें पार करने का आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि पार्टी ने न केवल राष्ट्र की प्रमुख का अपमान किया बल्कि देश के आदिवासियों और संविधान का भी अनादर किया। पिछले हफ्ते मुर्मू की उत्तर बंगाल यात्रा के दौरान पैदा हुए विवाद के बीच मोदी ने ये आरोप लगाए हैं। राष्ट्रपति ने अपने कार्यक्रम का स्थल अंतिम क्षण में बदल दिए जाने पर नाराजगी जताई थी और सवाल उठाया था कि हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करने के लिए मुख्यमंत्री ममता या राज्य का कोई मंत्री मौजूद क्यों नहीं था। राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि बंगाल में वर्तमान सरकार के तहत आदिवासी, दलित और गरीब लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

# एलपीजी ला रहे 2 जहाजों ने होर्मुज स्ट्रेट को पार किया दो दिन में भारत पहुंचेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

खाड़ी देशों से एलपीजी लेकर आ रहे दो भारतीय जहाजों ने शनिवार सुबह युद्ध प्रभावित होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित रूप से पार कर लिया। इसके साथ ही होर्मुज को पार करने वाले भारतीय ध्वज वाले जहाजों की संख्या तीन हो गई है। जहाजरानी मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से में बचे हुए 22 जहाज प्रतीक्षा में हैं, क्योंकि भारत सरकार उनकी सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र की सरकारों के साथ बातचीत कर रही है। जहाजरानी मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि एलपीजी ला रहे जहाज शिवालिक और नंदा देवी अब गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि ये जहाज 92,700 टन एलपीजी ला रहे हैं। शिवालिक के 16 मार्च को मुंद्रा जबकि नंदा देवी पोत के 17 मार्च को कांडला बंदरगाह पर पहुंचने की संभावना है। भारतीय ध्वज वाले जहाजों की निकासी भारतीय कूटनीति के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होने के साथ-साथ ये इस मायने में भी अहम है कि रसोई गैस की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। भारत अपनी एलपीजी आवश्यकताओं का 60 प्रतिशत आयात करता है, जिसमें से 85-90 प्रतिशत सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे खाड़ी देशों से प्राप्त होता है।




- 92 हजार टन वाले एलपीजी पोत शिवालिक और नंदा देवी 16/17 मार्च को गुजरात के बंदरगाहों पर पहुंचेंगे

### बचे भारतीय ध्वज वाले 22 जहाजों में से 6 एलपीजी के

सिन्हा ने कहा कि पश्चिमी हिस्से में बचे भारतीय ध्वज वाले 22 जहाजों में से छह एलपीजी पोत हैं, एक एलएनजी वाहक है, चार कच्चे तेल के टैंकर हैं, एक रासायनिक उत्पादों की ढुलाई कर रहा है और तीन कंटेनर जहाज हैं और दो बल्क कैरियर हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर ने कहा, हमारे कई जहाज खाड़ी क्षेत्र में प्रतीक्षा में हैं। हम ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के मद्देनजर सभी संबंधित देशों के साथ संपर्क और समन्वय बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं ताकि उनके लिए सुरक्षित एवं निर्बाध पारगमन सुनिश्चित किया जा सके।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, पोस्ट-फेस्टिवल ब्लूज उत्सव के बाद का खालीपन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### हादसों में बैंक कर्मी समेत 2 की मौत

**अल्मोड़ा/देहरादून :** अल्मोड़ा के सल्ट में शनिवार को कार के गहरी खाई में गिरने से पीएनबी थलीसैंण में तैनात हेड कैशियर काशीपुर निवासी सुभाष सिंह बिष्ट (35) की मौत हो गई। वहीं, ऋषिकेश की डोईवाला चीनी मिल में शनिवार को सफाई के दौरान हुए हादसे में तीन श्रमिक घायल हो गए। इनमें हरदोई (उत्तर प्रदेश) निवासी श्रमिक जगमोहन (28) पुत्र रामकुमार ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

(विस्तृत पेज-2 व 9)

# ईरान के तेल नेटवर्क क्षेत्र खार्ग द्वीप पर अमेरिका की बमबारी

**दुबई, एजेंसी**

- खार्ग द्वीप पर ईरान के तेल निर्यात का मुख्य टर्मिनल, ट्रंप की चेतावनी- होर्मुज में आवागमन रोका तो अन्य तेल अवसंरचना को बनाया जाएगा निशाना

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ने ईरान के तेल नेटवर्क के लिए महत्वपूर्ण एक द्वीप पर स्थित सैन्य ठिकानों को शुक्रवार को नष्ट कर दिया और चेतावनी दी कि अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के आवागमन में हस्तक्षेप करना जारी रखता है तो उसकी तेल अवसंरचना को निशाना बनाया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को ईरान के खार्ग द्वीप पर स्थित ठिकानों को पूरी तरह नष्ट कर दिया। खार्ग द्वीप पर ईरान के तेल निर्यात का मुख्य टर्मिनल है।

ईरान ने कहा था कि यदि ऐसा हमला किया गया तो उसकी ओर से और भी बड़े स्तर की जवाबी कार्रवाई की जाएगी। इस बीच एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि ईरान के साथ युद्ध के दो सप्ताह बाद प. एशिया में 2,500 और मरीन एवं एक युद्धपोत भेजा जा रहा है। ईरान इजराइल और पड़ोसी खाड़ी देशों को निशाना बनाकर मिसाइल और ड्रोन हमले जारी रखे हुए है। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को प्रभावी रूप से बंद कर दिया है जिससे दुनिया के तेल व्यापार का पांचवां हिस्सा गुजरता है। वहीं, अमेरिकी और इजराइली युद्धक विमान समूचे ईरान में सैन्य और अन्य लक्ष्यों पर बमबारी कर रहे हैं। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान या कोई और देश होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के आवागमन में बाधा डालता है, तो वह तेल बुनियादी ढांचे को नष्ट न करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करेंगे। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर कलीबाफ ने एक पोस्ट में चेतावनी दी कि ईरान की दक्षिणी समुद्री सीमा पर स्थित द्वीपों पर अगर हमले हुए तो ईरान संयम नहीं बरतेगा। ये द्वीप देश की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं।



### बगदाद में अमेरिकी दूतावास परिसर पर मिसाइल हमला

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद में अमेरिकी दूतावास परिसर के भीतर एक हेलीपैड पर मिसाइल से हमला हुआ। जिसके बाद शनिवार सुबह दूतावास परिसर के ऊपर धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया। दुनिया में अमेरिका के सबसे बड़े राजनयिक केंद्रों में शामिल यह विशाल दूतावास परिसर पहले भी ईरान समर्थित मिलिशिया द्वारा दागे गए रॉकेट और ड्रोन का कई बार निशाना बना है।

## एसआई भर्ती परीक्षा में 'पंडित' ऑप्शन को लेकर छिड़ा विवाद

**लखनऊ।** पिछले दिनों फिल्म के पंडत नाम को लेकर हुआ विवाद अभी ठंडा ही हुआ था कि अब यूपी एसआई की भर्ती परीक्षा में एक प्रश्न के ऑप्शन में पंडित शब्द को लेकर नया विवाद छिड़ गया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इसे गलत बताते हुए दोषियों पर कार्रवाई की बात कही है। वहीं भाजपा के प्रदेश मंत्री अभिजात मिश्र ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शिकायत की है। दरअसल शनिवार को एसआई भर्ती परीक्षा के दौरान 20 नंबर पर एक प्रश्न पूछा गया है। प्रश्न है कि अवसर के हिसाब से बदल जाने वाले को आप क्या कहेंगे ? इस प्रश्न के आप्शन भी दिए गए हैं, जिनमें ए-निष्कपट, बी-सदाचारी, सी- पंडित, डी-अवसरवादी आप्शन लिखे हैं। इसमें अभ्यर्थी को किसी एक पर टिक करना हैं। यह प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर जैसे वायरल हुआ तो खलबली मच गई।

- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने इसे बताया गलत सीएम से शिकायत

# सोनम वांगचुक जेल से रिहा

**जोधपुर/दिल्ली/लेह, एजेंसी**

केंद्र सरकार द्वारा हिरासत को तत्काल प्रभाव से रद्द करने का फैसला किए जाने के बाद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक (59) को शनिवार दोपहर राजस्थान की जोधपुर केंद्रीय जेल से रिहा कर दिया गया।

इस कदम का राजनीतिक दलों और लद्दाख में आंदोलन कर रहे संगठनों ने स्वागत किया है। इससे पहले, केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है।



- लगभग छह महीने बाद केंद्र सरकार ने हिरासत रद्द की

वांगचुक संबंधित अधिनियम के तहत निर्धारित हिरासत अवधि का लगभग आधा समय पहले ही बिता चुके हैं। लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर लेह में हुए हिंसक प्रदर्शनों के दो दिन बाद, 26 सितंबर 2025 को वांगचुक को हिरासत में लिया गया था। विरोध-प्रदर्शनों में चार लोगों की मौत हो गई थी और 22 पुलिसकर्मियों सहित 45 से अधिक लोग घायल हुए थे। उन्हें लेह के जिलाधिकारी के आदेश पर जनव्यवस्था बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत हिरासत में लिया गया था और फिर जोधपुर जेल में स्थानांतरित कर दिया गया था।

## मुकाबला नहीं कर पा रहे, अफवाहों से फैला रहे अराजकताः योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जनता जिन लोगों को नकार चुकी है और जो मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं, वे अफवाहों के जरिए अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे तत्वों को समाज को मिलकर रोकना होगा और 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के निर्माण में मजबूती से काम करना होगा।



मुख्यमंत्री शनिवार को हरियाणा के कैथल जिले के सौंगल गांव स्थित बाबा मुकुट नाथ मठ में ब्रह्मलीन महंत पीर गणेश नाथ जी के आठमान भंडारा, देशमेल और शंखाढाल कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पूजन-अर्चन कर संतों को श्रद्धांजलि अर्पित की और आयोजन के लिए महंत शेरनाथ महाराज को शुभकामनाएं दीं। विपक्ष पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग जनता का विश्वास खो चुके हैं, वे अब भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर ही सवाल उठा रहे हैं। कभी लोकसभा अध्यक्ष, कभी न्यायपालिका तो कभी निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाए जाते हैं।

# अभिषेक प्रकाश सेवा में बहाल विभागीय कार्रवाई यथावत

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** शासन ने निलंबित चल रहे आईएएस अभिषेक प्रकाश को बहाल कर दिया है। राज्य सरकार ने निलंबन अवधि समाप्त होने के बाद 15 मार्च 2026 से सेवा में बहाल करने का आदेश जारी किया है। शासन के नियुक्ति अनुभाग-5 द्वारा 14 मार्च शनिवार को जारी आदेश में कहा गया है कि बहाली के बावजूद उनके खिलाफ चल रही विभागीय कार्रवाई पूर्ववत जारी रहेगी। शासन ने यह आदेश राज्यपाल की अनुमति से दिया है।

आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि निलंबन अवधि 14 मार्च 2026 तक मानी जाएगी और 15 मार्च से अभिषेक प्रकाश को फिर से सेवा में शामिल किया जाएगा। साथ ही अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने तक कोई भी विभागीय निर्णय या कार्रवाई प्रभावित नहीं होगी। अर्थात, नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी और शासन की जवाबदेही और पारदर्शिता बनी रहेगी।



- नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ जारी रहेगी कार्रवाई

# यूपी में राष्ट्रविरोधी साजिश बेनकाब, छह गिरफ्तार

**गाजियाबाद, एजेंसी**

- विदेश भेजी जा रही थी सामरिक प्रतिष्ठानों की लोकेशन
- विदेशी लोगों को चेटिंग के जरिए फोटो-वीडियो भेजते थे

पुलिस और गुप्तचर एजेंसियों ने गाजियाबाद में बड़ी राष्ट्रविरोधी साजिश को नाकाम कर दिया है। छापेमारी में छह ऐसे साजिशकर्ता गिरफ्तार किए गए गए हैं, जो दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र सक्रिय रहकर सामरिक प्रतिष्ठानों की लोकेशन, फोटो-वीडियो विदेश भेजते थे। इसके लिए उन्हें विदेश से फंडिंग हो रही थी। पकड़े गए संदिग्धों में बदायूं, शाहजहांपुर, संभल, बिजनौर आदि जिलों के रहने वाले लोग शामिल थे।

गाजियाबाद के थाना मसूरी पुलिस की कार्रवाई में गिरफ्तार रैकेट का सरगना सुहेल मलिक उर्फ रोमियो है, जो बिजनौर के नरगढी नवादा का रहने वाला है। उसके साथ बदायूं में कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव रिसौली निवासी शिवा बाल्मीकि, शाहजहांपुर में सुल्तानपुर, कटना का रहने वाला रितिक गंगवार, संभल के ज्ञानपुर सिसौना की साने इरम उर्फ महक, गाजियाबाद में भौवापुर, कोशांबी का प्रवीन और औरैया के ग्राम बनारसीदास निवासी राज बाल्मीकि भी दबोचे गए हैं। राष्ट्रविरोधी साजिश सामने आने से फिर हलचल मच गई है। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे लोग सुनियोजित तरीके से फोन पर चैट के जरिए विदेशी लोगों से संपर्क में थे।

सुरक्षाबलों से जुड़े महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान, रेलवे स्टेशन की लोकेशन बाहर भेज रहे थे। उनके पास से विदेशी नंबरों की चैट भी मिली हैं। सभी लोग कौशांबी क्षेत्र में किराये के मकान में रहकर डाटा जुटा रहे थे। पुलिस ने सभी के कब्जे से आठ मोबाइल भी बरामद किए हैं। एडीसीपी राजकरन नैय्यर ने बताया कि पुलिस केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है। पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। हालांकि अभी तक किसी आतंकी संगठन से जुड़े होने की बात सामने नहीं आई है।

**किसान मेला** | सीएम ने पंतनगर में किया किसान मेले का शुभारंभ, कृषि क्षेत्र जंगली जानवरों से बचाने के लिए 25 करोड़ की पहली किस्त जारी

# किसान अन्नदाता होने के साथ ही हमारे असली नायक : धामी

**संवाददाता, पंतनगर/रुद्रपुर**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि किसान बंधु हमारे अन्नदाता होने के साथ ही असली नायक हैं। किसानों की मेहनत और समर्पण से ही हमें अन्न मिल रहा है और देश आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की विकसित भारत संकल्पना में किसान की महत्वपूर्ण भूमिका है। कृषकों की मेहनत व समर्पण से ही गांव, क्षेत्र और देश का विकास होता है।

सीएम ने शनिवार को कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि, पंतनगर में 119 वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।



पंतनगर में अखिल भारतीय किसान मेले का शुभारम्भ करते मुख्यमंत्री धामी।

प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करने के साथ ही विवि साहित्य का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री द्वारा देश के 10 करोड़ से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि की 22 वीं किस्त जारी की है। प्रदेश के 9 लाख से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। कृषि को जंगली जानवरों से बचाव के लिए घेरबाड़ को केंद्र सरकार ने हमें प्रथम किस्त के रूप में 25 करोड़ की धनराशि जारी की है। किसानों को फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, किसान मानधन योजना, बागवानी विकास योजना, कृषि यंत्र अनुदान योजना, बूंद-बूंद सिंचाई योजना जैसी योजनाएं के माध्यम से सशक्त किया जा रहा है।

केंद्र ने किसानों के लिए 14 हजार करोड़ लागत की सात नई परियोजनाएं लागू की हैं। राज्य सरकार किसानों को 3 लाख तक ऋण बिना ब्याज उपलब्ध करा रही है। किसानों की आय बढ़ाने को पॉलीहाउस लगाने के लिए 200 करोड़ की धनराशि में से अभी तक 115 करोड़ की लागत से 350 पॉलीहाउस स्थापित किए जा चुके हैं।

### चंपावत को स्वास्थ्य सेवाओं की बड़ी सौगात

**टनकपुर :** मुख्यमंत्री ने टनकपुर से चम्पावत को स्वास्थ्य सेवाओं की बड़ी सौगात दी। जनपद चम्पावत के नागरिकों को बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मुख्यमंत्री ने उपजिला चिकित्सालय टनकपुर से एडवांस्ड कार्डियोवस्कुलर लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं, अस्पताल में आधुनिक फेकोइमल्सीफिकेशन मशीन का लोकार्पण किया। विस्तृत पेज-9

**स्टेट ब्रीफ**

### अंग्रेजी के पेपर में 3212 अनुपस्थित

**देहरादून:** उत्तराखंड बोर्ड की माध्यमिक विद्यालय अंग्रेजी विषय की शनिवार को परीक्षा में राज्य में 3,212 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इंटरमीडिएट में गृह विज्ञान के पेपर में 287 परीक्षार्थीअनुपस्थित रहे। बोर्ड सचिव वीपी सिमल्टी ने बताया कि राज्य में अंग्रेजी परीक्षा के पंजीकृत परीक्षार्थियों में 1,01,313 ने इंटर गृह विज्ञान में 7879 में से 7592 में परीक्षा दी।

### लोक अदालत में 12,063 मामले निस्तारित

**देहरादून:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिले के न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत में 7255 मामलों का निस्तारण करते हुए 496212074 रुपए पर समझौता हुआ। बाह्य न्यायालय, विकासनगर में 739, डोईवाला में 312, मसूरी में 47, चकराता में 14 मामलों का निस्तारण किया गया।

### सीएम धामी ने शासकीय आवास में मनाया फूलदेई, कहा-यह समृद्ध लोकसंस्कृति बनाए रखने का पर्व

# फूल देई छम्मा देई, जतुके दियाला उतुके सई...

**हमारे लोकपर्व**

मुख्य संवाददाता, देहरादून



फूलदेई पर्व पर शासकीय आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और गीता पुष्कर धामी के साथ मंगल लोक गीत गाते बच्चे।

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री आवास पर शनिवार को लोकपर्व फूलदेई, हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया।

पारंपरिक परिधानों में बच्चों ने घर की देहरी पर फूल और चावल अर्पित कर सभी के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। बच्चों ने 'फूल देई-छम्मा देई, जतुके दियाला उतुके सई...' जैसे मंगल गीत गाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उनकी धर्मपत्नी गीता पुष्कर धामी ने बच्चों का आत्मीयता के साथ स्वागत करते हुए उन्हें उपहार भेंट किए। कहा कि फूलदेई राज्य की समृद्ध लोकसंस्कृति, परंपराओं और प्रकृति के प्रति सम्मान के भाव को बनाए रखने का लोकपर्व है। यह त्योहार बसंत ऋतु के आगमन के साथ प्रकृति की सुंदरता और जीवन में नई ऊर्जा का संदेश देता है। यह त्योहार दर्शाता है कि जीवन में हमेशा प्रकृति का आभार व्यक्त करना चाहिए। सीएम ने कहा कि, हमें अपने लोक त्योहारों को धूमधाम से मनाना चाहिए जिससे कि यह पर्व आने वाली पीढ़ी तक पहुंचे और हमारी लोक संस्कृति हमेशा के लिए अमर रहे।

#### बसंत की खुशबू से महका वातावरण

सीएम ने कहा कि, फूलदेई पर रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे इन नन्हे मेहमानों ने देहरी पर फूल और अक्षत सजाकर जब मधुर स्वर में 'फूलदेई, फूलदेई, छम्मा देई' गाया, तो वातावरण बसंत की खुशबू से परिपूर्ण हो उठा। इन बच्चों की सरलता, उल्लास और आत्मीयता हमारे सांस्कृतिक मूल्यों की जीवंत झलक है। सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए ईश्वर से मंगलकामना करता हूं। प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, बसंत के स्वागत और हमारी लोकसंस्कृति के संरक्षण का संदेश देने वाला यह पर्व हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा देता है।



मुख्यमंत्री आवास पर फूलों से देहरी पूजन करते बच्चे। ● अमृत विचार

# महिलाओं को सम्मान-समान अवसर अनिवार्य

### राज्यपाल गुरमीत सिंह ने लोकभवन में किया सीओडब्ल्यूई के महिला उद्यमी सम्मान समारोह को संबोधित

मुख्य संवाददाता, देहरादून




प्रसिद्ध मुक्केबाज मैरी कॉम को सम्मानित करते राज्यपाल गुरमीत सिंह, साथ में प्रथम महिला गुरमीत कौर। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने शनिवार को लोक भवन में कॉन्फेडरेशन ऑफ वीमेन एंटरप्रेन्योर्स ऑफ इंडिया (सीओडब्ल्यूई) द्वारा आयोजित 'महिला उद्यमीःउभरते सितारे' सम्मान समारोह को संबोधित किया।

इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वालीं महिला उद्यमियों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वाली महिलाओं में प्रसिद्ध मुक्केबाज और ओलंपिक पदक विजेता मैरी कॉम, उद्योग क्षेत्र से अंजू आहूजा, सामाजिक उद्यमिता के क्षेत्र में कार्यरत निधि मित्तल बंसल, प्रसिद्ध कलाकार एवं शिक्षिका रूबल नागी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत शशि रतूड़ी तथा अभिनेत्री एवं फिल्म निर्माता आरुषि निशंक सहित अनेक महिलाएं शामिल रहीं।

इस अवसर पर अपने संबोधन में राज्यपाल सिंह ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक प्रगति तब संभव होती है, जब उसका विकास महिलाओं के नेतृत्व में आगे बढ़े। आज की महिलाएं केवल समाज और परिवार की आधारशिला ही नहीं हैं, बल्कि राष्ट्र की आर्थिक प्रगति और सामाजिक परिवर्तन की सशक्त वाहक भी बन रही हैं।

उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक ऊर्जा की सराहना करते हुए कहा कि आज की भारतीय महिला अपने संकल्प और प्रतिभा के बल पर विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना रही है।

राज्यपाल ने कहा कि महिलाओं को सम्मान और समान अवसर देना केवल सामाजिक दायित्व ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की अनिवार्य आवश्यकता है। चुनौतियां ही जीवन को नई दिशा देती हैं और उनसे संघर्ष करते हुए ही वास्तविक सफलता प्राप्त होती है।

आज जिन महिला उद्यमियों को सम्मानित किया गया है, वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रेरणा का स्रोत हैं। कहा कि इन सभी के कंधों पर अब एक बड़ी जिम्मेदारी है कि वे अपने अनुभव और नेतृत्व से आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करें।

राज्यपाल ने उत्तराखंड की मातृशक्ति की विशेष सराहना करते हुए कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों की महिलाएं कठिन परिस्थितियों में भी अद्भुत साहस, परिश्रम और नेतृत्व का परिचय देती हैं। उत्तराखंड की महिलाओं ने स्वयं सहायता समूहों, कृषि, हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों के माध्यम से राज्य की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रथम महिला गुरमीत कौर, दून विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल, उत्तराखंड तकनीकी विवि की कुलपति प्रो. तृप्ता ठाकुर एवं एचएनबी उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विवि की कुलपति प्रो. भानू दुग्गल, सीओडब्ल्यूई की राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मीतू पुरी, अध्यक्ष उत्तरप्रदेश चैप्टर रिया रहेजा, सचिव शिखा घई मौजूद रहीं।

#### मैरी कॉम ने साझा की संघर्ष की गाथा

प्रसिद्ध मुक्केबाज और ओलंपिक पदक विजेता मैरी कॉम ने अपने जीवन के संघर्षों और उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि मणिपुर के एक साधारण परिवार से निकलकर अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुंचने की उनकी यात्रा आसान नहीं रही। सीमित संसाधनों और सामाजिक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने दृढ़ संकल्प, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर अपने सपनों को साकार किया। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए वैश्विक मंच पर देश का तिरंगा ऊंचा करना उनके लिए गर्व का विषय रहा है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं और युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में आने वाली कठिनाइयों से घबराने के बजाय उन्हें अवसर के रूप में स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपनी शक्ति पर विश्वास रखें, अपने लक्ष्य निर्धारित करें और निडर होकर उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करें।

# हॉस्पिटल बना नहीं और बच्ची का हो गया जन्म

संवाददाता, हरिद्वार




- हरिद्वार में फर्जी जन्म प्रमाण जारी कराने का मामला, अभियोग दर्ज कराने के निर्देश

**अमृत विचारः** एक बच्ची का फर्जी जन्म प्रमाणपत्र जारी कराने का अनोखा मामला सामने आया है। दिलचस्प बात यह रही कि जिस तारीख को जिस हॉस्पिटल में बच्ची का जन्म होने का दावा किया गया, उस समय तक हॉस्पिटल बना ही नहीं था। अब इस मामले में दंपती के खिलाफ अभियोग दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला पंचायत राज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह के अनुसार, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी द्वारा दी गई आख्या में बताया गया कि शाहीन व उस्मान (दंपती) निवासी ज्वालापुर हरिद्वार द्वारा आवेदन पत्र देते हुए अनुरोध किया गया कि उनकी पुत्री का जन्म 1 मार्च 2008 को जया मैक्सवेल हॉस्पिटल अतमालपुर बौंगला हरिद्वार में हुआ था, जिसका जन्म प्रमाण पत्र पूर्व में जारी हुआ था, जोकि खो गया। उसकी छाया प्रति है। दंपती द्वारा बच्ची का आधार कार्ड अपडेट कराने में बारकोड वाला ऑनलाइन प्रमाणपत्र की आवश्यकता के चलते इस प्रमाणपत्र को ऑनलाइन कराने की मांग के आधार पर 18 फरवरी 2026 को जन्म प्रमाणपत्र ऑनलाइन करते हुए निर्गत किया गया। इस बीच शिकायत की गई कि दंपती ने अपनी पुत्री का जाली प्रमाणपत्र सीआरएस पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज कराया गया है।

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ने जया मैक्सवेल हॉस्पिटल अतमालपुर बौंगला जाकर बच्ची के उक्त अस्पताल में जन्म के संबंध में जांच की गयी, तो पता चला कि वर्ष 2008 में यह हॉस्पिटल बना ही नहीं था। इससे स्पष्ट है कि दंपती ने जाली पूर्व जन्म प्रमाणपत्र की छायाप्रति प्रस्तुत कर इसे सीआरएस पोर्टल पर ऑनलाइन कराया। उधर, जनपद में किसी तरह से कोई फर्जी प्रमाण पत्र जारी न हो, इसके लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सभी एसडीएम व सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

### चीनी मिल में हादसा श्रमिक की हुई मौत

**देहरादूनः** डोईवाला चीनी मिल में शनिवार को सफाई कार्य के दौरान हुए हादसे में एक श्रमिक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य श्रमिक घायल हो गए। हादसे को लेकर मिल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

जानकारी के अनुसार, पेराई सत्र समाप्त होने के बाद मिल बंद हो चुकी है। मिल परिसर में ठेकेदार अशोक के माध्यम से श्रमिकों से मशीनों की सफाई और रखरखाव का कार्य कराया जा रहा है। हादसे के समय श्रमिक मशीनों के भीतर जमी हुई चीनी को खुरचकर बाहर निकाल रहे थे। इसी दौरान अचानक हुए हादसे में तीन श्रमिक घायल हो गए। घटना के बाद मिल प्रशासन द्वारा घायल श्रमिकों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोईवाला पहुंचाया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हिमालयन हॉस्पिटल जौलीग्रांट रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान जगमोहन (28) पुत्र रामकुमार निवासी हरदोई (उत्तर प्रदेश) ने दम तोड़ दिया। वहीं अरुण (23) पुत्र ओमप्रकाश के पैर में गंभीर चोट आई है जबकि घनश्याम निवासी हरदोई को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, हादसे के कारण की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो पाई है। मामले की जांच की जा रही है।

# कालाबाजारी में दो धरे, अब क्यूआरटी

मुख्य संवाददाता, देहरादून



एक गैस एजेंसी का निरीक्षण करते देहरादून प्रशासन के अधिकारी।

**अमृत विचारः** एलपीजी सिलेंडर की कालाबाजारी रोकने के लिए शनिवार को जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर राजधानी में ताबड़तोड़ छापे मारे गए।

संयुक्त टीमों ने जिले में 17 गैस एजेंसियों, 45 प्रतिष्ठानों, 5 पेट्रोल पम्प का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 19 गैस सिलेंडर जब्त किए जबकि डोईवाला में एक प्राथमिकी दर्ज करते हुए 2 आरोपी गिरफ्तार किए गए।

गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए डीएम सविन बंसल ने क्यूआरटी गठित करते हुए 30 अधिकारी नामित किए हैं। अब एलपीजी सिलेंडर होम डिलीवरी से ही मिलेंगे। गैस एजेंसी से वितरित नहीं होंगे। एजेंसियों को प्रशासन ने सख्त निर्देश दिए हैं कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर डोर-टू-डोर वितरण करने होंगे।

प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं। होम डिलीवरी के माध्यम से प्रत्येक उपभोक्ता तक घर तक गैस आपूर्ति की जाएगी। वर्तमान में शहरी क्षेत्र के लिए एक बार गैस सिलेंडर प्राप्त करने के उपरान्त 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन बाद ही अगला सिलेंडर बुकिंग करा पाएंगे।

वहीं जिला प्रशासन द्वारा प्रसारित 1077, 0135-2626066, 2726066 व व्हाट्सएप नंबर 7534826066 पर शाम 5 बजे तक 341 शिकायतें एलपीजी गैस की आपूर्ति के सम्बन्ध में दर्ज हुईं।

उधर, शनिवार को 29120 से ज्यादा उपभोक्ताओं को घरेलू तथा 69 को व्यावसायिक गैस सिलेंडर की आपूर्ति की गई। घरेलू गैस में 67 हजार बैकलॉग है। स्टॉक में 31807 सिलेंडर शेष है, जिसमें जल्द ही कमी आएगी।

# नपं अध्यक्ष समेत कई ने थामा भाजपा का दामन

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** 2027 में हैट्रिक के लक्ष्य के साथ शनिवार को भाजपा ने पिथौरागढ़ के सीमांत के कई जनप्रतिनिधियों को पार्टी में शामिल किया। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि, मुनस्यारी नपं अध्यक्ष व बड़ी संख्या में लोगों का पार्टी से जुड़ना धारचूला विधानसभा में जीत का शुभ संकेत है।

इस दौरान मुनस्यारी नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द पांगती, सभासद गणेश पांगती, जितेंद्र जोठा व हंसा देवी, सुरेंद्र सिह बृजवाल पूर्व सदस्य, पुष्कर सिह पूर्व प्रधान छूरातोली, नवीन जौपनी, महेश रावत, सुरेंद्र सिंह निखुरप्पा, भूपेंद्र धर्मसत्तू, मनोज सिंह मर्तोलिया, मनोहर सिंह घपवाल, नितिन रावत, कृष्णा पांगती, दीपू बृजवाल, कैलाश जेरठा, राजू बम, दिनेश बृजवाल, लाजवंत बृजवाल आदि ने संगठन की रीति नीति में विश्वास जताया। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी नए सदस्यों का फूलमाला एवं पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। कहा कि, प्रदेश में डबल इंजन सरकार के कामों से विकास की बयार बह रही है। एक ऐसा विश्वास आम जनमानस में स्थापित हुआ है कि पीएम मोदी और सीएम धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड का विकसित होना अब तय है। यही वजह है कि राजनीतिक, सामाजिक तमाम तरह के कार्यकर्ता, पार्टी के विचारों में विश्वास जताकर, विकासयात्रा में सहयोगी बनना चाहते हैं।

# रिकॉर्ड 12.10 घंटे चला विस सत्र

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**05** सौ 96 प्रश्न पूछे, 4 अध्यादेश व 12 विधेयक हुए पास

**01** लाख 11703.21 करोड़ का बजट हुआ पारित



**अमृत विचारः** उत्तराखंड विधानसभा (विस) का वर्ष 2026-27 का वार्षिक आर्थिक बजट सत्र शुक्रवार अर्ध रात्रि अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया। पांच दिवसीय सत्र के अन्तिम दिन रिकॉर्ड 12 घंटा 10 मिनट तक संचालित हुआ जिसमें सरकार द्वारा प्रस्तुत 111703.21 करोड़ रुपये का बजट ध्वनि मत से पारित कर दिया गया।

राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैण के भराड़ीसैंण स्थित विधान सभा भवन में आयोजित यह बजट सत्र पांचवें दिन आधी रात 12:29 बजे तक चला। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सत्र के पहले दिन, पहली बार वित्त मंत्री की हैसियत से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 111703.21 करोड़ रुपये का बजट पेश किया था। वर्तमान वित्तीय वर्ष की तुलना में इस बजट के आकार में 10.41 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। बजट में सरकार ने आत्मनिर्भर व विकसित उत्तराखंड के संकल्प को पूरा करने के लिए ज्ञान और संतुलन का मंत्र दिया।

बजट सत्र इस बार कुल 41 घंटे 10 मिनट संचालित हुआ जबकि विपक्ष के विरोध के कारण कुल एक घंटा 20 मिनट सदन की कार्यवाही बाधित रही। इसमें अन्तिम दिन रिकॉर्ड समय 12 घंटा 10 मिनट तक शुक्रवार, शनिवार रात्रि 12 बजकर 29 मिनट तक सदन का संचालन हुआ। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूड़ी ने बताया कि इस बार कुल 596 प्रश्न सदस्य विधायकों की ओर से रखे गए जिनमें से 22 निरस्त कर दिए गए। उन्होंने बताया कि इनमें तारांकित 131 प्रश्नों में 60, अंतरांकित 436 में से 227 प्रश्न उत्तरित किए गए। इस बार कुल चार अध्यादेश और 12 विधेयक सदन के पटल पर प्रस्तुत किए गए।

**धार्मिक फैसला** | बीकेटीसी की बोर्ड बैठक में हो चुका प्रस्ताव पारित, अक्षय तृतीया से शुरू होने जा रही है उत्तराखंड चारधाम यात्रा

# गैर सनातनियों का गर्भगृह, मंदिर परिसर में प्रवेश वर्जित

मुख्य संवाददाता, देहरादून



- 19 अप्रैल को खुलेंगे यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट
- 22 को केदारनाथ, 23 को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे

**अमृत विचारः** अक्षय तृतीया (19 अप्रैल) से आरंभ होने जा रही उत्तराखंड चारधाम यात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। हालांकि यात्रा का विधिवत शुभारंभ 23 अप्रैल से होगा। यमुनोत्री और गंगोत्री के कपाट अक्षय तृतीया पर, केदारनाथ धाम के 22 अप्रैल और बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खुलेंगे। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 6 मार्च से शुरू हो चुके हैं, ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन 17 अप्रैल से शुरू होंगे।

इस बार की चारधाम यात्रा में बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर में गैर सनातनियों के प्रवेश पर रोक रहेगी। इस संबंध में बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी का कहना है कि, यह कोई नई व्यवस्था नहीं है, यह आदिकाल से आदि शंकराचार्य ने व्यवस्था बनाई है। सिर्फ इसकी समीक्षा की गयी है कि जितने भी धार्मिक अनुष्ठान, प्रतिष्ठान हैं, वहां गैर-सनातनियों का गर्भगृह और मंदिर परिसर में प्रवेश वर्जित रहेगा। चार धाम भारत की आत्मा है। यह देश-दुनिया के करोड़ों लोगों की आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है।

#### सनातन धर्म पर हो रहा अनुसंधान

सनातन धर्म आज पूरी दुनिया में एक विराट स्वरूप है। यह हर देश दुनिया में सनातन धर्म के प्रति लोगों का आकर्षण है। लोग उसको समझना-समझाना चाहते हैं, सनातन धर्म पर अनुसंधान कर रहे हैं और तमाम लोग सनातन धर्म को मानते हैं और उसकी तरफ उनकी आस्था और विश्वास है।

#### अव्यवस्था की कोशिशों का कड़ाई से जवाब

अध्यक्ष द्विवेदी के अनुसार, जिस तरह से पिछले दो-चार वर्षों में विशेष समुदाय के लोगों द्वारा अव्यवस्था फैलाने की कोशिश की गई हैं, उसका सरकार ने कड़ाई से जवाब दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वातावरण को पूरी तरह से ठीक करने का कार्य किया है। स्थानीय हक-हकूकधारियों, तीर्थ पुरोहितों और लंबे समय से यात्रा से जुड़े लोगों की भी यह मांग थी कि चारधाम की पौराणिकता और पवित्रता को बनाए रखने के लिए पुरानी व्यवस्था को स्पष्ट रूप से लागू किया जाए। सभी की मांग पर विगत 10 मार्च को हुई बोर्ड की बैठक में सर्वसम्मति व ध्वनिमत से यह निर्णय पारित हुआ है कि किसी भी गैर सनातनी का पूर्ण तरीके तरह गर्भगृह और मंदिर परिसर में वर्जित किया जाए।

#### दो अलग-अलग अवधारणाएं

बीकेटीसी अध्यक्ष के अनुसार, तीर्थाटन और पर्यटन दो अलग-अलग अवधारणाएं हैं। पर्यटन मनोरंजन से जुड़ा होता है, जबकि तीर्थाटन आस्था और श्रद्धा से जुड़ा विषय है। ऐसे में बदरीनाथ-केदारनाथ धाम की धार्मिक पवित्रता और पहचान को बनाए रखने के लिए यह निर्णय लिया गया है। मंदिर परिसर और गर्भगृह में सनातनियों को ही प्रवेश दिया जाएगा।

### चारधाम यात्रा मार्ग पर व्यवस्थाएं बेहतर होंगी

**देहरादूनः** चारधाम यात्रा मार्ग पर बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने चमोली के निर्माणाधीन तथा प्रस्तावित पार्किंग परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सचिव को बताया कि गौचर में पार्किंग निर्माण पूरा कर लिया है। इस पार्किंग की वाहन क्षमता 27 वाहनों की है। सचिव ने कहा कि यात्रा के दौरान ऐसे छोटे लेकिन महत्वपूर्ण पार्किंग स्थल यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। सचिव ने कर्णप्रयाग में निर्माणाधीन पार्किंग को नंदा राजजात यात्रा से पहले और चमोली शहर में टैक्सी स्टैंड के समीप स्थित पार्किंग और खड्डु साइड स्थित पार्किंग स्थल को भी समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मांगा 18000 मानदेय

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मानदेय बढ़ोतरी समेत विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश भर से देहरादून पहुंचीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने शनिवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सेविका मिनी कर्मचारी संगठन की प्रदेश अध्यक्ष रेखा नेगी के नेतृत्व में परेड मैदान से मुख्यमंत्री आवास के लिए कूच किया, लेकिन पहले से ही मौजूद भारी पुलिस बल ने उन्हें हाथी बड़कला में बैरिकेडिंग पर रोक दिया।

इस दौरान खूब धक्का मुक्की और नारेबाजी हुई जिसके बाद आक्रोशित कार्यकत्रियां सड़क पर ही धरने पर बैठ गईं और अपनी मांगों को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान अध्यक्ष नेगी ने आरोप लगाया कि, उनकी मानदेय बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया है, उसी तरह राज्य सरकार से भी यह आस लगाए हुए बैठे हुए हैं कि सरकार उनके मानदेय में वृद्धि करेगी, लेकिन राज्य सरकार ने भी अब तक कुछ नहीं किया। कहा कि इतने कम मानदेय से महिलाओं को अपने परिवार का भरण पोषण करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, ऊपर से उनके ऊपर काम का अतिरिक्त बोझ डाल दिया गया है। उन्होंने सरकार से 18 हजार रुपए मानदेय दिए जाने की मांग उठाई है।

## सिटी ब्रीफ

### जल संस्थान ने चलाया बकाया वसूली अभियान

**हल्द्वानी :** जल संस्थान ने शनिवार को राजपुरा और आनंदपुरी तल्ली-बमौरी में अपने पानी के बिल के बकाया वसूली अभियान चलाया। अभियान के दौरान लगभग 1.50 लाख रुपये से अधिक की वसूली की गई। जल संस्थान के सहायक अभियंता रविंद्र कुमार ने बताया कि बिल जमा न करने वाले 4 उपभोक्ताओं के पानी के कनेक्शन काटे गए। रविंद्र कुमार ने बताया कि यह अभियान रविवार को इंद्रानगर में भी जारी रहेगा। इस के माध्यम से जल संस्थान ने उपभोक्ताओं को बताया कि बकाया बिल जमा करना आवश्यक है।

### नशा मुक्ति केंद्र का कर्मी लापता

**हल्द्वानी :** नशा मुक्ति केंद्र में काम करने वाला कर्मी लापता हो गया। पुलिस गुमशुदा की तलाश कर रही है। पुलिस को दी तहरीर में नई पहचान नशा मुक्ति केंद्र के संचालक सचिन वर्मा ने पुलिस को बताया कि नशा मुक्ति केंद्र में राजकुमार वर्मा नाम का व्यक्ति का वर्ष 2014 की 10 दिसंबर को केंद्र में भर्ती हुआ था। उपचार के बाद उसकी नशे की आदत छूट गई और उसे केंद्र में ही छोटा-मोटा काम दे दिया गया। बीती 8 जनवरी को राजकुमार बिना बताए कहीं गायब हो गया। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर लापता की तलाश की जा रही है।

### घर से स्कूटी चोरी

**हल्द्वानी :** काठगोदाम थानाक्षेत्र में एक घर के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी कर ली गई। मूलरूप से सत्यजीत नगर आसनसोल पश्चिम बंगाल निवासी प्रवीण कुमार सिंह ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में वह रेलवे कालोनी काठगोदाम में रह रहा है। बीती 12 मार्च की शाम करीब सात बजे उसने अपने स्कूटी घर के बाहर खड़ी थी। अगली सुबह वह घर के बाहर निकला तो स्कूटी गायब थी। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर स्कूटी और चोर की तलाश शुरू कर दी गई है।

### महिलाओं व युवकों में चले लात-घूंसे


**नैनीताल :** मल्लीताल स्थित बीडी पांडे अस्पताल के समीप गोलघर चौराहे पर कबाड़ बीनने वाले लोगों के बीच शनिवार को बीच सड़क जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान युवक और महिलाएं एक-दूसरे को बेरहमी से पीटते नजर आए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गोलघर चौराहे के पास अचानक दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया।

## तराई पूर्वी वन डिवीजन ने मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के लिए की तकनीकी पहल, जानवरों को ट्रेस करना होगा आसान

# अंधेरे में भी 'थर्मल ड्रोन' की नजर से बच नहीं सकेंगे बाघ-तेंदुए

- **ड्रोन में लगे सेंसर्स वन्यजीवों के शरीर के तापमान से उसकी लोकेशन ट्रेस कर सकते हैं**

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** अब रात का घना अंधेरा हो या गन्ने का खेत, बाघ-तेंदुआ थर्मल ड्रोन की तीसरी आंख से बच नहीं सकेगा। जंगलात ने मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के लिए नई टेक्नोलॉजी का सहारा लिया है। वन विभाग का दावा है कि इस ड्रोन के आने के बाद बाघ, तेंदुए को रेस्क्यू में मदद मिलेगी।

तराई पूर्वी वन डिवीजन के जंगल 82489 हेक्टेयर में नैनीताल, ऊधम सिंह नगर, चम्पावत जिलों में नेपाल और उत्तर प्रदेश बॉर्डर तक फैले हुए हैं। इस वन डिवीजन से सटा हुआ नंधौर वन्यजीव अभ्यारण्य व पीलीभीत टाइगर रिजर्व हैं जहां बाघ-तेंदुए की खासी तादाद है।

वहीं, तराई में गन्ने की हजारों बड़ी-छोटी जोत हैं। वन अधिकारियों का कहना है कि अमूमन देखा जाता है कि तराई में जब बाघ-तेंदुआ और मानव संघर्ष होता है तो ये वन्यजीव गन्ने के खेत या भीषण जंगल में छिप जाते हैं। ऐसे में इनको ढूंढना बहुत मुश्किल होता है। ड्रोन से भी इनकी लोकेशन ट्रेस नहीं हो पाती है, खासकर गन्ने के खेतों में दिक्कतें होती हैं। इसी को देखते हुए थर्मल ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा। इस थर्मल ड्रोन की मदद से गन्ने के खेत, अंधेरे में कहीं से भी बाघ-तेंदुए की लोकेशन ट्रेस कर रेस्क्यू करना आसान हो जाएगा।

### वन्यजीव को रेस्क्यू करना होगा आसान

वन अधिकारियों के अनुसार, थर्मल ड्रोन एक आम ड्रोन की तरह लाइव प्रसारण तो दिखाता ही है, इसी के साथ ही यह खूबी है कि इस ड्रोन में लगे सेंसर्स वन्यजीवों के शरीर के तापमान से उसकी लोकेशन ट्रेस कर सकते हैं। बस, बाघ-तेंदुए या अन्य वन्यजीवों के तापमान को इस ड्रोन में फीड करना होता है, फिर ड्रोन स्वयं ही वन्यजीव को ढूंढ लेगा। इससे वन टीम को वन्यजीव को रेस्क्यू करना आसान होगा। वर्तमान में प्रयोग के तौर पर एक थर्मल ड्रोन मंगाया जा रहा है, प्रयोग सफल होने पर रेंज वार ड्रोन मंगाए जाएंगे।

### कर्मियों को दिया जाएगा विशेष प्रशिक्षण

**हल्द्वानी :** डीएफओ बागरी ने बताया कि थर्मल ड्रोन चलाने के लिए समूची वन डिवीजन से तकनीकी एक्सपर्ट कर्मी चिन्हित किए जाएंगे। फिर एक स्पेशल टीम बनाई जाएगी जिसे थर्मल ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि किसी भी मानव वन्यजीव संघर्ष पर यह टीम तुरंत रिस्पांड कर सकें।

### वर्तमान में हैं पांच ड्रोन

तराई पूर्वी वन डिवीजन में नौ रेंज हैं। वर्तमान में वन डिवीजन में पांच ड्रोन हैं जिनसे अवैध खनन, पातन व शिकार के लिए निगरानी की जाती है। ये ड्रोन संवदेनशील रेंजों व स्थानों को दिए गए हैं। जब थर्मल ड्रोन आ जाएगा तो हेड क्वार्टर पर मौजूद रहेगा, जो मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटना पर तत्काल भेजा जाएगा।



"मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के लिए थर्मल ड्रोन मंगाया जा रहा है। इस ड्रोन की खूबी यह है कि यह शरीर के तापमान से किसी भी वन्यजीव की लोकेशन ट्रेस करने एवं रेस्क्यू में मदद मिलेगी। इससे बाघ-तेंदुए को रेस्क्यू में बहुत मदद मिलेगी। **-हिमांशु बागरी**, डीएफओ तराई पूर्वी वन डिवीजन हल्द्वानी

## दानपात्र से चोरी करने वाले दो लोग गिरफ्तार

**नैनीताल :** पायलट बाबा आश्रम स्थित मंदिर के दानपात्र से पैसे चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार आश्रम में रह रहे सम्पूर्णानंद त्रिपाठी ने तल्लीताल थाने में तहरीर देकर बताया कि रानीबाग काठगोदाम निवासी संजय उर्फ संजू व दीपक कुमार, जो पहले आश्रम में सेवादार रह चुके हैं, 9 मार्च की रात मंदिर के पीछे की खिड़की से अंदर घुसे और दानपात्र से करीब 2,025 रुपये चोरी कर लिए। शनिवार को पुलिस ने भूमियाधार क्षेत्र में माता मंदिर के पास से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संजय कार्की उर्फ संजू (20) और दीपक कुमार (21) निवासी चौघानपाटा रानीबाग, थाना काठगोदाम के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से 1,324 रुपये भी बरामद किए हैं।

# कलसिया नाले पर बनाया जाएगा समानांतर नया वैली ब्रिज, पहाड़ों को सफर होगा आसान

## अस्थायी वैली ब्रिज बनाने के लिए अवैध निर्माण का ध्वस्तीकरण शुरू, बाद में कंपोजिट टू लेन स्थायी ब्रिज बनेगा

मुख्य संवाददाता, हल्द्वानी

**50** हजार से अधिक वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं रोजाना

**01** सौ टन क्षमता का होगा कंपोजिट टू लेन पुल

**10** माह से अधिक समय लगेगा नया टू लेन पुल बनाने में

**अमृत विचार :** काठगोदाम स्थित कलसिया पुल पर पहले नया वैली ब्रिज बनाया जाएगा हालांकि यह ब्रिज अस्थायी होगा। इस ब्रिज के लग जाने के बाद पुराना वैली हटाकर नए कंपोजिट टू लेन स्थायी ब्रिज बनाया जाएगा। फिलहाल अस्थायी वैली ब्रिज बनाने के लिए जद में आ रहे अवैध निर्माण का ध्वस्तीकरण शुरू हो गया है।

अधिकारियों के अनुसार, काठगोदाम-नैनीताल रोड कुमाऊं में प्रवेश का मुख्य मार्ग है। कलसिया पुल पर ब्रिटिश टाइम का पुल और एक वैली ब्रिज बना हुआ है। रोजाना 50 हजार से अधिक बड़े-छोटे वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। वर्तमान में पक्के ब्रिज का प्रयोग पर्वतीय जिलों के जाने और वैली ब्रिज का आने के लिए होता है। यह वैली ब्रिज महज 16 टन क्षमता का बताया जा रहा है। यदि इस ब्रिज से 40-50 टन के वाहन गुजर जाते हैं तो इसके नट-बोल्ट ढीले हो जाते हैं। रोजाना इन नट-बोल्ट को



कलसिया नाले पर अस्थायी वैली ब्रिज निर्माण के लिए मौके का निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

कसा जाता है।

यह पुल सिंगल लेन भी है जिस वजह से पर्यटन सीजन में जाम लग जाता है। इसको देखते हुए प्रशासन ने इस वैली ब्रिज का हटाकर कंपोजिट टू लेन का पक्का पुल बनाने का प्रस्ताव बनाया है। इस वैली ब्रिज को हटाकर नया टू लेन पुल बनाने में 10 माह से अधिक का समय लग रहा है जिससे जाम की समस्या हो सकती है।

इसे देखते हुए प्रशासन ने निर्णय लिया है कि वर्तमान में पक्के ब्रिज के समीप (नैनीताल की ओर जाते हुए पक्के पुल के बाईं तरफ) एक अस्थायी वैली ब्रिज बनाया जाएगा। इस ब्रिज को बनाने के लिए आसपास का अतिक्रमण हटाकर स्थान साफ कराया जा रहा है ताकि अस्थायी ब्रिज लगाया जा सके। जब यह ब्रिज लग जाएगा तब पुराना वैली ब्रिज हटाया जाएगा। इस ब्रिज को हटाने के लिए जद में सात भवन आ रहे हैं इनमें पांच अवैध कब्जे व दो पक्के निर्माण हैं। इनका भी ध्वस्तीकरण किया जा रहा है ताकि पुराने वैली ब्रिज को हटाया जा सके।

### 100 टन क्षमता का होगा कंपोजिट टू लेन पुल

**हल्द्वानी :** पांच करोड़ से अधिक की लागत से बनने वाला टूलेन कंपोजिट पक्का पुल 12 मीटर चौड़ा और 24 मीटर लंबा होगा। इसकी क्षमता 100 टन होगी। इसमें एक साथ वाहनों की आवाजाही हो सकेगी जिससे वाहनों का जाम नहीं लगेगा। पक्का पुल हमेशा के लिए संकरी सड़क व नट-बोल्ट कसने का झंझट खत्म हो जाएगा। वर्तमान में एक ही पक्का पुल है जिससे सिर्फ वाहनों की एकतरफा निकासी होती है।



"कलसिया पर पक्के पुल के समीप एक नया अस्थायी पुल बनाया जाएगा। इस पुल के लग जाने के बाद पुराना वैली ब्रिज हटाया जाएगा। फिर नया पक्का पुल बनाया जाएगा। फिलहाल नया पुल लगाने के लिए स्थान को रिक्त कराया जा रहा है साथ ही अवैध कब्जे ध्वस्त किए जा रहे हैं। **-परितोष वर्मा**, नगर आयुक्त नगर निगम

# वीकेंड पर लागू किया ट्रैफिक डायवर्जन प्लान

संवाददाता, हल्द्वानी

- **पर्यटकों को भीमताल और भवाली में मिलेगी पार्किंग, शटल सेवा से जाएंगे श्रद्धालु**
- **भारी वाहनों के लिए अलग व्यवस्था, तय रूट पर चलेंगे आवश्यक सेवा वाले वाहन**

**अमृत विचार :** कैंची धाम, भवाली और भीमताल क्षेत्र में वीकेंड के दौरान बढ़ती श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए पुलिस ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू किया है। कैंची धाम मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या अधिक संख्या को देखते हुए भारी वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करने के साथ पर्यटकों के वाहनों के लिए पार्किंग और शटल सेवा की व्यवस्था की गई है।

वीकेंड के दौरान अल्मोड़ा और रानीखेत से हल्द्वानी की ओर आने वाले भारी वाहनों को क्वारब और खैरना से डायवर्ट कर रामगढ़-मुक्तेश्वर मार्ग से हल्द्वानी भेजा जाएगा, ताकि कैंची धाम, भवाली और भीमताल क्षेत्र में यातायात का दबाव कम किया जा सके। हल्द्वानी से पर्वतीय क्षेत्रों की ओर जाने वाले आवश्यक सेवाओं से जुड़े भारी वाहन अपने निर्धारित मार्ग से संचालित होते रहेंगे। अन्य भारी वाहनों को यातायात की स्थिति के अनुसार भवाली मस्जिद तिराहा से पहले रोका जा सकता है या उन्हें रामगढ़ और खुटानी मोटर मार्ग से उनके गंतव्य की ओर भेजा जाएगा।

### नैनीताल-गेठिया मार्ग से आने वालों के लिए पार्किंग

जो पर्यटक अपने निजी वाहनों से गेठिया या नैनीताल मार्ग से कैंची धाम पहुंचना चाहते हैं, उनके वाहनों को भवाली सैनेटोरियम पार्किंग में पार्क कराया जाएगा। यहां से भी श्रद्धालुओं को शटल सेवा के जरिए मंदिर तक पहुंचाया जाएगा।

बाहरी जनपदों और राज्यों से आने वाले पर्यटक यदि अपने निजी वाहनों से भीमताल मार्ग से कैंची धाम मंदिर जाना चाहते हैं तो उनके वाहनों को भीमताल विकास भवन पार्किंग में खड़ा कराया जाएगा। यहां से श्रद्धालुओं को स्थानीय शटल सेवा के जरिए भवाली और कैंची धाम मंदिर दर्शन के लिए भेजा जाएगा। पुलिस ने सभी अपील की है कि वीकेंड के दौरान लागू ट्रैफिक डायवर्जन प्लान का पालन करें और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

# शातिर चोर धरा, लाखों का माल बरामद

संवाददाता, हल्द्वानी



चोरी का खुलासा करते एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी, पीछे पुलिस कर्मियों के साथ आरोपी।

**अमृत विचार :** होली मनाने अपने पैतृक गांव गए एक परिवार के घर का ताला तोड़ने वाला शातिर सलाखों के पीछे पहुंच चुका है। सात माह पहले जेल से छूटे आठवीं पास चोर ने वारदात को अंजाम देते हुए लाखों के जेवरात और नगदी चोरी कर ली थी। पुलिस ने आरोपी के पास से करीब 13 लाख रुपए का माल बरामद किया है। शातिर काठगोदाम थाने से पहले भी चोरी के ही मामले में जेल गया था।

शनिवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी ने बताया कि आदर्श कॉलोनी, गौड़धड़ा बिठौरिया नंबर-1 निवासी हेम चंद लोहनी 2 मार्च 2026 को परिवार के साथ अपने पैतृक गांव थापला, ताकुला जिला अल्मोड़ा गए हुए थे। 5 मार्च को जब वह वापस लौटे तो घर का ताला टूटा और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित के अनुसार चोर घर में रखे सोने के जेवरात, जिनमें मटरमाला (करीब 2 तोला), पाइपमाला (लगभग डेढ़ तोला), नथ (करीब चौथाई तोला), मांगटीका (करीब 6 आना), पौंची (लगभग 2 तोला), झुमके की एक जोड़ी (करीब चौथाई तोला) और हार (करीब 2 तोला) के साथ ही करीब 7 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। एसएसपी ने बताया कि घटना के खुलासे को मुखानी पुलिस ने करीब 150 सीसीटीवी कैमरे खंगाले। 13 मार्च को पुलिस टीम को हल्दीखाल जाने वाले रास्ते से एक संदिग्ध हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम गौरव कुमार (25 वर्ष) पुत्र संतोष कुमार निवासी चौपला चौराहा दमुवाढूंगा काठगोदाम बताया।

# छात्रों के दो गुटों में हुई भिड़ंत, चाकू से हमला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** काठगोदाम थाना क्षेत्र के नरीमन तिराहे के पास शनिवार को स्कूल की छुट्टी के बाद दो छात्र गुटों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि एक छात्र ने दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे अफरा-तफरी मच गई। हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

जानकारी के अनुसार इन दिनों 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। शनिवार को परीक्षा समाप्त होने के बाद नरीमन तिराहे के पास स्थित एक सरकारी स्कूल के बाहर कुछ छात्रों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के छात्र आमने-सामने आ गए और सड़क पर ही झगड़ा शुरू हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद के दौरान एक छात्र ने गुस्से में आकर चाकू निकाल लिया और दूसरे छात्र पर हमला करने का प्रयास किया, लेकिन वार खाली चला गया। इसके बाद दोनों के बीच हाथापाई भी हुई। सड़क पर हो रहे इस हंगामे को देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों को किसी तरह अलग कर मामला शांत कराया। बताया जा रहा है कि किसी छात्रा को लेकर दोनों छात्रों के बीच पहले से तनाव चल रहा था, जो शनिवार को विवाद का कारण बन गया। मल्ला काठगोदाम चौकी प्रभारी दिलीप कुमार ने बताया कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# रामनगर में दर्जनों अतिक्रमण हटाए



रामनगर में अतिक्रमण हटाती पालिका व प्रशासन की टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए शनिवार को बड़ा अभियान चलाया। स्थानीय प्रशासन, पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने नेशनल हाईवे स्थित रानीखेत रोड पर 50 से अधिक अतिक्रमण हटाए और कई दुकानदारों का सामान जब्त किया। कार्रवाई देर शाम तक जारी रही।

एसडीएम गोपाल सिंह चौहान के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के दौरान सड़क किनारे और फुटपाथ पर अवैध रूप से रखे गए सामान को हटाया गया। प्रशासन की कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया और कई लोग अपना सामान समेटते नजर आए। एसडीएम ने बताया कि रानीखेत रोड पर लगातार अतिक्रमण की शिकायतें मिल रही थीं, जिससे अक्सर जाम की स्थिति बनती थी और स्कूली बच्चों व राहगीरों को परेशानी होती थी।

इस दौरान ईओ आलोक उनियाल, लल्ला मियां सहित नगर पालिका और पुलिस प्रशासन की टीम मौजूद रही।

## तमाशा | एक और एफआईआर होते के बाद जान देने जंगल पहुंची थी ज्योति अधिकारी

# पुलिस को देख पेड़ से कूदी ब्लॉगर, ठुड्डी टूटी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** एक के बाद एक कई एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस और अपने प्रतिद्वंदी ब्लॉगर पर गंभीर आरोप लगाते हुए ब्लॉगर ज्योति अधिकारी शनिवार शाम जान देने के लिए शीतला माता मंदिर के जंगल में पहुंच गई। उसने 25 मिनट 21 सेकेंड का लाइव वीडियो बनाया।

पुलिस को भनक लगी तो वो भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देख वह एक पेड़ पर चढ़ गई और दुपट्टे से फांसी लगाने की कोशिश की तो वह पेड़ से गिर गई और उसके ठुड्डी में चोट आ गई। एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत ठीक बताई जा रही है।

### ज्योति पर 9वां मुकदमा, पति भी शिकंजे में फंसा



ज्योति अधिकारी।

**हल्द्वानी :** सरकार के खिलाफ सड़क पर दराती लहराने वाली ब्लॉगर ज्योति अधिकारी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं और अब तो उसका पति भी कानूनी शिकंजे में फंस चुका है। ज्योति पर एक और यानी 9वां मुकदमा दर्ज हो चुका है और इस मुकदमे में उसका पति भी नामजद है। पूरा मामला एक कथित शराब बिक्री से जुड़ा है, जिसका वीडियो हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। कथित वीडियो में ब्लॉगर का पति शराब की अवैध बिक्री करता नजर आ रहा है। हल्द्वानी कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में संपदा विहार, लालमणि निवाड़ फेज 1 हल्द्वानी निवासी नीरज भट्ट ने लिखा, संपदा विहार, लालमणि निवाड़ में वह किराने की दुकान चलाता है। कुछ समय से ज्योति अधिकारी के पति दुकान के सामने अवैध रूप से शराब बेचते थे। जब मैंने उन्हें ऐसा करने से मना किया तो उन्होंने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। दावा है कि यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि तहरीर के आधार पर ज्योति और उसके पति के खिलाफ बीएनएस की इन धारा 115(2), 351(2), 351(3), 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### गालियों पर हंसने वाली महिला सिपाहियों को नोटिस

**हल्द्वानी :** ब्लॉगर ज्योति अधिकारी और सुनीता भट्ट के बीच चौपाटी में हुए विवाद के बाद काठगोदाम थाने में दोनों को 23 घंटे से अधिक वक्त तक पुलिस ने हवालात में रखा। हवालात से बाहर आते ही ज्योति के साथ फिर से कुछ महिला पुलिस कर्मी ठहाके लगाते दिखीं। एसएसपी ने बताया कि यह बेहद असंवेदनशील पुलिसिंग हैं। ठहाके लगाने वाली सभी महिला पुलिस कर्मियों को चिह्नित कर कारण बताओ नोटिस दिया जा रहा है। जिसके बाद सभी पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# खाना खाया और खाली कर दिया खाता

संवाददाता, हल्द्वानी

- **हल्द्वानी बस अड्डे पर मिले दो शातिर युवकों की करतूत**
- **खाना खाने के बाद खिलाने वाले का फोन लेकर भागे शातिर**

**अमृत विचार :** ड्यूटी से लौट रहे एक युवक के पीछे दो शातिर युवक पड़ गए। दोनों शातिरों ने कई दिनों से खुद को भूखा बता कर खाना खिला देने की गुहार कर हाथ-पैर जोड़ने लगे। तरस खाकर युवक ने खाना खिलाया और ढाबे में ऑन लाइन पेमेंट किया।

इसके ठीक बाद शातिर युवक खाने खिलाने वाले का फोन लेकर फरार हो गया और कुछ ही देर में खाता खाली कर दिया। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले शातिरों को गिरफ्तार कर लिया है।

मूलरूप से टीमर बड़ौन खनस्यू निवासी हरेंद्र सिंह पुत्र मकौल सिंह हल्द्वानी में एक इंश्योरेंस कंपनी में काम करते हैं और कुसुमखेड़ा में रहते हैं। हरेंद्र के मुताबिक, बीती 9 मार्च की दोपहर तकरीब साढ़े तीन बजे वह ड्यूटी से हल्द्वानी बस अड्डा पहुंचे थे। मटर गली के पास उन्हें 19 और 22 वर्षीय दो युवकों ने घेर लिया। दोनों लाचार और बेहद गरीब नजर आ रहे थे। दोनों हरेंद्र के पीछे पड़ गए। बोले कि उन्होंने कई दिनों से खाना नहीं खाया है। खाने के लिए दोनों युवक हरेंद्र के हाथ-पैर जोड़ने लगे।

तरस खाकर हरेंद्र ने दोनों युवकों को पास के ढाबे में भर पेट खाना खिलाया। खाना खाते ही एक युवक चलता बना। इस बीच हरेंद्र मोबाइल निकाल कर ढाबे पर मोबाइल के जरिये बिल का भुगतान किया। वहीं खड़ा दूसरे युवक ने ट्रांजेक्शन के दौरान पासवर्ड देख लिया। हरेंद्र अनभिज्ञ थे और कुछ समझ पाते इससे पहले ही युवक ने झपट्टा मारा और मोबाइल छीन कर फरार हो गया। हरेंद्र ने पीछा भी किया, लेकिन वह हाथ नहीं आया। जिसके बाद हरेंद्र सीधा हल्द्वानी कोतवाली पहुंचे। तभी उन्हें पता लगा कि उनके खाते से 42 हजार रुपए निकाल लिए गए हैं। जानकारी मिलते ही पुलिस घटना स्थल पहुंची। सीसीटीवी चेक किए और शातिरों की तलाश शुरू कर दी। हरेंद्र के मुताबिक, पुलिस ने दोनों शातिरों को पकड़ लिया और लगभग आधी रकम भी बरामद कर ली है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

# डॉक्टर न होने से बैरंग लौटीं महिला मरीज

**लालकुआं:** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) लालकुआं से प्रभारी चिकित्साधिकारी समेत दो डॉक्टरों को अन्य स्थानों पर संबद्ध किए जाने के बाद शनिवार को महिला मरीजों को उपचार के बिना ही लौटना पड़ा। अस्पताल में महिला चिकित्सक के न होने से ओपीडी प्रभावित रही।

खंड चिकित्साधिकारी हल्द्वानी डॉ. हरीश पांडे के अनुसार पीएचसी लालकुआं की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. प्रेमलता को मुख्य चिकित्साधिकारी नैनीताल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोटाहल्दू से अटैच किया गया है, जबकि यहां तैनात डॉ. अजय दीक्षित को सीएचसी हल्दूचौड़ से संबद्ध किया गया है। वहीं सीएचसी मोटाहल्दू से डॉ. सिद्धार्थ को लालकुआं भेजा गया है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

### जिलाधिकारी के आदेश के बाद गोदाम और एजेंसियों से बंद कर दी गई है रसोई गैस सिलेंडरों की आपूर्ति, घर-घर होनी है आपूर्ति

# बुकिंग के बाद भी नहीं मिले सिलेंडर, गोदाम व एजेंसियों पर लगी भीड़

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति बंद होने के बाद घरेलू एलपीजी सिलेंडर को लेकर शहर में लोगों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। गैस गोदामों और एजेंसियों से सीधे सिलेंडर वितरण बंद किए जाने के बावजूद शनिवार को बड़ी संख्या में उपभोक्ता शीशमहल स्थित इंडेन गैस गोदाम पहुंच गए और सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग करने लगे।

सुबह से ही गोदाम में लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। गोदाम प्रबंधन ने उपभोक्ताओं को बताया कि गैस की आपूर्ति घर-घर की जा रही है, लेकिन कई इलाकों में सिलेंडर नहीं पहुंचने से लोग मानने को तैयार नहीं थे। अंततः लोगों को निराश होकर लौटना पड़ा। इधर, घर-घर सिलेंडर उपलब्ध कराने के दावे शनिवार को फेल होते नजर आए। गैस बुकिंग के बाद भी कई गली-मोहल्लों में उपभोक्ताओं को वाहनों से सिलेंडर नहीं मिल सका। कठघरिया के रामड़ी आन सिंह जसुवा, बिठौरिया, लामाचौड़, बनभूपुरा लाइन नं. 17 सहित कई अन्य क्षेत्र में उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं मिल पाया। शीशमहल स्थित इंडेन के गोदाम पहुंचे कई लोगों का कहना था कि बीते दो-तीन दिनों से गोदाम के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन बुकिंग के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहा है। कई लोग गैस की बुकिंग नहीं होने से परेशान रहे। दिनभर गोदाम में बड़ी संख्या में लोग सिलेंडर लेकर पहुंचे, जिन्हें प्रबंधन ने बुकिंग होने पर घर-घर आपूर्ति होने की जानकारी दी। यही हाल एजेंसियों का भी रहा। नवाबी रोड स्थित दीक्षित एजेंसी के बाहर भी बड़ी संख्या में लोग सिलेंडर लेकर पहुंचे। यहां सुरक्षाकर्मी और एजेंसी प्रबंधन ने लोगों को समझाकर वापस भेजा। कई लोगों ने एजेंसी से गैस की बुकिंग कराई, लेकिन काफी देर तक वह सिलेंडर की मांग पर अड़े रहे।


गैस एजेंसी के बाहर सिलेंडर लेने पहुंचे लोगों को समझाते एसडीएम प्रमोद कुमार।

### गोदाम में पुलिस ने संभाला मोर्चा, एसडीएम भी रहे मौजूद

**हल्द्वानी :** घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर डीएम की ओर से गैस गोदाम से घरेलू गैस की डिलीवरी बंद करने के बावजूद शनिवार को शीशमहल स्थित इंडेन गैस गोदाम में सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग पहुंचने शुरू हो गए और कुछ ही घंटे में हालात बेकाबू हो गए। सूचना मिलने पर काठगोदाम थाना प्रभारी विमल मिश्रा पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। जिसके बाद स्थिति को नियंत्रण में लिया गया। बड़े ट्रकों से सिलेंडरों को छोटे वाहनों में भरकर होम डिलीवरी के लिए अलग-अलग स्थान पर भेजा गया। वहीं, एसडीएम प्रमोद कुमार, तहसीलदार कुलदीप पांडे पूर्ति विभाग के साथ गैस गोदाम पहुंचे और लोगों को वापस घरों को भेजा। एसडीएम प्रमोद कुमार ने कहा कि गैस सिलेंडर की कालाबाजारी को रोकने को लेकर भी पूर्ति विभाग के साथ मिलकर अभियान भी चलाया जाएगा। उन्होंने लोगों से अनावश्यक रूप से पैनिक नहीं होने की अपील की। बताया कि जिले में घरेलू गैस की कोई किल्लत नहीं है और स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है।

## मॉलरोड में सिलेंडर चोरी, जांच हुई शुरू

**नैनीताल:** शहर के मॉलरोड क्षेत्र में गैस सिलिंडर वितरण के दौरान एक सिलिंडर चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद गैस एजेंसी की ओर से पुलिस को शिकायत दी गई है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इंडेन गैस एजेंसी के वितरक तरुण कुमार ने बताया कि मॉलरोड क्षेत्र में सिलेंडर बांटे जा रहे थे। इसी दौरान एक सिलिंडर चोरी हो गया। घटना के बाद एजेंसी की ओर से इसकी शिकायत पुलिस को दी जा रही है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एसओ मनोज नयाल ने बताया कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि सिलिंडर चोरी करने वाले व्यक्ति की पहचान की जा सके।

# गैस की किल्लत और कीमत में हुई वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

### कार्यकर्ताओं ने नाले में पाइप डालकर चाय बनाने का स्वांग रचकर सरकार पर कसा तंज

**संवाददाता, रामनगर**

**अमृत विचार:** घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की किल्लत तथा गैस की कीमतों में बढ़ोतरी के विरोध में शनिवार को रामनगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक रणजीत रावत के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध जताया।

कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय में एकत्र हुए और वहां से रानीखेत रोड तक जुलूस निकालते हुए "गैस की बढ़ी कीमतें वापस लो", "नहीं चाहिए हमें अच्छे दिन, हमें लौटा दो हमारे पुराने दिन" जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने उस कथन पर तंज कसते हुए नाले में पाइप डालकर चाय बनाने का प्रतीकात्मक स्वांग भी रचा। इस दौरान पूर्व विधायक रणजीत रावत ने विरोध स्वरूप गैस पाइप को नाले में डालकर चाय बनाने की कोशिश की। रणजीत रावत ने कहा कि देश की मौजूदा स्थिति चिंताजनक है और केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आम जनता को महंगाई का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये की बढ़ोतरी कर महिलाओं की रसोई का बजट बिगाड़ दिया गया है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सरकार की नीतियों के कारण देश को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर देशबंधु रावत, ब्लॉक अध्यक्ष मालधन ओम प्रकाश, जिला उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल खुलासा, भुवन पाण्डेय, नगर अध्यक्ष महिला कांग्रेस ललिता उपाध्याय ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस रामनगर ऊषा जोशी, ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस मालधन पुष्पा देवी, बीना रावत, अनीता बिष्ट, सतेश्वरी रावत, ममता आर्य, एड दीप्ति भारद्वाज,किशन सेठ, गिरधारी लाल, लीलाधर जोशी, रमेश पंडित, हरदीप सिंह दिप्पा, डूंगर कनवाल, पंकज जोशी, जावेद खान, मोहसिन खान, एनडी पंत, गुलाम सादिक, राजीव अग्रवाल, धीरज मौलिखी, ओम प्रकाश आर्यवंशी, अजय छिमवाल, उमाकांत ध्यानी, अंकुश अग्रवाल, चंदू उप्रेती, प्रकाश चंद्र, मुन्ना सिंह, ओम प्रकाश पड़लिया आदि रहे।


रामनगर में नाले में पाइप डाल चाय बनाने का स्वांग रचते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

## व्यापार मंडल ने सीएम व डीएम को लिखा पत्र

**भीमताल :** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नैनीताल के सह प्रभारी कुमाऊं मंडल ने मुख्यमंत्री उत्तराखंड और जिलाधिकारी नैनीताल को पत्र भेजकर क्षेत्र में कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की कमी से उत्पन्न स्थिति से अवगत कराया है।

पत्र में बताया गया है कि वर्तमान समय में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध न होने के कारण होटल और रेस्टोरेंट व्यवसायियों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गैस आपूर्ति प्रभावित होने से कई प्रतिष्ठानों के संचालन पर संकट खड़ा हो गया है। व्यापार मंडल के अनुसार स्थिति इतनी चिंताजनक हो गई है कि कई रेस्टोरेंट बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। अधिकांश होटल और रेस्टोरेंट किराए पर संचालित होते हैं, ऐसे में यदि कारोबार ठप हो गया तो व्यवसायियों के सामने किराया और कर्मचारियों का वेतन देना भी मुश्किल हो जाएगा।

व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी से इस समस्या के शीघ्र समाधान की मांग करते हुए कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया है, ताकि होटल और रेस्टोरेंट व्यवसायियों को राहत मिल सके और उनका कारोबार सुचारु रूप से चल सके।

# खाद्य अधिकारी ने गैस वितरण व्यवस्था जांची

**संवाददाता, भीमताल**

**अमृत विचार:** क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर गैस वितरण व्यवस्था का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस उपलब्ध कराने के लिए विभाग द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है।

उन्होंने कहा कि नैनीताल में पर्वत गैस एजेंसी के नारायणनगर गोदाम से तल्लीताल, मल्लीताल, राजभवन क्षेत्र, धर्मशाला, नारायणनगर और थापला सहित विभिन्न स्थानों पर कुल 359 घरेलू गैस सिलेंडर तथा नैनीताल के विद्यालयों को 37 व्यवसायिक सिलेंडर वितरित किए गए। इसी प्रकार भवाली गैस सर्विस के गोदाम से भवाली बाजार, काकड़ीघाट और नवोदय विद्यालय के लिए 248 घरेलू सिलेंडर तथा अस्पताल और उजाला अकादमी के लिए सात व्यवसायिक सिलेंडर वितरित किए गए। भीमताल गैस सर्विस के गोदाम से बिरला इंस्टीट्यूट, ग्राफिक एरा सहित कई शिक्षण संस्थानों को 58 व्यवसायिक सिलेंडर तथा भीमताल, तल्लीताल, नौकुचियाताल सहित आसपास के क्षेत्रों में 265 घरेलू सिलेंडर वितरित किए गए। बिष्ट ने बताया कि घरेलू सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति, संस्था या व्यापारी गैस की कालाबाजारी करते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

### पूर्ति निरीक्षक ने चलाया चेकिंग अभियान

**धानाचूली :** क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी की शिकायतों के बीच पूर्ति विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए चेकिंग अभियान चलाया। पूर्ति निरीक्षक सुनीति रावत के नेतृत्व में धारी, धानाचूली और पहाड़पानी सहित कई स्थानों पर औचक निरीक्षण किया गया।अभियान के दौरान गैस एजेंसियों और विभिन्न प्रतिष्ठानों में गैस सिलेंडरों के उपयोग की जांच की गई। इस दौरान पूर्ति निरीक्षक ने गैस एजेंसी में पहुंचकर सिलेंडरों के स्टॉक का भी मिलान किया और वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। पूर्ति निरीक्षक सुनीति रावत ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

# हर्षोल्लास से मनाया फूलदेई पर्व

**संवाददाता, भीमताल**

**अमृत विचार:** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडौन में स्कूली बच्चों ने फुलदेई का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए और 'फुलदेई छम्मा देई, दैणी द्वार भर भकार' सहित कई लोकगीत गाकर सुख-समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने विद्यालय की दहलीज पर फूल अर्पित कर मंगलकामनाएं कीं। प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने फुलदेई पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह त्योहार हमें प्रकृति के करीब लाता है। यह हमारे पूर्वजों की अनुपम देन है और प्रकृति से जुड़ी खुशियों का प्रतीक भी है। इस मौके पर विद्यालय में 'टोकरी सजाओ' प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के फूलों से अपनी-अपनी टोकरियां सजाईं। परिणामों में कक्षा 8 की डम्पी, चंपा और कविता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6 के सचिन, प्रकाश और भगवान द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि कक्षा 7 की हिमानी, पूनम और खीमा ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने विजेता छात्र-छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर कार्यालय सहायक रघुवर सिंह चुलगाई, प्रयोगशाला सहायक पुष्कर सिंह मेहता सहित विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडौन में फुलदेई पर्व मनाते बच्चे।

## कोरम के अभाव में पर्वतीय सभा की बैठक स्थगित

**रामनगर:** शनिवार को पर्वतीय सभा लखनपुर की वार्षिक आम सभा कोरम के अभाव में अध्यक्ष ललित जोशी को स्थगित करनी पड़ी। पर्वतीय सभा के महामंत्री जितेन्द्र बिष्ट ने जानकारी दी कि सभा मे उपस्थित सदस्यो द्वारा निर्णय लिया गया कि पर्वतीय सभा की अगली आम सभा की बैठक शनिवार 21 मार्च को प्रातः 11 बजे से प्रारम्भ होगी।

उपाध्यक्ष हेम चन्द्र पाण्डे ने बताया कि बैठक में वर्ष 2025-2026 के आय-व्यय एवं उक्त अवधि में किए गए कार्यों का ब्यौरा तथा आगामी योजनाओं पर चर्चा की जाएगी तथा उक्त बैठक में कोरम पूर्ण होने की कोई बाध्यता नहीं होगी।

# वैज्ञानिक सोच विकसित करना जरूरी

**संवाददाता, रामनगर**

**अमृत विचार:** विकासखंड संसाधन केंद्र पीरूमदारा में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भीमताल के तत्वाधान में तीन दिवसीय विज्ञान संचेतना कार्यशाला का समापन प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भीमताल सुरेश चंद्र आर्य द्वारा किया गया।प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण है।

खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर हवलदार प्रसाद की अध्यक्षता एवं प्रधानाध्यापक सुभाष चंद्र जुयाल के संचालन में आयोजित इस विज्ञान संचेतना कार्यशाला में राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय के 67 बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं रुचि उत्पन्न करना है जिसमें भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान के विभिन्न संबोधो पर कार्य किया गया। कार्यशाला में डाइट भीमताल के वरिष्ठ प्रवक्ता ललित प्रसाद तिवारी, डॉ. पूरन सिंह भूमला, राजेश जोशी, विमल थपलियाल, जिला अध्यक्ष शिक्षक संघ नैनीताल मनोज तिवारी, संदर्भदाता डॉ विजेता बिष्ट, डॉ विजेता मनराल, रश्मि जोशी, कमलकांत पांडे, शिवओम अग्रवाल, रूपाली, राखी धनगर, कुमारी सारिका चौहान, गुमान सिंह राणा, जीत सिंह कठयत आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए।


विज्ञान संचेतना कार्यशाला में प्रतिभाग करते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

# थारी-कांदला फायरिंग में तीन को पकड़ा, दो फरार

**संवाददाता, रामनगर**

**अमृत विचार:** रामनगर के पीरूमदारा चौकी क्षेत्र के ग्राम थारी-कांदला में 1 मार्च को हुई सनसनीखेज फायरिंग की घटना में पुलिस ने अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य आरोपी अभी फरार चल रहे हैं।

बताया जा रहा है कि 1 मार्च की सुबह हुई गोलीबारी की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। सूचना मिलते ही रामनगर कोतवाली पुलिस महज पांच मिनट के भीतर मौके पर पहुंच गई और पूरे क्षेत्र का जायजा लेते हुए जांच शुरू कर दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पीड़ित पक्ष के अनुसार गांजा पकड़वाने की रंजिश को लेकर पड़ोसी और उसके साथियों ने घर में घुसकर गुरमीत सिंह पर लाठी-डंडों से हमला किया और तमंचों से फायरिंग भी की।

घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया था। इनमें से आरोपी रोहित गुर्जर ने उत्तर प्रदेश की एक अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया है। वहीं आरोपी हितेश शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा एक महिला आरोपी को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। क्षेत्राधिकारी (सीओ) सुमित पांडे ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों ने विभिन्न स्थानों पर दबिश दी।

**चिंतन-मनन**

### दो दिवसीय कोलोक्वियम में न्यायिक अधिकारी, पुलिस और सामाजिक संगठनों के 150 से अधिक प्रतिनिधि ले रहे भाग

# उजाला अकादमी में मानव तस्करी पर न्यायिक मंथन

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराध से निपटने और इससे जुड़े मामलों में प्रभावी न्यायिक कार्रवाई को मजबूत बनाने के उद्देश्य से उत्तराखंड ज्यूडिशियल एंड लीगल एकेडमी (उजाला), भवाली में शनिवार से दो दिवसीय ज्यूडिशियल कोलोक्वियम ऑन ह्यूमन ट्रैफिकिंग का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम में उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, अपर पुलिस महानिदेशक, राज्य के विभिन्न जिलों के न्यायिक अधिकारी, प्रशासन व पुलिस विभाग के अधिकारी, अभियोजन अधिकारी तथा गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि सहित 150 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि इस कोलोक्वियम का उद्देश्य मानव तस्करी से जुड़े मामलों में बेहतर समन्वय, संवेदनशीलता और प्रभावी कानूनी कार्रवाई को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय कार्यशाला में विशेषज्ञ मानव तस्करी की रोकथाम, पीड़ितों के पुनर्वास, जांच प्रक्रिया और न्यायिक कार्रवाई से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से न्यायिक प्रणाली, पुलिस और सामाजिक संगठनों के बीच समन्वय को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जाएगा, ताकि मानव तस्करी जैसे जघन्य अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सके। इस अवसर पर उत्तराखंड उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी, उजाला के प्रभारी न्यायाधीश न्यायमूर्ति रवींद्र मैथानी, न्यायमूर्ति आलोक मेहरा, न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अकादमी के निदेशक प्रदीप पंत, उत्तराखंड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, राज्य के विभिन्न जिलों के जिला जज, उजाला के अपर निदेशक शादाब बानो, अपर निदेशक तरुण, संयुक्त निदेशक मो. यूसुफ, सहायक निदेशक कार्तिकेय जोशी आदि रहे।


उजाला एकेडमी मे आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### बेस में भिक्षावृत्ति से जुड़े लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण

**हल्द्वानी :** समाज कल्याण विभाग की स्माइल प्रोजेक्ट योजना के तहत शनिवार को बेस अस्पताल में भिक्षावृत्ति से जुड़े लोगों के लिए चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। साथ ही पुनर्वास, स्वरोजगार और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग, नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व चिकित्सक मौजूद रहे।

### नवयुवक मंगल दल की कार्यकारिणी गठित

**हल्द्वानी :** ग्राम पदमपुर देवलिया में नव युवक मंगल दल की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। ग्राम पंचायत पदमपुर देवलिया में प्रधान रमेश चंद्र जोशी की अध्यक्षता में पुरानी नवयुवक मंगलदल की कार्यकारिणी को खंडित कर नई कार्यकारिणी चुनी गई। इसमें सौरव कबडवाल अध्यक्ष, हिमांशु कांडपाल उपाध्यक्ष, चंद्रशेखर कांडपाल सचिव और विमल कबडवाल कोषाध्यक्ष बनाए गए। कार्यकारिणी में गौरव, कमल, भास्कर, गोपाल, चंद्रशेखर, हिमांशु पांडे, नीरज, कमल कंडवाल, तविंदर ऐठानी, गिरीश खोलिया, आमिर खान, वैभव दुर्गापाल, हर्षवर्धन, राजवर्धन सदस्य बनाए गए। वार्ड सदस्य प्रकाश पांडे, भास्कर पांडे, भगवती कांडपाल ने नई कार्यकारिणी को बधाई दी।

### पीलीभीत टाइगर रिजर्व का भ्रमण कराया

**हल्द्वानी :** जंगलों में ईको-पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नंधौर वन्यजीव अभयारण्य से सटे गांवों के ग्रामीणों को पीलीभीत टाइगर रिजर्व का एक दिवसीय अध्ययन भ्रमण कराया गया। हल्द्वानी वन प्रभाग के डीएफओ कुंदन कुमार ने बताया कि ईको डेवलपमेंट कमेटियों के गठन, संचालन और स्थानीय समुदाय की आजीविका सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यह एक्सपोजर विजिट आयोजित की गई। इसके तहत चंपावत जिले के ऊंचौलीगोठ, गैंडाखाली, नायकगोठ, बस्तियां, आमबाग और थुवालखेड़ा गांवों की ईडीसी के 25 सदस्यों ने भ्रमण में भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व में संचालित ईको-टूरिज्म गतिविधियों, ईडीसी संचालन और स्थानीय समुदाय की भागीदारी को देखा। उन्हें बताया गया कि सोविनियर शॉप, कैंटीन, ईको हट्स, बोटिंग व अन्य गतिविधियों से स्थानीय लोगों को रोजगार और आय के अवसर मिल रहे हैं।

### पहाड़ की अनोखी परंपरा भिटौली, मायके से बेटी तक पहुंचता है प्यार, प्रेम और भावनात्मक रिश्ते को मजबूती देता है यह रिवाज

# बेटियों को मायके की याद दिला रही घुघुती की मधुर आवाज

पवन कुंवर, हल्द्वानी



प्रतीकात्मक एआई फोटो।

**अमृत विचार:** पहाड़ों पर जहां चैत्र के महीनों प्रकृति घुघुती पक्षी की चहक और नए फूलों से हरीभरी हो रही है वहीं, तमाम परिवारों में रिश्तों की भावुकता भी हिलोरे मार रही है। रविवार से प्रेम और भावनात्मक रिश्ते की इसी ऐतिहासिक गढ़वाली, कुमाऊंनी परंपरा को हम देख सकेंगे। पहाड़ में इसे भिटौली की परंपरा के रूप में जाना जाता है।

दरअसल, पहाड़ी क्षेत्रों की संस्कृति में शादी के बाद भी बेटी का अपने मायके से जुड़ाव उतना ही गहरा बना रहता है जितना बचपन में था। ससुराल चाहे कितनी भी दूर क्यों न हो, बेटियां अपने माता-पिता और भाई के आने का इंतजार बड़े स्नेह के साथ करती हैं। आज भले ही परिवहन और संचार के साधन बढ़ गए हों, लेकिन एक समय पहाड़ों में रास्ते बेहद कठिन हुआ करते थे। उस दौर में शादीशुदा बेटियों का मायके आना-जाना आसान नहीं था। ऐसे में माता-पिता अपनी बेटी से मिलने के लिए उसके ससुराल खास पकवान और उपहार लेकर जाते थे।

भिटौली का अर्थ ही भेंट या मुलाकात से जुड़ा है, जो रिश्तों में दूरी को कम करने का माध्यम बनती है। भिटौली की परंपरा में मायके की ओर से बेटी के लिए स्नेह भरे उपहार भेजे जाते हैं। इनमें पारंपरिक पहाड़ी पकवान जैसे खजूर, अरसे, पूरी और अन्य स्थानीय व्यंजन शामिल होते हैं।

इसके साथ ही बेटी के लिए नए कपड़े और श्रृंगार का सामान भी दिया जाता है। जब पिता या भाई ये उपहार लेकर बेटी के घर पहुंचते हैं तो वह पल परिवार के लिए बेहद भावुक और खुशी से भरा होता है। पहाड़ों में यह भी मान्यता है कि चैत्र का महीना बेटियों के मन में मायके की यादें ताजा कर देता है।

#### याद आ जैछे मैके मैते की...

**हल्द्वानी :** इसी दौरान घुघुती पक्षी की आवाज सुनकर बेटियों के मन में मायके जाने की चाह और बढ़ जाती है। इस भावना को एक प्रसिद्ध पहाड़ी लोकगीत है, ना बासा घुघुती चैत की, याद आ जैछे मैके मैते की। सदियों पहले कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बीच रिश्तों को मजबूत बनाए रखने के लिए शुरू हुई यह परंपरा आज भी उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान बनी हुई है। समय के साथ जीवनशैली बदली है और लोग शहरों में बस गए हैं, लेकिन चैत्र के महीने में मायका पक्ष अपनी बेटी या बहन को भिटौली देना आज भी उतनी ही श्रद्धा और प्रेम से निभाता है।

#### आज भी कुमाऊं में भिटौली की परंपरा

**हल्द्वानी :** वर्तमान में परिवहन और संचार के साधन पहले से काफी बेहतर हो चुके हैं, फिर भी कुमाऊं क्षेत्र में भिटौली की परंपरा आज भी जीवित है। चैत्र महीने में मायके वाले अपनी बेटी या बहन के लिए विशेष पकवान जैसे अरसे, खजूर, पूरी और अन्य पारंपरिक व्यंजन बनाकर भेजते हैं। इसके साथ नए कपड़े और श्रृंगार का सामान भी दिया जाता है। कई परिवार आज भी पिता या भाई को खुद बेटी के घर भिटौली लेकर भेजते हैं, जिससे परिवार के रिश्तों में अपनापन और मजबूत होता है। भले ही लोग अब शहरों में बस गए हों, लेकिन यह परंपरा आज भी कुमाऊं की संस्कृति और पारिवारिक प्रेम का प्रतीक बनी हुई है।

### छात्रों को दी पुरातत्व के पहलुओं की जानकारी


**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज के इतिहास विभाग की ओर से आर्कियोलॉजी एक्सप्लोरेशन टूल्स एंड मेथड विषय पर व्याख्यान में इंडोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. नीता दुबे ने मुख्य वक्ता के रूप में पुरातत्व के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि पुरातत्व इतिहास हमें केवल अतीत से ही नहीं जोड़ता, बल्कि हमारी संस्कृति और विरासत को समझने और उसके संरक्षण के लिए भी प्रेरित करता है। इससे हमें अपने प्राचीन इतिहास की समृद्धि और गौरवशाली परंपराओं का ज्ञान होता है, जिन्हें संरक्षित करने और समझने की जरूरत है। उन्होंने आर्कियोलॉजी के अध्ययन के आठ चरणों की जानकारी भी दी। इस मौके पर डॉ. बीआर पंत, डॉ. सुरेश टम्टा, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. महिपाल कोटियाल, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. देवेश गर्ब्याल रहे।

# गौला नदी का जलस्तर 120 क्यूसेक तक गिरा, पेयजल संकट गहराया

### पर्वतीय क्षेत्रों में बीते महीनों में अपेक्षित बारिश न होने के कारण गिरने लगा है जल स्तर

संवाददाता, हल्द्वानी



हल्द्वानी में गौला बैराज का दृश्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बारिश न होने के कारण कुमाऊं क्षेत्र की जीवनदायिनी नदियों में पानी की किल्लत हो रही है। मार्च महीने में ही गौलानदी का जलस्तर मई-जून की गर्मी जैसा दर्ज किया जा रहा है। इससे शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट से लोगों को परेशान होना पड़ रहा हैं।

शनिवार को जलस्रोतों की स्थिति का आंकलन किया गया, जिसमें गौला नदी में जलस्तर 120 क्यूसेक, कोसी नदी में 124 क्यूसेक और नंधौर नदी में 54 क्यूसेक दर्ज किया गया। सामान्य परिस्थितियों में इतनी कम आपूर्ति मई-जून की गर्मी में ही होती है। गौला नदी में एक मार्च को 138 क्यूसेक पानी था, जो अब घटकर 120 क्यूसेक रह गया है। यानी केवल एक सप्ताह में ही जलस्तर में करीब 18 क्यूसेक की कमी आई है। लगातार बढ़ रही गर्मी और बारिश की कमी के कारण नदी का पानी हर दिन घट रहा है, जिससे शहर के फिल्टर प्लांट में पानी की आपूर्ति पर असर पड़ने लगा है। शहर के ऊंचाई वाले इलाकों में गौला नदी से पानी नहीं पहुंचने पर स्थानीय जल स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता है। लेकिन शीतलाहाट और आसपास के कई जल स्रोतों में पानी घटने से इन क्षेत्रों में टैंकर से मिलने वाले पानी पर निर्भरता बढ़ गई है। इधर जल संस्थान के सहायक अभियंता रविन्द्र कुमार का कहना है कि गर्मी के लगातार जल स्रोत प्रभावित हो रहे हैं। शहर और ग्रामीण प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है।

#### इन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा रहती है परेशानी

सबसे ज्यादा दिक्कत दमुवाढूंगा, चौफुला, नई बस्ती काठगोदाम, ठोकर बस्ती काठगोदाम, भरतपुर, भगवानपुर, बजूनियाहल्दू, नंदपुर, छडायल, इंद्रानगर, वनभूलपुरा, लालडांठ क्षेत्र, बमौरी, बिठौरिया क्षेत्र के लोगों की जल संस्थान में सबसे ज्यादा शिकायतें आती हैं। गर्मी में पेयजल के समाधान के लिए जल संस्थान कंट्रोल रूम बनाकर लोगों की समस्या सुनता है।

### वार्ड 43 में चलाया सोर्स सेग्रीगेशन अभियान

**हल्द्वानी:** नगर निगम की ओर से सोर्स सेग्रीगेशन को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को वार्ड 43 स्थित कार्तिकेय कॉलोनी में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान स्थानीय लोगों को गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग करके नगर निगम की गाड़ी को देने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम के सफाई निरीक्षक अमोल असवाल, चतर सिंह और सिटी मिशन मैनेजर आईपी पंत के साथ स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी मौजूद रहीं। उन्होंने घर-घर जाकर लोगों को कूड़ा अलग-अलग के महत्व के बारे में जानकारी दी और गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की अपील की। नगर निगम की ओर से यह अभियान पूरे शहरी क्षेत्र में चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत विभिन्न वार्डों में बैणी सेना और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के सहयोग से जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने बताया कि अभियान का असर अब दिखाई देने लगा है और कई लोग कूड़े को अलग-अलग करके नगर निगम की गाड़ी में देने लगे हैं।

# वीरेंद्र चड्ढा ने दिया मुख्य सेवादार के पद से इस्तीफा

- बोले- व्यक्तिगत कारणों से अब सेवा करने में हैं असमर्थ
- 10 अक्टूबर 2024 से संभाला था मुख्य सेवादार का दायित्व

संवाददाता, हल्द्वानी



विचार रखते वीरेन्द्र सिंह चड्ढा।

**अमृत विचार:** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के मुख्य सेवादार (अध्यक्ष) वीरेंद्र सिंह चड्ढा ने शनिवार को अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। गुरुद्वारा सिंह सभा में संगत के बीच कीर्तन, अरदास एवं हुकुम नामा के बाद उन्होंने त्यागपत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने यह सेवा 10 अक्टूबर 2024 से संभाली थी।


इस दौरान वीरेंद्र सिंह चड्ढा ने बताया कि वह कुछ व्यक्तिगत कारणों से अब इस सेवा को आगे जारी रखने में असमर्थ हैं इसलिए उन्होंने इस्तीफा प्रस्तुत किया है। उन्होंने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और संगत से अनुरोध किया है कि उनकी सेवा के दौरान अनजाने में हुई किसी भी त्रुटि को क्षमा किया जाए तथा उनके त्यागपत्र को स्वीकार करने की कृपा की जाए।

उन्होंने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और संगत का आभार भी जताया। उन्होंने अपने कार्यकाल में कई धार्मिक ऐतिहासिक कार्यक्रम संचालित कर अपनी छवि का आदर्श रूप प्रस्तुत किया। गुरुपर्व से लेकर नगर कीर्तन को भव्य रूप देने और शहर को अलग पहचान देने में उनका योगदान सराहनीय रहा। उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

प्रबंधक कमेटी के महासचिव कमलजीत कंवलजीत सिंह उप्पल द्वारा बताया गया कि अग्रिम चुनाव तक पंजीकृत विधान के अनुसार अध्यक्ष पद के दायित्व का संचालन उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह आनंद निभाएंगे। इस दौरान महासचिव कंवलजीत सिंह उप्पल, प्रवक्ता हरजीत सिंह चड्ढा, रमन साहनी, अमन आनंद, मालिन कोहली, परमजीत सिंह, सनी साहनी समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# स्थायी राजधानी न बनने को राष्ट्रीय दल जिम्मेदार

संवाददाता, रामनगर



काशी सिंह ऐरी।

**अमृत विचार:** उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद) के संरक्षक काशी सिंह ऐरी ने कहा कि राज्य गठन के 26 वर्ष बाद भी उत्तराखंड की स्थायी राजधानी तय न होना राष्ट्रीय दलों की विफलता है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर दमन, उत्पीड़न और जंगलराज चलाने का आरोप लगाया।

पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में ऐरी ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। सैकड़ों स्कूल बंद किए जा चुके हैं और पहाड़ी क्षेत्रों में अस्पतालों में डॉक्टरों व सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार जड़ें जमा चुका है और बिना लेन-देन के कोई काम नहीं हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है और स्थानीय युवाओं को रोजगार व ठेके नहीं मिल रहे हैं। साथ ही गैस सिलेंडर संकट पर भी उन्होंने सरकार को घेरते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है और ऑनलाइन बुकिंग भी प्रभावित है।

ऐरी ने कहा कि उक्रांद राज्य की राजधानी सहित मूलभूत मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रहा है और 2027 के विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगा। इस दौरान केंद्रीय उपाध्यक्ष इंद्र सिंह मनराल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### यूकेडी ने सरकार का पुतला फूंका

**हल्द्वानी :** यूकेडी के जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान और युवा जिलाध्यक्ष हरीश मेवाड़ी की अध्यक्षता में उत्तराखंड क्रांति दल की एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बुद्ध पार्क में यूकेडी के शीर्ष नेताओं कि गिरफ्तारी के विरोध में प्रदेश की भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया।

सभी ने शीर्ष नेताओं को रिहा करने की मांग की और गैरसैंण को उत्तराखंड की स्थाई राजधानी बनाने का संकल्प लिया। पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भी भेजा। इस मौके पर केंद्रीय उपाध्यक्ष भुवन चंद जोशी, पार्षद रवि वाल्मीकि, जिला महामंत्री उत्तम सिंह बिष्ट, श्याम सिंह नेगी, एडवोकेट मोहन, कोमल, मोहन सिंह नेगी, हरीश मेवाड़ी, गोविंद सिंह, हीरा सिंह बिष्ट आदि रहे।

# विधायक भगत ने दिलाई भाजपा की सदस्यता

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



बसानी में विधायक भगत के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाजपा ने बसानी ग्रामसभा में सदस्यता अभियान के अंतर्गत पूर्व रेंजर समेत 30 ग्रामीणों को सदस्यता दिलाई।

शनिवार को ग्राम प्रधान दीपा आर्य के आवास पर हुए कार्यक्रम में विधायक बंशीधर भगत ने सभी को भाजपा का पटका ओढ़ाकर सदस्यता दिलाई। उन्होंने कहा कि यह केवल सदस्यता ग्रहण नहीं बल्कि जनता का भाजपा की विचारधारा, राष्ट्रहित की नीति तथा विकास योजनाओं पर बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि उन्होंने जब पहली विधानसभा चुनाव लड़ा था, तब इस क्षेत्र से उन्हें लगभग न के बराबर समर्थन मिला था। फिर भी उन्होंने इस क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता में रखा। ग्रामसभा बसानी सहित आसपास के गांवों के लिए 8 किमी लंबी सड़क बनवाई। इन्हीं विकास योजनाओं और जन संवाद से इस क्षेत्र में भाजपा के प्रति जनता का समर्थन लगातार बढ़ रहा है।

विधायक ने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में इस क्षेत्र की जनता भाजपा को भारी बहुमत से विजयी बनाकर विकास की इस गति को और आगे बढ़ाएगी। इस अवसर पर पूर्व रेंजर ख्याली राम आर्य, प्रधान प्रतिनिधि हिमांशु आर्य, रोशन कुमार, जगत राम, महेंद्र आर्य, हेम चंद्र, नरेश आर्य, रजनी, हंसी देवी, रेखा आर्य, मंजू आर्य, संतोष कुमार, रेखा, गीता, स्वाति, गौरा, प्रेमचंद्र आदि ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रताप बोरा, सुरेंद्र तड़ागी, शेर सिंह गैड़ा, रमेश चंद्र, पुष्कर धानिक, अविनाश तड़ागी, मुकेश आर्य आदि रहे।

### बैठक में पेंशनर्स के मुद्दों पर चर्चा

**हल्द्वानी :** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर संगठन शाखा की बैठक नवाबी रोड स्थित एक धर्मशाला में लीलाधर पांडे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पेंशनर्स के हितों के संरक्षण के साथ ही स्वास्थ्य, सम्मान व सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि कुमाऊं क्षेत्र में सीजीएचएस पोर्टल को हल्द्वानी में स्वीकृति दिलाने के लिए संगठन लंबे समय से प्रयासरत था, जिसे अब प्रदेश सरकार ने मंजूरी दे दी है।

संरक्षक आरएस कैड़ा ने संगठन में महिला पेंशनर्स की संख्या बढ़ाने का आह्वान किया। वक्ताओं में एन जोशी, सुमन जोशी, सुरेश चौधरी, आरपी सिंह, पीएस जीना आदि ने समाज और आम जन से जुड़े मुद्दों पर सदन का ध्यान आकर्षित किया। बैठक में ललित मोहन पांडे, लक्ष्मण गोनिया, आरएस कैड़ा, बीडी पाठक, बालकृष्ण मिश्रा, सुरेश चौधरी रहे।

**नवरात्र** | गुरु संभालेंगे राजपाट, मंगल होंगे प्रधानमंत्री, 'रौद्र' नामक नव संवत्सर 2083 का आगाज होगा

# 19 से ग्रहों का नया मंत्रिमंडल, पालकी पर आएंगी मां दुर्गा

- वैश्विक स्तर पर काफी चुनौतीपूर्ण रह सकता है यह वर्ष
- प्राकृतिक आपदाओं के भी मिल रहे हैं संकेत

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार:** विश्वभर के राष्ट्रों में जहां एक ओर जल, थल और नभ पर अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए संघर्ष जारी है, वहीं आगामी 19 मार्च को ब्रह्मांड की नई सरकार का गठन होने जा रहा है। ज्योतिषी अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि इस बार 19 मार्च, गुरुवार से 'रौद्र' नामक नव संवत्सर 2083 का आगाज होगा।

धार्मिक दृष्टि से यह दिन अत्यंत विशेष है क्योंकि इसी दिन चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर माता दुर्गा का आगमन पालकी पर हो रहा है। ज्योतिषीय गणना के आधार पर इस नए सनातन वर्ष के राजा गुरु बृहस्पति होंगे, जबकि प्रधानमंत्री का पद मंगल देव को प्राप्त हुआ है। गुरु के इस नए मंत्रिमंडल में संतुलन बनाने का प्रयास किया गया है, जिसमें कुल 10 प्रमुख पदों में से 7 पद सौम्य ग्रहों को और 3 पद उग्र ग्रहों को आवंटित किए गए हैं। मंत्रालयों के वितरण के अनुसार, राजा एवं वित्त मंत्री (धनेश) की जिम्मेदारी गुरु बृहस्पति देव के पास रहेगी, जबकि मंगल देव प्रधानमंत्री की भूमिका निभाएंगे। रक्षा मंत्रालय (दुर्गेश) की कमान चंद्र देव को सौंपी गई है। कृषि विभाग (सस्येश/धान्येश) गुरु और बुध देव के पास रहेगा, वहीं वर्षा (मेघेश) व फलों के स्वामी चंद्र देव होंगे। रसेश (द्रव्य पदार्थ) का प्रभार शनि देव और निरसेश (धातु व वस्त्र) का दायित्व गुरु बृहस्पति के पास रहेगा।

ग्रहों के इस मंत्रिमंडल का विश्लेषण करते हुए ज्योतिषी वार्ष्णेय ने बताया कि संवत्सर का नाम 'रौद्र' होने के कारण यह वर्ष वैश्विक स्तर पर काफी चुनौतीपूर्ण रह सकता है। विभिन्न मंत्रालयों के इस वितरण के परिणामस्वरूप अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर तनाव, राजनीतिक उथल-पुथल, आर्थिक संकट और सांप्रदायिक वैमनस्यता जैसी स्थितियां प्रबल हो सकती हैं। साथ ही, प्राकृतिक आपदाओं और आकाशीय दुर्घटनाओं के संकेत भी मिल रहे हैं। भारत के संदर्भ में यह वर्ष मिश्रित परिणाम लेकर आएगा। राजा गुरु बृहस्पति की विशेष कृपा के कारण देश में आर्थिक विकास और प्रगति की निरंतरता बनी रहेगी। हालांकि, प्रकृति का मिजाज काफी कठोर रहने की संभावना है। देश के कुछ हिस्सों में भारी सूखे की मार पड़ सकती है, तो कहीं जलप्लावन (बाढ़) जैसी स्थिति उत्पन्न होगी। इसके अतिरिक्त, इस वर्ष आम जनमानस को भीषण गर्मी के प्रकोप का सामना भी करना पड़ सकता है।

### रंगीला श्याम महोत्सव का किया आयोजन

**हल्द्वानी :** श्याम महिला, मित्र मंडल व श्याम सखी की ओर से शुक्रवार रात्रि से शनिवार सुबह तक रामलीला मैदान ह में रंगीला श्याम महोत्सव व भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्याम भक्तों ने अमर कथाओं और भजनों का आनंद लिया।

कार्यक्रम में शीश के दानी की अमर कथा पर आधारित नाट्य नाटिका चुनरी उत्सव, अखंड ज्योति और श्याम रसोई 56 भोग सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। भजन सम्राट कोलकाता के केशव मधुकर ने मंत्रमुग्ध कर देने वाले भजनों की प्रस्तुति दी। विवेक शर्मा ने भी श्याम की महिमा में भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में प्रस्तुत भजनों में विशेष रूप से सांवली सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया...जैसे भजन गाए गए।



शुभम के स्वागत के दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल व ग्रामीण।

### लेफ्टिनेंट शुभम का पैतृक गांव भाबू में स्वागत

**हल्द्वानी/अल्मोड़ा, अमृत विचार :** हाल ही में लेफ्टिनेंट पद पर नियुक्त हुए जैंती के शुभम भट्ट शनिवार को अपने पैतृक गांव भाबू पहुंचे। इस दौरान सभी ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। गांव में हुए कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने शुभम का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि गांव के साथ ही क्षेत्र के युवाओं को शुभम से प्रेरणा लेनी चाहिए। शुभम ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, ताऊ-ताई और गुरूजनों को दिया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख त्रिलोक रावत, श्याम नारायण पांडे, दिनेश कुंजवाल, रमेश बहुगुणा, कुन्दन कुंजवाल, बची सिंह, भाबू के ग्राम प्रधान हिमांशु भट्ट, डिकर बिष्ट, घनपत सिंह आदि मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### खटीमा पहुंचे मुख्यमंत्री धामी, सुनी समस्याएं

**खटीमा :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को खटीमा भ्रमण के दौरान अपने निजी आवास नगला तराई व कैंप कार्यालय लोहियाहेड में जनप्रतिनिधियों व जनता से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश भट्ट, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी अजय गणपति, सीडीओ दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एसपी जितेन्द्र चौधरी, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, तहसीलदार वीरेन्द्र सजवान सहित अनेक अधिकारी व जनप्रतिनिधि, जनता उपस्थित थे।

### लापता युवक की खोज में जुटी पुलिस



**किच्छा :** 11 महीने पहले संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए युवक की पुलिस ने खोज शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 16, टीचर कॉलोनी, थाना किच्छा निवासी 32 वर्षीय धर्मपाल कश्यप, पुत्र स्व. कृष्णा कश्यप घर से अचानक लापता हो गए थे। परिजनों ने 8 अप्रैल 2025 को कोतवाली पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराते हुए सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई थी। उप निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि सीमावर्ती थानों में भी संपर्क कर लापता युवक के बारे में जानकारी का आदान-प्रदान किया है।

### अवैध शस्त्र के साथ एक गिरफ्तार

**दिनेशपुर :** अवैध शस्त्र की बरामदगी को चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी आकाश मिस्त्री निवासी मोतीपुर वार्ड-2 दिनेशपुर थाना दिनेशपुर जिला ऊधमसिंह नगर से 315 बोर के एक तमंचा, दो कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध धारा-3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम उपनिरीक्षक प्रदीप शर्मा, हेकानि. कृपाल सिंह, महेन्द्र सिंह आदि थे।

### 2.41 ग्राम स्मैक सहित एक दबोचा

**खटीमा :** बाजार चौकी प्रभारी जीवन सिंह चुफाल ने अपनी टीम के साथ एक युवक को 2.41 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने नाम मो. कामरान उर्फ मंत्री पुत्र मो. कय्यूम निवासी वार्ड तीन हाल निवासी वार्ड-नौ, हुसैनी मस्जिद के पास, इस्लामनगर बताया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया।

# डबल इंजन सरकार में किसान हित सर्वोपरि

## पंतनगर में अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी समारोह में बोले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

- कहा-प्रदेश में भौगोलिक परिस्थितियों के हिसाब से क्षेत्र विशेष के लिए योजनाएं

संवाददाता, पंतनगर/रुद्रपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, विधानसभा में पारित 1 लाख 11 हजार करोड़ के बजट में कृषि, उद्यान, एरोमेटिक, मत्स्य, मौन पालन, शोध आदि में धनरशि का प्राविधान किया गया है। डबल इंजन सरकार ने किसानों के हितों को सर्वोपरि रखा है और सरकार कृषकों का कंधे से कंधा मिलाकर साथ देगी। कृषकों जागरूक होकर नई कृषि तकनीकि अपनाकर लाभ उठाएं और हम सब मिलकर प्रदेश व देश को आगे बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

मुख्यमंत्री शनिवार को पंतनगर कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का शुभारंभ करने के बाद गांधी हॉल में संबोधन दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि, प्रदेश में भौगोलिक परिस्थितियां अलग-अलग है इसलिए, भौगौलिक स्थितियों को देखते हुए क्षेत्र विशेष के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं। राज्य में 1200 करोड़ की लागत से नई सेब नीति लागू की गई है। कृषक हित में कई नई नीतियां लागू की गई है तथा कई योजनाओं में 80 प्रतिशत तक राजसहायता दी जा रही है। प्रदेश में 7 एरोमा वैली विकसित की जा रही है। मांग बढ़ने पर ड्रैगन फ्रूट को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, विधायक तिलक राज बेहड, मेयर विकास शर्मा, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, फरजाना बेगम, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, पूर्व दर्जा मंत्री राजेश कुमार, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



पंतनगर विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में प्रगतिशील किसान को सम्मानित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

### फल उत्पादन में ढाई फीसदी तक वृद्धि

मुख्यमंत्री ने कहा कि, प्रदेश में फलों के उत्पादन में ढाई प्रतिशत तक वृद्धि हुई है तथा मशरूम का उत्पादन 27 हजार मीट्रिक टन हो गया है। मशरूम उत्पादन में हम देश में पांचवें स्थान पर आ गए हैं। प्रदेश में मौन पालन शहद उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। राज्य में 33 सौ मीट्रिक टन शहद उत्पादन हो रहा है और हम देश में 8वें स्थान पर आ गए हैं।

### मैं सैनिक पुत्र हूं, किसानी जानता हूं

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं सैनिक का पुत्र हूं। किसान भी हूं। पिछले साल मैंने हल चलाया, पटेला लगाया और रोपाई भी की थी। खेती-किसानी से संबंधित जितने कार्य होते हैं, ये करने और जानने की मुझे बहुत रूचि बचपन से रही है। छठी कक्षा में पढ़ने के दौरान सिखाया गया था कि कलम लगाने का कार्य कैसे करते थे। हालांकि यह बहुत पुरानी तकनीक हो गई और अब तो नई-नई तकनीक आ गई हैं।

### सारकोट गांव बनता जा रहा है मॉडल

**पंतनगर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि गैरसैंण के पास सारकोट गांव को डेढ़ साल पहले गोद लिया गया था। वहां कृषि, मौन, दुग्धपालन, महिला स्वयं सहायता समूह, मंगल दल के क्षेत्र में बेहतर कार्यों से गांव पूरे उत्तराखंड के लिए प्रेरणा बन रहा है। उन्होंने अपील की कि, आप लोग उस तरफ जाएं तो गांव जरूर देखें। मैंने कहा भी है कि सभी जनपदों के सीडीओ वहां गांव देखकर आएं। किस प्रकार से वह गांव आज मॉडल बनता जा रहा है।

### मेले में लगे हैं 350 से अधिक स्टॉल

पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि यह गौरव की बात है कि विश्वविद्यालय 119 वें कृषि मेले का आयोजन कर रहा है। मेले में 350 से अधिक स्टॉल लगे हैं। रोजाना करीब 20 हजार लोग मेले में प्रतिभाग कर रहे हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों, क्रियाकलापों की विस्तृत जानकारियां दीं।

# चार किमी सड़क का निर्माण नहीं होने से भड़के ग्रामीण



धरना-प्रदर्शन करते पूर्व विधायक व ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** महतोष से नवाबगंज मार्ग का निर्माण नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने पूर्व विधायक के साथ धरना-प्रदर्शन किया और सड़क का निर्माण जल्द शुरू नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले लंबे समय से करीब चार किमी सड़क का निर्माण कार्य रुका हुआ है।

पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि महतोष-नवाबगंज मार्ग की स्थिति लंबे समय से जर्जर बनी हुई है। बताया कि उक्त मार्ग का औपचारिक शिलान्यास जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जा चुका है, लेकिन शिलान्यास पत्थर लगने के बाद भी निर्माण कार्य धरातल पर शुरू नहीं हुआ। इससे स्थानीय जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जर्जर सड़क पर दिन-रात भारी डंपर और ट्रक दौड़ते हैं, जिससे सड़क बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इसके कारण आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। धरना-प्रदर्शन की सूचना मिलने पर लोनिवि के जेई हरीश बसेड़ा और सचिन नौटियाल मौके पर पहुंचे। पूर्व विधायक ठुकराल और ग्रामीणों ने उनका घेराव कर नाराजगी जताई और शासन-प्रशासन की उदासीनता पर सवाल उठाए। चेतावनी दी कि एक सप्ताह के भीतर कार्य शुरू नहीं हुआ, तो अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। ग्राम प्रधान प्रदीप सिंह बत्रा, उज्जवल सिंह, मुख्तियार सिंह, प्रदीप सिंह, भजनीक सिंह, गुरदीप सिंह, सरदार सिंह, बलविंदर सिंह, भूपेंद्र सिंह, मलकीत सिंह, मंजीत सिंह, गुरबाज सिंह, रणजीत सिंह आदि रहे।



इंडेन गैस गोदाम के बाहर सिलेंडर लेने के लिए लगी लोगों की लंबी कतार।

### रसोई गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी में लगी लंबी कतार

**सितारगंज :** बाजार में रसोई गैस की कमी की अफवाह के बीच उपभोक्ता सिलेंडर लेने के लिए लंबी कतार में खड़े दिखाई दिए। इस दौरान ऑफलाइन गैस बुकिंग और केवाईसी कराने के लिए भी उपभोक्ताओं की कतारें लगी रहीं। शनिवार को सितारगंज स्थित इंडेन गैस एजेंसी पर सैकड़ों उपभोक्ता सिलेंडर लेने, केवाईसी कराने और ऑफलाइन बुकिंग करने के लिए पहुंचे। उपभोक्ताओं ने बताया कि ऑनलाइन बुकिंग न होने के कारण वे गैस नहीं ले पा रहे हैं, इसलिए बुकिंग के लिए एजेंसी आए हैं। एजेंसी प्रबंधक राजेंद्र सिंह ने बताया कि एजेंसी में गैस की कोई कमी नहीं है। उपभोक्ताओं को पहले की तरह घर पर गैस की होम डिलीवरी उपलब्ध कराई जा रही है। राहत दिलाने के लिए शनिवार से गैस की ऑफलाइन बुकिंग भी शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय कारागार सितारगंज और छात्रावासों में भी सुचारु रूप से गैस की आपूर्ति की जा रही है। इधर, व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष दीपेंद्र सिंघल के नेतृत्व में व्यापारियों ने प्रबंधक से कमर्शियल गैस उपलब्ध कराने की मांग की।

# पुतला फूंकने निकले कांग्रेसी, छीनने के लिए दौड़ी पुलिस

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** बढ़ती महंगाई और एलपीजी के दामों में बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ जैसे ही कांग्रेसी पीएम का पुतला दहन करने के लिए निकले, वैसे ही थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस पुतला छीनने के लिए दौड़ पड़ी। तीखी नोकझोंक के बाद आखिरकार कांग्रेसी नहीं माने और केंद्र सरकार का पुतला दहन कर अपना आक्रोश जताया। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही केंद्र व प्रदेश सरकार ने व्यवस्था में सुधार नहीं किया तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

बताते चलें कि शनिवार को महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा और महानगर अध्यक्ष ममता रानी ट्रांजिट कैंप पहुंचीं। यहां से बढ़ती महंगाई और गैस किल्लत के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के केंद्र सरकार का पुतला लेकर निकलने की सूचना जैसे ही थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को मिली, पुलिस मौके पर पहुंच गई और बिना अनुमति के पुतला दहन न करने की हिदायत दी। इस पर कांग्रेसी भड़क गए और पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। उनका कहना था कि डबल इंजन की सरकार विफल हो चुकी है और लोकतांत्रिक देश में अव्यवस्थाओं के खिलाफ आवाज उठाना भी अपराध जैसा हो गया है। कहा कि जिस प्रकार एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए हैं, उसके बावजूद उपभोक्ताओं को सिलेंडर पाने के लिए कामकाज छोड़कर भटकना पड़ रहा है। पुलिस के काफी प्रयासों के बाद भी कांग्रेसियों ने पुतला दहन कर दिया। उमा सरकार, मोहन कुमार, राकेश अधिकारी, अनुज कुमार, प्रीति साना, राकेश कुमार, राहुल कुमार, राकेश कोली व सरोज रानी रहे।



पुलिस से नोकझोंक करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार



पकौड़े तलतीं महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष। ● अमृत विचार

### प्रदेश उपाध्यक्ष ने पकौड़े तलकर जताया विरोध

**रुद्रपुर :** पुतला दहन के दौरान महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने पकौड़े तलकर अपना विरोध जताया। उनका कहना था कि जब से देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है, तब से महिला सुरक्षा हो या महंगाई जनता ही परेशान हुई है। अब एलपीजी के दामों में वृद्धि और किल्लत ने जनता का जीना दुश्वार कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार की विफलता के कारण एक बार फिर पुराना दौर लौटने वाला है, जब लोग लकड़ियों और उपलों से खाना बनाकर जीवन यापन करते थे। पकौड़े तलने का उद्देश्य इसी स्थिति की ओर इशारा करना था।

> देश और प्रदेश में हालात बेकाबू होते जा रहे हैं, जिसके चलते एलपीजी सिलेंडर आसानी से उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। ऊपर से केवाईसी के नाम पर उपभोक्ताओं को झांसा दिया जा रहा है। मोदी सरकार के 'अच्छे दिन' का वादा झूठा साबित हुआ है। सिलेंडर की खुलेआम कालाबाजारी हो रही है और जब विरोध किया जाता है तो पुलिस रोकती है। इससे साफ है कि सरकार को खुश करने के लिए अफसर भी आगे आ रहे हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
> –**ममता रानी**, महानगर अध्यक्ष

# गैस सिलेंडर के लिए घंटों कतार में खड़े रहे उपभोक्ता

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** रसोई गैस सिलेंडर के वितरण को लेकर शनिवार को अनाज मंडी में गहमागहमी का माहौल रहा। सुबह से ही बड़ी संख्या में उपभोक्ता वितरण स्थल पर पहुंच गए और लंबी कतारों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे।

बताया जा रहा है कि जैसे ही गैस सिलेंडर से भरी गाड़ी वितरण स्थल पर पहुंची, वहां अफरातफरी का माहौल बन गया। लोग सिलेंडर लेने के लिए आगे बढ़ने लगे, जिससे व्यवस्था बिगड़ गई। स्थिति को संभालने के लिए मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने लोगों को समझाकर दोबारा कतार में खड़ा कराया, तब जाकर गैस वितरण की प्रक्रिया सुचारू रूप से शुरू हो सकी। गैस सिलेंडर लेने के लिए क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों और ग्रामीण इलाकों से भी बड़ी संख्या में लोग अनाज मंडी पहुंचे थे। अचानक बढ़ी भीड़ के कारण काफी देर तक अव्यवस्था बनी रही। कई उपभोक्ताओं ने शिकायत की कि गैस की आपूर्ति समय पर नहीं होने से उन्हें घंटों लाइन में लगकर इंतजार करना पड़ा। इसी तरह, गैस बुकिंग कराने के लिए भी उपभोक्ताओं की भारी भीड़ बाजपुर गैस सर्विस कार्यालय के बाहर देखी गई। लोग सुबह से ही बुकिंग कराने के लिए कार्यालय के बाहर कतार में खड़े रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि गैस वितरण की उचित व्यवस्था कर सिलेंडर समय पर उपलब्ध कराए जाएं, तो इस तरह की अव्यवस्था से बचा जा सकता है। वहीं, जिम्मेदारों का कहना है कि उपभोक्ताओं को बेवजह परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। आने वाले दिनों में गैस की आपूर्ति सामान्य होने पर वितरण व्यवस्था सुचारू हो जाएगी।



बाजपुर अनाज मंडी में वितरण स्थल पर अपनी बारी का इंतजार करते उपभोक्ता।

# रुद्रपुर में हाईवे पर सिलेंडर रखकर जताया आक्रोश

- नाराज उपभोक्ताओं ने हाईवे पर लगाया जाम, पुलिस के समझाने के बाद माने लोग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जहां एक ओर गैस गोदामों और एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भीड़ लगी हुई है, वहीं एलपीजी गैस सिलेंडर नहीं मिलने के कारण भड़के उपभोक्ताओं ने किच्छा बाईपास हाईवे पर जाम लगा दिया और जमकर हंगामा शुरू कर दिया। इससे यातायात बाधित होने लगा। सूचना मिलते ही थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस मौके पर पहुंची और उपभोक्ताओं को समझाकर उनका गुस्सा शांत कराया। काफी जद्दोजहद के बाद उपभोक्ताओं ने जाम खोला, जिसके बाद यातायात सुचारू हो सका।

बताते चलें कि शनिवार सुबह करीब नौ बजे आसपास के गैस उपभोक्ताओं को सूचना मिली थी कि किच्छा बाईपास स्थित खाली पड़े भूखंड पर एलपीजी गैस सिलेंडर का वितरण किया जाएगा। सूचना मिलते ही संजय नगर खेड़ा, खेड़ा बस्ती सहित आसपास के इलाकों के उपभोक्ता बड़ी संख्या में खाली सिलेंडर लेकर मौके पर पहुंच गए। इसी दौरान वितरक ने अचानक जानकारी दी कि सिलेंडर समाप्त हो चुके हैं। यह सुनते ही उपभोक्ताओं का गुस्सा भड़क गया और लोगों ने खाली सिलेंडरों को किच्छा बाईपास मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया। देखते ही देखते मार्ग पर जाम की स्थिति पैदा हो गई। उपभोक्ताओं का कहना था कि वे पिछले चार-पांच दिनों से लगातार कामकाज छोड़कर गैस सिलेंडर पाने के लिए लाइन में लग रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। इससे न केवल उनका रोजगार प्रभावित हो रहा है, बल्कि खाना बनाना भी मुश्किल हो गया है। सूचना मिलने पर थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद उपभोक्ताओं को समझाकर जाम खुलवाया।



रुद्रपुर में हाईवे पर सिलेंडर रखकर विरोध जताते उपभोक्ता। ● अमृत विचार

## हालात

### कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने से छोटे व्यापारियों का घर चलाना हुआ मुश्किल

# गैस किल्लत : ठेला व्यापारियों ने बढ़ाए 20 प्रतिशत तक दाम

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** गैस की किल्लत के चलते ठेला कारोबारियों ने अंडा, नॉनवेज समेत अन्य सामानों के 20 प्रतिशत तक रेट बढ़ा दिये हैं। वहीं कई आइटम मेन्यू से गायब हो गये हैं। ठेला कारोबारियों का कहना है कि फिलहाल ब्लैक में कार्मिशियल सिलेंडर लेकर व छोटे सिलेंडरों में रिफलिंग कराकर काम चला रहे हैं। यदि यही स्थिति रही तो उनको जल्द ही अपना कारोबार बंद करना पड़ेगा।

क्षेत्र में करीब पांच सौ से अधिक लघु व्यापारी अपना फास्ट फूड, गोलगप्पे, नॉनवेज आदि का ठेला लगाकर अपना कारोबार करते हैं। आइटम तैयार करने के लिये वह कार्मिशियल सिलेंडरों का प्रयोग करते आये हैं। वर्तमान में ईरान, अमेरिका व इजराइल युद्ध के चलते कार्मिशियल सिलेंडरों की सप्लाई ठप हैं। इसके चलते ठेला कारोबारियों को सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। यदि मिल भी रहे हैं तो उन्हें अधिक दाम चुकाने पड़ रहे हैं। ऐसे में कई ठेला कारोबारियों ने अपने मेन्यू से कई आइटम कम कर दिये हैं। वहीं रोजाना के आइटमों के रेट बढ़ा दिये हैं। कई दुकानदार कार्मिशियल सिलेंडर के स्थान पर इंडक्शन तो कोई ठेला कारोबारी घरेलू सिलेंडर का प्रयोग कर रहे हैं।




काशीपुर में ठेले पर ग्राहकों का इंतजार करता एक ठेला व्यापारी। ● अमृत विचार



> सिलेंडर लेने में बहुत दिक्कत आ रही है। सिलेंडर ब्लैक में भी बमुश्किल मिल रहा है। इसके चलते उन्होंने नॉनवेज सूप के आइटम बंद कर दिये हैं। वहीं अन्य फिश, चिकन के रेट भी बढ़ा दिये गये हैं। रेट बढ़ने से ग्राहक कम आ रहे हैं। यदि ऐसा ही रहा तो कारोबार बंद करना पड़ेगा।
> –**आकाश कुमार**, नॉनवेज विक्रेता।



> सिलेंडर नहीं मिलने से उसने इंडक्शन चूल्हा ले लिया है। अब चाय, समोसा व अन्य आइटम इंडक्शन में ही तैयार किया जा रहा है। मोमोज, स्प्रिंग रोल व पॉव भाजी आइटम बंद कर दिये हैं। –**विशाल कुमार**, स्वीट कारोबारी।



> सिलेंडर नहीं मिलने से उन्होंने सूजी के गोलगप्पे बनाने बंद कर दिये हैं। आटे के गोलगप्पे भी वह ऑर्डर पर मंगा रहे हैं। यही हाल रहा तो कारोबार बंद करना पड़ सकता है।
> –**गौरव**, गोलगप्पा कारोबारी।

# गरीब रथ का संचालन बंद होने पर आक्रोश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पिछले चार माह से जम्मू तवी गरीब रथ का संचालन नहीं होने से भड़के व्यापारियों ने पूर्वोत्तर रेलवे के सदस्य से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और सप्ताह में दो बार ट्रेन संचालन की मांग उठाई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि रेल सेवा जल्द प्रारंभ नहीं की गई तो आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

व्यापारियों ने बताया कि पिछले पंद्रह वर्षों से जम्मू तवी गरीब रथ का संचालन प्रत्येक मंगलवार को होता आ रहा था, लेकिन पिछले चार माह से यह रेल सेवा ठप पड़ी हुई है। इसके कारण कुमाऊं मंडल के श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हो रही हैं और वैष्णो देवी दरबार जाने वाले तीर्थयात्रियों को जम्मू बॉर्डर तक पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह ट्रेन जम्मू-कश्मीर, पंजाब, लुधियाना, जालंधर और हरियाणा से होते हुए अंबाला व सहारनपुर के रास्ते गुजरती है। इससे व्यापारियों और छात्रों को भी काफी सुविधा मिलती है। व्यापारियों ने क्षेत्रीय रेल उपभोक्ता परामर्शदात्री समिति, पूर्वोत्तर रेलवे के सदस्य भूपिंदर सिंह को ज्ञापन सौंपकर सप्ताह में दो बार जम्मू तवी गरीब रथ का संचालन शुरू करने की मांग की। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री निर्मल हंसपाल, जिला उपाध्यक्ष सतपाल गाबा, जिला उपाध्यक्ष सुरमुख सिंह विर्क, महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा, राजेश कामरा, पवन गाबा, इंद्रजीत सिंह और परमजीत संधू आदि रहे।



रुद्रपुर में पूर्वोत्तर रेलवे के सदस्य को ज्ञापन देते व्यापारी। ● अमृत विचार

ब्रीफ न्यूज

## खनन सामग्री से भरा ट्रक पलटा, चालक गंभीर

**बाजपुर** : बन्नाखेड़ा रोड पर खनन सामग्री से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। हादसे में वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम करमपुर, जिला बरेली (उप्र) निवासी सानू पुत्र रहमत, अपने सहकर्मी नरेंद्र सिंह पुत्र लालाराम, निवासी तेजनगर रिछा बहेड़ी, बरेली (उप्र) के साथ बन्नाखेड़ा क्षेत्र में स्थित एक स्टोन क्रशर से ट्रक में खनन सामग्री लेकर बरेली जा रहे थे। बताया जाता है कि शुक्रवार की देर रात बन्नाखेड़ा-केशोवाला रोड पर पालीप्लेक्स के पास चालक सानू अचानक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और ट्रक सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। हादसे में सानू गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि नरेंद्र बाल-बाल बच गया। सूचना मिलने पर बन्नाखेड़ा चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को 108 एंबुलेंस में सरकारी अस्पताल, बाजपुर ले जाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के कारण मौके पर काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा।

## गैंगस्टर एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर** : आईटीआई कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित पांचवें आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। बीते दिनों आईटीआई कोतवाली पुलिस ने लोक व्यवस्था को अस्त-व्यस्त कर आम जनता के साथ मारपीट, धमकी देकर जमीनों की फर्जी बिक्री दिखाकर आर्थिक लाभ प्राप्त करने के मामले में पांच लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। इस दौरान पुलिस ने चार आरोपी आशीष चौहान, अमरजीत सिंह, गुरुप्रेम सिंह, कुलविंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि एक अन्य आरोपी विमल कुमार मूल निवासी ग्राम जलालपुर खालसा थाना डिलारी तहसील ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद व हाल वैशाली कॉलोनी वांछित चल रहा था। आईटीआई कोतवाली पुलिस व एसओजी ने वांछित विमल कुमार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

## विद्या मंदिर का सात दिवसीय एनएसएस कैंप शुरू

**खटीमा** : रामकुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय नियमित शिविर शकुंतला शर्मा सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित हुआ। शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. भगत सिंह बोरा, शिशु मंदिर के प्रधानाध्यापक देव सिंह, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी धर्मपाल दीप ने प्रज्वलन और मां सरस्वती वंदना के साथ किया। संचालन आचार्य विनोद चिल्कोटी ने किया। शिविर के पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन-कीर्तन और देशभक्ति गीतों का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य बोरा ने शिविरार्थियों से अनुशासन बनाए रखने का निर्देश दिया।

# सोता रहा पार्षद का परिवार घर में घुस आया नकाबपोश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में भाजपा पार्षद के घर नकाबपोश के घुसने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि परिवार की एक महिला के शोर मचाने पर संदिग्ध मौके से भाग खड़ा हुआ। इसके अलावा भाजपा पार्षद ने तहरीर देकर यह भी आरोप लगाया है कि कुछ दिन पहले कुछ युवकों ने उनकी कार पर लगे भाजपा के स्टीकर पर चप्पल मारी थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार वार्ड-7 आजाद नगर के भाजपा पार्षद कैलाश राठौर ने तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार रात उनका परिवार खाना खाकर सो रहा था। इसी दौरान एक नकाबपोश संदिग्ध बाहर की सीढ़ी लांघकर घर के अंदर घुस आया और कमरे की ओर बढ़ने लगा। कमरे के दरवाजे की आहट होते ही उनके भाई की पत्नी की आंख खुल गई और उन्होंने शोर मचा दिया। शोर सुनकर घबराया संदिग्ध छत से कूदकर फरार हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी संदिग्ध का कोई सुराग नहीं लग सका। भाजपा पार्षद ने तहरीर में यह भी बताया कि करीब एक सप्ताह पहले उनका छोटा भाई कार पार्क करने जा रहा था, तभी कुछ युवकों से उसका विवाद हो गया था। आरोप है कि युवकों ने हाथापाई करने के बाद कार पर लगे भाजपा के स्टीकर पर चप्पल भी मारी थी। पार्षद ने जानमाल का खतरा बताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जिला स्तरीय मेरा युवा भारत कार्यक्रम में युवाओं ने रखे विचार किया सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग

# विकसित भारत बनाने में युवाओं की भूमिका अहमः ग्रोवर

संवाददाता, गूलरभोज

**अमृत विचारः** मेरा युवा भारत के तहत जिला स्तरीय युवा सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 37 युवाओं ने अपने विचार साझा किए और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। आयोजकों ने अतिथियों को शाल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

बौर जलाशय में आयोजित मेरा युवा भारत कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित नारंग तथा अतिविशिष्ट अतिथि उत्तराखंड अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य बाबू सिंह तोमर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।



गूलरभोज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के साथ युवा। ● अमृत विचार

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के बीच आपसी जुड़ाव और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना था। इस दौरान युवाओं ने अपने विचार साझा किए और अपनी संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका है। उन्होंने युवाओं से समाज में बढ़ रही कुरीतियों को दूर करने में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित नारंग ने कहा कि एकता, अखंडता और समानता से ही देश के साथ राज्य भी मजबूत बन सकता है। वहीं अतिविशिष्ट अतिथि उत्तराखंड अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य बाबू सिंह तोमर ने देहरादून से आए युवाओं और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने जनपद ऊधम सिंह नगर की सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों की भी जानकारी दी। जिला युवा कल्याण अधिकारी रोशन कुमार और लेखा एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी प्रवेश बृजवाल ने अतिथियों को शाल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे युवाओं का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर वालंटियर अर्जुन यादव, वैशाली मेहता, अरुण कुमार, शिवस्वामी, पूजा वर्मा और नेहा रानी आदि ने सहयोग दिया।

# गांजा माफिया राजीव गिरफ्तार पुलिस ने न्यायालय में किया पेश

### एएनटीएफ और पुलिस ने तड़के दबोचा, छह किलो गांजा बरामद, मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** शनिवार तड़के कोतवाली क्षेत्र के गांव बगवाड़ा भट्ठा निवासी एक गांजा माफिया को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) और पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से भारी मात्रा में गांजा भी बरामद किया गया। दबिश की भनक लगते ही आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया है।

बताते चलें कि 14 मार्च तड़के एएनटीएफ प्रभारी राजेश पांडेय को सूचना मिली थी कि बगवाड़ा भट्ठा निवासी एक गांजा तस्कर बड़ी खेप खपाने की फिराक में है। सूचना पर दरोगा प्रियांशु जोशी और एएनटीएफ की संयुक्त टीम गठित की गई। तड़के करीब तीन बजे पुलिस टीम जब आरोपी के घर पहुंची और दरवाजा खटखटाया तो उसे दबिश की भनक लग गई। इसके बाद आरोपी राजीव कुमार घर की छत पर चढ़कर भागने लगा। यह देखकर पुलिस टीम ने भी घेराबंदी शुरू कर दी, लेकिन आरोपी एक छत से दूसरी छत पर कूदकर पुलिस को चकमा देता रहा। काफी देर तक पीछा करने के बाद एएनटीएफ और पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर छह किलो गांजा भी बरामद किया गया।



बगवाड़ा भट्ठा के गांजा तस्कर राजीव कुमार के साथ पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

### बगवाड़ा भट्ठा में 'गांजा माफिया' के नाम से फेमस है राजीव

**रुद्रपुर** : एएनटीएफ प्रभारी राजेश पांडेय ने बताया कि राजीव कुमार कई वर्षों से गांजा बेचने का धंधा कर रहा था और हर बार पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाता था। 14 मार्च तड़के सटीक सूचना मिलने पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया गया। पकड़े जाने के बाद जब प्रारंभिक पूछताछ की गई तो स्थानीय लोगों ने बताया कि आरोपी ने इलाके के कई युवाओं को गांजे का आदी बना दिया है और वह 'गांजा माफिया' के नाम से भी जाना जाता है। यदि कोई व्यक्ति विरोध करता है तो वह नशेड़ियों को उकसाकर उस पर हमला करवा देता है।

### डेढ़ साल से कर रहा था गांजे का धंधा

**रुद्रपुर** : पूछताछ में आरोपी राजीव कुमार ने बताया कि वह पिछले डेढ़ साल से गांजे का धंधा कर रहा है। वह गांजा सस्ते दामों में खरीदकर छोटे-छोटे पैकेट बनाकर बेचता था। उसने बताया कि वह सरस्वती विहार, भुरारानी निवासी मुकेश साहनी उर्फ ढल्ला से गांजा खरीदता है। इस बार उसने छह किलो गांजा लाकर घर में रखा था, जिसे पैकेट बनाकर शनिवार को सप्लाई करनी थी। पूछताछ में यह भी पता चला है कि आरोपी पहले भी कई बार बड़ी खेप लाकर बेच चुका है। फिलहाल पुलिस गांजा माफिया के खरीदारों की सूची तैयार करने में जुटी हुई है।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गांजे की छोटी-छोटी पोटलियां बनाकर नशे के आदी लोगों को ऊंचे दामों पर बेचता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

## छात्रों-प्राध्यापकों को पेटेंट और आईपीआर की जानकारी दी

**सितारगंजः** राजकीय पीजी महाविद्यालय सितारगंज के आईपीआर सेल के तत्वावधान में इनोवेटिव आइडियाज एंड पेटेंट अवेयरनेस विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें शोधकर्ताओं को उनके नवाचारों को सुरक्षित रखने के लिए बौद्धिक संपदा अधिकार की जानकारी दी गई।

शनिवार को आयोजित ऑनलाइन कार्यशाला में राजकीय महाविद्यालय यमकेश्वर के प्राचार्य डॉ. वाई. के. शर्मा ने स्लाइड्स के माध्यम से प्राध्यापकों व विद्यार्थियों को पेटेंट की आवश्यकताओं से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने शोधकर्ताओं को उनके नवाचारों को सुरक्षित रखने के लिए बौद्धिक संपदा अधिकार के महत्व को भी समझाया। वहीं एलबीएस राजकीय पीजी महाविद्यालय सोमेश्वर के गणित विभाग के प्राध्यापक डॉ. राकेश पांडेय ने युवाओं और यंग अचीवर्स को पेटेंट फाइल करने की प्रक्रिया तथा इसमें आने वाले खर्च की जानकारी दी। कार्यशाला के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेनू रानी बंसल ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. जगदीश प्रसाद रहे। डॉ. अभिमन्यु कुमार, अजय कुमार, अरुण प्रताप और तरुण कोठारी आदि मौजूद रहे।

# डायनेस्टी में धूमधाम से मना लोकपर्व फूलदेई


खटीमा के डायनेस्टी मॉर्डन गुरुकुल एकेडमी छिनकी में फूलदेई पर्व मनाते बच्चे और प्रबंधन।

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फॉर्म खटीमा में उत्तराखंड का लोक पर्व ''फूलदेई'' धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यालय की कन्याओं ने परंपरानुसार विद्यालय की सभी कक्षाओं में जाकर देहली पूजन किया और विद्यालय को आशीर्वाद प्रदान किया। अध्यापकों द्वारा छात्राओं का कक्षा में आने पर स्वागत किया और भेंट स्वरुप गुड़, चावल दिया। प्रबंध निदेशक श्री धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने लोक पर्व की बधाई देते हुए कहा कि उत्तराखंड में चैत्र मास की संक्रांति अर्थात पहले दिन से ही बसंत आगमन की खुशी में फूलों का त्योहार फूलदेई मनाया जाता है। चैत्र के महीने में फुलदेई पर्व के अवसर पर छोटे-छोटे बच्चे सूर्योदय के साथ ही घर की देहली पर रंग-बिरंगे फूलों को बिखरकर, घर की खुशहाली व सुख- समृद्धि की कामना के गीत गाते हैं। विद्यालय में लोक पर्व से जुड़े अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, विक्टर आइवन, दिगंबर भट्ट, हरीश भट्ट, सुरेश ओली, मनीष ठाकुर, अशोक जोशी, ऊषा भट्ट, ऊषा चौसाली, हेमलता बोरा,कमला राय, लिंसी त्यागी, शिल्पा सक्सेना, हेमा भट्ट, दीपा डसीला, देवकी रावत, पिंकी चंद, पिंकी कापड़ी, दीप डसीला, मनोज जोशी, केशव जोशी, रूचि चौहान,राहुल कुमार, रमेश जोशी, पूरन पांडेय, चामू दानू आदि रहे।

# बंगाली उपजातियों को मिले एससी दर्जा

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** आप पार्टी बंगाली समाज मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने विधायक अरविंद पांडेय पर बंगाली समाज को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि विधायक पांडेय ने विधानसभा में बंगाली समाज की उपजातियों को अनुसूचित जाति का दर्जा देने की मांग करने के बजाय पिछड़ी जाति का दर्जा देने की मांग रखी, जबकि समाज के लोगों की लंबे समय से अनुसूचित जाति का दर्जा पाने की मांग है। व्यापारी ने इसे बंगाली समाज के साथ धोखा बताया।

आप कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए सुभाष व्यापारी ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। दोनों पार्टियां केंद्र और राज्य स्तर पर रहते हुए बंगाली समाज को लगातार गुमराह करती रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि 2027 के विधानसभा चुनाव में बंगाली समाज दोनों पार्टियों को सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि विधायक अरविंद पांडेय को ओबीसी की मांग विधानसभा में रखने से पहले समाज के वरिष्ठ नेताओं और शिक्षित लोगों से परामर्श करना चाहिए था। सुभाष व्यापारी ने कहा कि बंगाली समाज के लोगों ने देश की आजादी और तराई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, लेकिन अभी तक उन्हें उनका हक नहीं मिला। उन्होंने आश्वासन दिया कि बंगाली समाज के लोगों को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए उनका संघर्ष जारी रहेगा। सुमिलन मंडल, मनोरंजन शाहा, तपन घरामी, राघवेंद्र सिंह जलाल, पवित्र मंडल, विश्वजीत सरकार रहे।


दिनेशपुर में पत्रकारों से वार्ता करते आप बंगाली समाज मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष व्यापारी।

# बीमा कंपनी को देना होगा 11.77 लाख का क्लेम

संवाददाता,रुद्रपुर

**अमृत विचारः** एक्सीडेंट क्लेम प्रकरण की सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने इंश्योरेंस कंपनी को 11. 77 लाख का एक्सीडेंट क्लेम देने सहित मानसिक क्षति और वाद व्यय का हर्जाना देने का आदेश दिया।

अधिवक्ता नरेश रस्तोगी ने बताया कि भूरारानी निवासी मोहन लाल ने अपनी याचिका में कहा था कि उसने अपनी फॉर्च्यूनर गाड़ी का आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी से बीमा कराया था। छह अप्रैल 2025 से एक नवंबर 2025 तक बीमा वैध था। छह मई 2025 को उसने भूरारानी श्मशान घाट रोड पर गाड़ी पार्क की थी। जिसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया था। कंपनी द्वारा गाड़ी को मुरादाबाद भेजा गया। जहां से 11.77 लाख रुपये का स्टीमेट भेजा गया। जब उसने इंश्योरेंस कंपनी को स्टीमेट भेजा। मगर दावा पूरा नहीं हुआ। इसके बाद जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में याचिका दायर की। जिस पर सुनवाई करते हुए आयोग के अध्यक्ष राजीव कुमार खरे, सदस्य नवीन चंद्र चंदोला और डॉ. मनीला ने दोनों पक्षों की बहस को सुना और संबंधित इंश्योरेंस कंपनी को 11.77 लाख रुपये का एक्सीडेंट क्लेम, पांच लाख रुपये का मानसिक क्षति व एक लाख रुपये वाद व्यय का भुगतान करने का आदेश दिया।

# भूड़ा किशनी में हुआ कीटनाशक छिड़काव

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** उत्तरांचल जीवन ज्योति ट्रस्ट, बरी अंजनिया के तत्वावधान में, ग्रामीणों को मच्छरों के प्रकोप से बचाने के लिए कीटनाशक का छिड़काव कर रहा है। ट्रस्ट ने यह कदम उठाते हुए गांव के विभिन्न वार्डों में कीटनाशक दवाओं के छिड़काव का अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत टीम गांव में मुस्तैदी से छिड़काव कर रही है। गर्मी के मौसम की शुरुआत के साथ ही मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ गई है, जो ग्रामीणों के लिए चिंता का कारण बनी हुई है।

ट्रस्ट के अध्यक्ष ईश्वर सिंह ने बताया कि ट्रस्ट लगातार मानव सेवा, समाज सेवा और पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करता आ रहा है। इसी क्रम में टीम ने भूड़ा किशनी में छिड़काव किया। उन्होंने कहा कि टीम न केवल दवाओं का छिड़काव कर रही है, बल्कि लोगों को घरों के आसपास सफाई रखने और पानी जमा न होने देने के प्रति भी जागरूक कर रही है। ईश्वर सिंह ने बताया कि छिड़काव आमतौर पर सुबह या शाम के समय किया जा रहा है, जब तापमान कम होता है ताकि दवा अधिक प्रभावी हो सके। टीम ने गलियों, नालियों और झाड़ियों जैसे मच्छरों के पनपने वाले स्थानों पर विशेष ध्यान दिया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान जितेंद्र राणा, ट्रस्ट उपाध्यक्ष अमित कुमार, पियूष राणा, घुम्मन, मनीष कुमार, सपन विश्वास आदि रहे।



स्कूल में कीटनाशक का छिड़काव करती जीवन ज्योति ट्रस्ट की टीम। ● अमृत विचार

# बाजपुर में बिजली चोरी के तीन मामलों में रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** क्षेत्र में बिजली चोरी के तीन अलग-अलग मामलों में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कार्रवाई उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के उपखंड अधिकारी गिरीश चंद्र पांडे की तहरीर पर की गई।

ऊर्जा निगम की टीम ने अवर अभियंता मोहम्मद फरहान, लाइन कर्मी देशराज तथा सतर्कता इकाई कुमाऊं क्षेत्र हल्द्वानी से सहायक अभियंता अमित चंद्र आर्या और सुरक्षा कर्मियों के साथ बाजपुर और केलाखेड़ा क्षेत्र में विद्युत चेकिंग अभियान चलाया।

जांच के दौरान चंदनपुरा केलाखेड़ा में बलविंदर सिंह पुत्र जोगिंदर सिंह के परिसर में बिजली चोरी पकड़ी गई। यहां से करीब 12 मीटर लंबी दो-कोर केबल बरामद हुई और विद्युत भार 0.684 किलोवाट आंका गया। इसी गांव में बलविंदर सिंह पुत्र बग्गा सिंह के परिसर से करीब 20 मीटर केबल बरामद हुई, जहां भी 0.684 किलोवाट बिजली चोरी पाई गई। तीसरा मामला माहोली जंगल, कटीला भोज क्षेत्र का है, जहां विनोद पुत्र प्रह्लाद के परिसर से करीब 12 मीटर केबल बरामद हुई और 0.174 किलोवाट बिजली चोरी पाई गई। पुलिस ने विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत तीनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खेल-खिलाड़ी

### शांतिपुरी नंबर-4 चंद्रपुरी में आदर्श वॉलीबॉल क्लब के तत्वावधान में हुआ आयोजन

# केपी क्लब ने लगातार छठी बार जीता वॉलीबॉल टूर्नामेंट

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचारः** शांतिपुरी नंबर-4 चंद्रपुरी में आदर्श वॉलीबॉल क्लब के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला देर रात खेला गया। फाइनल में केपी क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोगीना ब्लास्टर को 3-1 से हराकर लगातार छठी बार खिताब अपने नाम कर लिया।मुख्य अतिथि, रुद्रपुर महानगरपालिका के महापौर विकास शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मुकाबले का विधिवत शुभारंभ किया।

मुकाबले में केपी क्लब ने 17-25, 25-16, 25-22 और 25-21 के सेटों में जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में बेस्ट लिब्रो का पुरस्कार आशीष, बेस्ट लिफ्टर हर्षित, बेस्ट अटैकर कारन, बेस्ट ब्लॉकर मनजीत तथा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रजत को प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि विकास शर्मा ने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि खेल युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। सेमीफाइनल में, केपी क्लब ने रॉबिन बालियान की टीम को 2-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में गोगीना ब्लास्टर ने बाबा नीम करोली की टीम को 2-1 से पराजित किया। मैच का आंखों देखा हाल लकी चुफान ने प्रस्तुत किया। वॉलीबॉल कमेटी के अध्यक्ष रोहित तिवारी, ग्राम प्रधान बचुली देवी, प्रधान कविता तिवारी, जिपं सदस्य प्रेम आर्या, रुद्रपुर व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष संदीप राव, डॉ. गणेश उपाध्याय, नारायण सिंह बिष्ट, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद सिंह कोरंगा, ललित बिष्ट, जगदीश कांडपाल, अशोक जोशी, राजेंद्र पटवाल, उत्तराखंड हज कमेटी के अध्यक्ष खतीब अहमद, दूध संघ के डायरेक्टर इंदर सिंह मेहता, नीरज रावत, प्रताप सिंह रौतेला, कमल पटवाल, सैनिक संगठन अध्यक्ष लाल सिंह कोरंगा, निखिल कोरंगा, शुभम कोरंगा, यशु कोरंगा रहे।


वॉलीबॉल के फाइनल में विजेता टीम को ट्रॉफी देते अतिथि। ● अमृत विचार

# विधायक राणा ने बजट सत्र में उठाईं समस्याएं

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा ने विधानसभा में अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठाते हुए सरकार की कई घोषणाओं को हवाई बताया। उन्होंने कहा कि गड्ढा-मुक्त सड़कों की घोषणा के बावजूद क्षेत्र के लोग गड्ढों के बीच सड़कें खोजने को मजबूर हैं। विधायक ने बताया कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में केवल एक ही पावर हाउस है और मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी बिजली आपूर्ति सुधारने के लिए दूसरा पावर हाउस स्थापित नहीं किया गया। उन्होंने नानकमत्ता और नानक सागर डेम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा भी अधूरी बताई। शिक्षा के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि 1967 में जनजातीय बच्चों के लिए स्थापित आश्रम पद्धति विद्यालय का अब तक उच्चीकरण नहीं हो पाया है। राणा ने ट्राइबल सब प्लान का बजट खर्च न होने, जनजातीय महिलाओं के हस्तशिल्प उत्पादों की मार्केटिंग न होने और सरकारी विभागों में जनजातीय बैकलॉग पद न भरने का भी आरोप लगाया। उन्होंने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को भी डॉक्टरों की कमी के कारण बदहाल बताया।


गोपाल सिंह राणा।

### दस वर्षों से सिंथेटिक ट्रैक बिछाने की मांग कर रहे खिलाड़ी और कोच, प्रैक्टिस के दौरान चोटिल हो रहे खिलाड़ी

# खिलाड़ियों से खेल, मिट्टी के ट्रैक से कैसे निकलेंगे सर्वश्रेष्ठ

कुंदन बिष्ट, काशीपुर

**अमृत विचार:** कई राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ी ऊबड़-खाबड़ ट्रैक में प्रैक्टिस करने को मजबूर हैं। लंबे समय से वह मिट्टी के ट्रैक की जगह सिंथेटिक ट्रैक की मांग कर रहे हैं, लेकिन शासन स्तर पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बारिश के दिनों में ट्रैक में कीचड़ होने से उनकी प्रैक्टिस भी बाधित होती है। बावजूद इसके सुविधाओं के अभाव में भी खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीत रहे हैं।

शनिवार को अमृत विचार की टीम पड़ताल करने काशीपुर स्टेडियम पहुंची। जहां खिलाड़ी मिट्टी के ट्रैक पर प्रैक्टिस करते नजर आए। खिलाड़ियों से वार्ता के अनुसार मिट्टी का ट्रैक खराब हो गया है। ऐसे में उनको प्रैक्टिस करने में दिक्कत होती है। जब वह बाहर प्रतियोगिताओं में जाते हैं तो वहां सिंथेटिक ट्रैक में दौड़ना पड़ता है। ऐसे में उनसे मेडल हासिल करने की उम्मीद बेमानी है। स्टेडियम और साई सेंटर के खिलाड़ी बहुउद्देशीय भवन में प्रशिक्षण लेते हैं। लेकिन देखरेख के अभाव में इसका फर्श टूट गया है। खिलाड़ियों की शिकायत है कि स्थानीय जनप्रतिधियों को भी अपनी परेशानी कई बार बताई है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वर्तमान में स्टेडियम में हॉकी, बैडमिंटन, ताइक्वांडो, एथलेटिक, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, वेटलिफ्टिंग समेत अन्य खेलों का प्रशिक्षण दिया जाता है।


काशीपुर स्थित स्टेडियम में मिट्टी के ट्रैक पर प्रैक्टिस करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

"काशीपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिए बजट प्रधानमंत्री जन कल्याण योजना के तहत शासन को भेज चुका है। फिलहाल शासन से इसकी स्वीकृति का इंतजार है। इसके अलावा अप्रैल माह में स्विमिंग का प्रशिक्षण शुरू कराए जाने का प्रयास किया जाएगा।
**-जानकी कार्की**, जिला क्रीड़ा अधिकारी

### साई सेंटर के खिलाड़ी भी मिट्टी के ट्रैक पर दौड़ने को मजबूर

**काशीपुर :** राज्य सरकार के अधीन स्पोर्ट्स स्टेडियम में ही भारतीय खेल प्राधिकरण (साई सेंटर) के खिलाड़ी प्रैक्टिस करते हैं। देश भर के कई खिलाड़ी साई सेंटर के होस्टल में रहकर विभिन्न खेलों में अपने को तराशने में लगे हैं। यह लोग पठन पाठन के साथ विभिन्न खेलों का भी प्रशिक्षण ले रहे हैं। वर्तमान में साई सेंटर में एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, ताइक्वांडो और वेट लिफ्टिंग का प्रशिक्षण चल रहा है। जबकि कभी कुश्ती, टेबल टेनिस, हॉकी और फुटबॉल का भी प्रशिक्षण चलता था। लेकिन कोचों के रिटायर और ट्रांसफर होने से इन खेलों का प्रशिक्षण बंद है। इससे खिलाड़ियों का भी टोटा पड़ गया है। जबकि वर्तमान में तैनात कोचों के मुताबिक उन्हें पर्याप्त खिलाड़ी नहीं मिल रहे हैं। साई सेंटर में चार साल से फुटबॉल का प्रशिक्षण भी बंद है।

### पवेलियन की स्थिति बेहद खराब, कभी भी हो सकता है हादसा

**काशीपुर :** ग्राउंड रिपोर्ट में सामने आया कि स्टेडियम में खिलाड़ियों की सुविधा नहीं के बराबर हैं। स्टेडियम भवन की बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है। छत से लेंटर के सरिए बाहर झांक रहे हैं और प्लास्टर उखड़ गया है। शौचालय की स्थिति बेहद गंभीर है। शाम 4 बजे से स्टेडियम के आस-पास रहने वाले एथलेटिक्स ट्रैक में वॉक करते मिले, जबकि खिलाड़ी उसी ट्रैक में प्रैक्टिस कर रहे थे। मिट्टी का ट्रैक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। खिलाड़ियों ने बताया कि ट्रैक में गड्ढे हो गए हैं। बैडमिंटन खेलने पहुंचे खिलाड़ियों के मुताबिक कोर्ट का फ्लोर पूरी तरह से घिस गया है और फर्श भी उखड़ रहा है।

### सात करोड़ के बहुउद्देशीय भवन का फर्श भी जीर्णशीर्ण

**काशीपुर** : खिलाड़ियों के लिये इंडोर खेलों के लिये करीब सात करोड़ की लागत से बनाया गया बहुउद्देशीय भवन भी जीर्णशीर्ण स्थिति में पहुंच गया है। भवन का लकड़ी फर्श जगह-जगह से टूट-फूट गया है। जिससे खिलाड़ी चोटिल हो रहे हैं।

### इस साल भी स्विमिंग का प्रशिक्षण लेट होने की आशंका

**काशीपुर :** इस साल भी स्विमिंग का प्रशिक्षण लेट होने की आशंका बनी हुई है। अमूमन मार्च माह में स्विमिंग पूल की सफाई का काम शुरू हो जाता है। लेकिन अभी तक खेल विभाग ने सफाई का काम शुरू नहीं कराया है। पिछले चार सालों से लगातार स्विमिंग का प्रशिक्षण लेट होता जा रहा है।


काशीपुर में स्टेडियम में बने बहुउद्देशीय भवन का क्षतिग्रस्त फर्श। ● अमृत विचार


"हम पिछले दस साल से मिट्टी की जगह सिंथेटिक ट्रैक की सरकार और जनप्रतिनिधियों से मांग कर रहे हैं। यहां तक कि ट्रैक के समतलीकरण का बजट भी नहीं मिला। खिलाड़ियों को दौड़ने में स्पोर्ट्स इंजरी हो रही है। **-सरफराज चौधरी**, एथलेटिक्स कोच


"मैं पिछले तीन साल से यहां एथलेटिक्स का प्रशिक्षण ले रही हूं। मिट्टी के ट्रैक में प्रैक्टिस करने से हमारा समय बर्बाद होता है। यहां महिला खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम की सुविधा नहीं है। **-मनीषा**, महिला खिलाड़ी।


"सिंथेटिक ट्रैक बनाने की मांग बहुत पुरानी है। लेकिन अभी भी हमें मिट्टी के ट्रैक में प्रैक्टिस करनी पड़ती है। जिससे चोटिल होने का डर बना रहता है। **-युवराज चौधरी**, खिलाड़ी।


"मिट्टी के ट्रैक और सिंथेटिक ट्रैक में दौड़ना मुश्किल होता है। हमारी मांग है कि यहां सिंथेटिक ट्रैक लगाया जाए। बारिश में प्रैक्टिस बाधित होती है। **-आयुष**, खिलाड़ी

## सिटी ब्रीफ

### वक्फ संपत्तियों को पोर्टल पर दर्ज कराने की अंतिम तिथि आज

**काशीपुर :** वक्फ संपत्तियों को 'उम्मीद' पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज कराने की अंतिम तिथि 15 मार्च है। ऐसे में अधिवक्ता अली अनवर ने कहा कि कुमाऊं मंडल में कई वक्फ संपत्तियां अभी तक उम्मीद पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज नहीं की गई हैं, जबकि यह प्रक्रिया अनिवार्य कर दी गई है। संबंधित कमेटियों के पदाधिकारी और मुतवल्ली आवश्यक दस्तावेजों के साथ तुरंत अपनी वक्फ संपत्तियों का विवरण पोर्टल पर दर्ज कराएं। कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा तक वक्फ संपत्तियों को ऑनलाइन दर्ज नहीं कराया गया, तो संबंधित कमेटियों और जिम्मेदार पदाधिकारियों के खिलाफ जुर्माना तथा दंडात्मक कार्रवाई का भी प्रावधान है।

### हादसे में कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जसपुर :** ग्राम राजपुर निवासी शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अमित त्यागी ने कोतवाली में तहरीर सौंप बताया कि बीती 8 मार्च को उनके पिता रामराज त्यागी घर के पास लगने वाले बाजार से सामान लेने स्कूटी से जा रहे थे। तभी जसपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार के चालक ने उनकी स्कूटी के पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना में गंभीर रूप से घायल हुए रामराज त्यागी को उनके परिवार ने इलाज के लिए काशीपुर ले जाया, लेकिन उपचार के दौरान अगले दिन उनकी मौत हो गई। अमित त्यागी ने कार चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। बताया गया कि उनके पिता चीनी मिल नादेही से सेवानिवृत्त थे। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सरस्वती विद्या मंदिर में आज होगी प्रवेश परीक्षा

**जसपुर :** महुवाडाबरा स्थित रामलाल सिंह चौहान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में नए प्रवेश के लिए रविवार यानी आज परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। स्कूल प्रबंधन ने जानकारी देते हुए बताया कि नर्सरी से कक्षा पांच तक एवं कक्षा 6 से कक्षा 9 तक की प्रवेश परीक्षा सुबह नौ बजे से शुरू होगी। बताया कि इच्छुक छात्रों से समय से पहुंचने की अपील की गई है।

### जूजुत्सु और बुशू के लिए ट्रायल आज

**काशीपुर** : राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी सुदर्शन कुमार ने बताया कि अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता शुरू होने जा रही है। इसमें जूजुत्सु (महिला/पुरुष), बुशू (महिला/पुरुष), खो-खो (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता के लिए इच्छुक प्रतिभागियों को ट्रायल होना है। जूजुत्सु और बुशू के लिए ट्रायल 15 मार्च को सुबह नौ बजे से होगा। जबकि खो-खो के लिए 16 मार्च सुबह नौ बजे से ट्रायल होगा।

### अनियंत्रित कार बिजली के खंभे से टकराई

**काशीपुर :** अनियंत्रित एक कार बिजली के खंभे से टकरा गई। जिससे एक क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं को बिजली समस्या का सामना करना पड़ा। हालांकि बाद में ऊर्जा निगम ने टूटे खंभे को बदलकर नया खंभा लगा दिया। जिसके बाद बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी। शनिवार सुबह गिरीताल रोड पर एक कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गयी। टक्कर लगने से खंभा क्षतिग्रस्त होकर टूट गया। सूचना मिलने के बाद ऊर्जा निगम के कर्मचारियों ने क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति को बंद किया। क्षतिग्रस्त खंभे को हटाकर दूसरा खंभा लगा दिया। ऊर्जा निगम के अवर अभियंता अजहर खान ने बताया कि क्षतिग्रस्त खंभे को बदला गया है।

# काशीपुर में तीन दुकानों में लगी भीषण आग

### अग्निकांड में लाखों रुपये का माल जलकर राख, फायर कर्मियों ने बामुश्किल पाया आग पर काबू

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** शहर के व्यस्त इलाके महाराणा प्रताप चौक के पास अज्ञात कारणों से तीन दुकानों में आग लग गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर दमकल की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड में दुकानों में रखे लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

शनिवार तड़के सुबह करीब सवा छह बजे एमपी चौक के पास साइकिल रिपेयरिंग और टायर पंक्चर की दुकानों से अचानक चिंगारी और धुआं उठता देखा गया। मौके पर मौजूद राजीव अरोरा उर्फ बच्चू और पास में जूस का ठेला लगाने वाले युवक ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। तब तक फल की दुकान में भी आग फैल चुकी थी। फायर ब्रिगेड की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक दुकानों में रखे साइकिल के टायर-ट्यूब, अन्य मरम्मत का सामान और फल की दुकान में रखी प्लास्टिक की क्रेट समेत अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो चुका था। बताया जा रहा है कि दुकानों के स्वामी अनिल शर्मा और सोम शर्मा बहन की तेरहवीं में शामिल होने के लिए दिल्ली गए हुए थे। आग लगने की सूचना मिलने के बाद वे काशीपुर पहुंचे। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। तहसीलदार पंकज चंदोला ने बताया कि नुकसान का आंकलन कर मुआवजे के लिए रिपोर्ट भेजी जाएगी।


काशीपुर में दुकान में लगी भीषण आग को बुझाते फायर कर्मी। ● अमृत विचार


काशीपुर में पीड़ित दुकानदार को ढांढस बंधाते मेयर दीपक बाली। ● अमृत विचार

### मेयर ने पीड़ितों को दी 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता

**काशीपुर :** आग लगने की सूचना मिलने पर मेयर दीपक बाली मौके पर पहुंचे और पीड़ित दुकानदारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। मेयर ने आश्वस्त किया कि शासन-प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता दी जाएगी। साथ ही उन्होंने अपनी ओर से तत्काल 50 हजार रुपये की निजी सहायता देने की घोषणा की। मेयर बाली ने प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता कर आग में हुए नुकसान का वास्तविक आंकलन करने और शासन से सहायता राशि अनुमन्य कराने के निर्देश भी दिए। पीड़ित दुकानदार अनिल शर्मा ने बताया कि अग्निकांड में उनका लगभग चार-पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

### कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ने की मुआवजा देने की मांग

**काशीपुर :** मुख्य चौराहे पर भीषण अग्निकांड से प्रभावित दुकानदारों के लिए महानगर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष अलका पाल ने सरकार से मुआवजा देने की मांग की। महाराणा प्रताप चौक पर शहजाद और अनिल शर्मा के प्रतिष्ठान में आग की सूचना पर अलका पाल घटनास्थल पर पहुंचीं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्रवासियों के साथ पीड़ितों के लिए एसडीएम और तहसीलदार से वार्ता की। उन्होंने सरकार से उचित मुआवजा देने की मांग की। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट हरीश कुमार सिंह, विमल गुड़िया, महेंद्र लोहिया, जितेंद्र सरस्वती, चंद्रभूषण डोभाल, अनिल शर्मा, इलियास महीगीर, खैराती लाल आदि मौजूद रहे।

# जसपुर में गर्भवती की संदिग्ध हालात में मौत

संवाददाता, जसपुर

- विवाहिता के गले पर निशान पाए गए, परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया

**अमृत विचार:** एक गर्भवती नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आश्वासन देने के बाद परिजन शांत हुए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम खेड़ा की पप्पू कॉलोनी निवासी नाजमा (22) शनिवार की सुबह ससुराल में मृत मिली। उसके गले पर निशान मिले हैं। पड़ोसियों ने नाजमा के मायके वालों और पुलिस को घटना की जानकारी दी।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन ने ससुरालियों पर बेटी नाजमा की हत्या करने का आरोप लगाया। सूत मिल चौकी इंचार्ज इंदर सिंह और तहसीलदार दलीप सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पड़ताल शुरू की। पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। बताया गया कि मृतका का पति मजदूरी करता है और दो दिन पहले ही अलीगढ़ से घर आया था। नाजमा ने अपने कमरे में फांसी लगाई थी। पति ने डर के कारण शव को नीचे उतारकर सूचना दी। नाजमा के पिता, ग्राम लालापुर पीपलसाना ठाकुरद्वारा निवासी नन्हें ने बताया कि छह माह पहले उन्होंने अपनी बेटी की शादी की थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि बेटी के ससुरालियों ने दहेज की मांग की थी, जिसमें पति ने बुलेट बाइक की मांग की थी। शनिवार सुबह उनके बिचौलिए ने बेटी की मौत की सूचना दी। नन्हें ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एसएसआई जावेद मलिक ने बताया कि महिला की मौत के सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होंगे। परिजन भी रिपोर्ट के बाद तहरीर देने की बात कर रहे हैं।

# चोरी के आरोपी को नकदी व सामान के साथ दबोचा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** पड़ोसी के घर में चोरी करने के आरोपी को कोतवाली आईटीआई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से चोरी का सामान और नकदी बरामद की गई है।

जानकारी के अनुसार बीती 10 मार्च को मो. इस्लाम पुत्र गुलाम हुसैन, निवासी ग्राम परमानंदपुर ने तहरीर देकर बताया कि 28 फरवरी को रात करीब पौने बारह बजे, उनकी गैरहाजिरी में एक युवक उनकी छत से घर में दाखिल हुआ और अलमारी में रखे 5 हजार रुपये नकद, एक मिक्सी और एक प्रेस आयरन चोरी कर लिए। चोरी के दौरान आवाज सुनकर उनका पुत्र इसरान जाग गया और शोर मचाने पर चोर घर का मेन गेट खोलकर भाग गया। भागते समय उनके पुत्र ने अज्ञात युवक को पहचान लिया, जो उनके पड़ोस में रहने वाला नदीम था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक रवि सैनी ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस टीम ने आरोपी नदीम को मोदी कॉलोनी जाने वाले रास्ते, कचनाल गोसाई के पास से गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी किए गए 1,300 रुपये, एक प्रेस आयरन और एक मिक्सी बरामद हुए। मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक शंकर सिंह बिष्ट, हेड कांस्टेबल सिराज हुसैन व पंकज जोशी शामिल थे।

### हादसे में डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा

**काशीपुर:** निरयावली खादर, सोहत बूरावली, अमरोहा निवासी राजू सिंह पुत्र जगवीर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह टैक्सी चालक है और कार की स्वामी रेखा पत्नी राकेश कुमार, निवासी रम्पुरा, रुद्रपुर हैं। उन्होंने बताया कि वह 11 मार्च को हल्द्वानी निवासी माया देवी, सुमित, पूरन सिंह, रितेश, तान्या और नीमा देवी को लेकर हरिद्वार गए थे।

12 मार्च को हरिद्वार से वापस लौटते समय शाम करीब 6 बजे बांसखेडा हाईवे पर डंपर चालक ने अचानक यू-टर्न ले लिया, जिससे उनकी कार डंपर से टकरा गई। इस दुर्घटना में माया देवी को गंभीर चोटें आईं, उन्हें हल्द्वानी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं अन्य यात्रियों को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने डपंर चालक पर केस दर्ज कर लिया है।

# तीन मुकदमों में बयान देने पहुंचे चर्चित उद्योगपति अनूप

- विवेचकों ने अलग-अलग की अनूप अग्रवाल से वार्ता

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** चर्चित उद्योगपति अनूप अग्रवाल तीन मुकदमों में बयान देने शनिवार को काशीपुर कोतवाली पहुंचे। बयान देने के बाद वह वापस लौट गये।

शहर के उद्योगपति अनूप अग्रवाल पर काशीपुर व बाजपुर में सात केस दर्ज हैं। जिनमें से चार में पुलिस ने चार्जशीट लगा दी है। तीन में पुलिस को पूछताछ करनी थी। पुलिस को बीते कई महीनों से अनूप अग्रवाल की तलाश थी, लेकिन वह पुलिस के पकड़ से दूर थे। इसी बीच शनिवार को करीब 11.30 बजे अनूप गदरपुर विधायक अरविंद पांडे, अधिवक्ता आनंद रस्तोगी समेत 10-11 अधिवक्ताओं व समर्थकों के साथ कोतवाली पहुंचे। यहां उनके अधिवक्ता आनंद रस्तोगी ने बताया कि अनूप अग्रवाल पर दर्ज केसों का वाद हाईकोर्ट में चल रहा है। हाईकोर्ट ने 17 मार्च से पहले काशीपुर कोतवाली पुलिस को सहयोग करते बयान दर्ज कराने के आदेश जारी किए थे। जिसके बाद वह यहां बयान दर्ज कराने पहुंचे। उधर सीओ विभव सैनी के मुताबिक अनूप पर बाजपुर में 226/25 वादी स्टोन क्रशर संचालक ने केस दर्ज कराया था। जिसमें पुलिस ने धारा 34/ 406/ 420/ 504/ 506 छह लोग नामजद हैं। काशीपुर में 102/25 वादी सोना ठाकुर ने धारा 78/79/356 (2) बीएनएस में और 215/24 वादी गगन कंबोज ने 504/506 में एफआईआर हुई थी। इन तीनों मामलों में पुलिस को अनूप अग्रवाल की तलाश थी। शनिवार को हाईकोर्ट के आदेश पर यहां आने पर बाजपुर के मामले में आईओ एसआई चंदन बिष्ट, काशीपुर में सोना ठाकुर मामले में आईओ एसआई हेम चंद्र और गगन कंबोज के मामले में आईओ देवेंद्र मेहता ने अनूप अग्रवाल से अलग-अलग पूछताछ की। इधर सुबह करीब 11.50 से देर शाम तक जांच अधिकारियों की पूछताछ के चलते अनूप अग्रवाल के साथ आए अधिवक्ताओं और समर्थकों में पुलिस कार्यप्रणाली के चलते रोष फैल गया। अधिवक्ता आनंद रस्तोगी ने बताया कि पुलिस ने दो-तीन बार कहने के बावजूद शाम 5.30 बजे तक पूछताछ नहीं होने पर जब उन्होंने हाईकोर्ट की वेबसाइट पर शिकायती प्रार्थना पत्र देने की बात कही तो पुलिस ने शाम लगभग छह बजे अनूप अग्रवाल को छोड़ दिया।


काशीपुर की कोतवाली में बयान दर्ज कराने पहुंचे उद्योगपति अनूप अग्रवाल।

**सख्ती** | विद्युत विभाग का शहर में 2700 उपभोक्ताओं के 12 करोड़ रुपये का बकाया

# बिल न चुकाने पर 27 लोगों के कनेक्शन काटे

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार:** ऊर्जा निगम ने लंबे समय से बिल न चुकाने वाले बड़े बकाएदारों के खिलाफ सघन अभियान चलाकर मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को शहर में करीब 27 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए और लगभग 7.5 लाख रुपए के बकाया बिल की वसूली की गई। इस अचानक कार्रवाई से शहर में हड़कंप मच गया।

ऊर्जा निगम के जेई महेंद्र सिंह ने बताया कि कई उपभोक्ताओं को पहले भी नोटिस और चेतावनी दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद बिल जमा नहीं किए गए। ऐसे में विभाग के पास कनेक्शन काटने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। इससे प्रभावित लोगों को अब कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। महेंद्र सिंह ने कहा कि शहर में लगभग 2700 उपभोक्ताओं का कुल बकाया 12 करोड़ रुपए है। कई बार नोटिस देने के बावजूद कुछ लोगों की लापरवाही के कारण विभाग को यह कठोर कदम उठाना पड़ा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और जब तक बकाया जमा नहीं होगा, कनेक्शन बहाल नहीं किए जाएंगे।

इस पूरी कार्रवाई के दौरान सुरेंद्र श्रीवास्तव, देवाशीष मंडल और अन्य विभागीय कर्मी उपस्थित थे।


सितारगंज में उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करती ऊर्जा निगम की टीम।

### मुख्यमंत्री के आने की सूचना पर दौड़े अफसर

**जसपुर:** सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का शनिवार को जसपुर पहुंचने का कार्यक्रम प्रस्तावित था। उनके आने की सूचना पर सरकारी अमला सुबह से ही नादेही चीनी मिल के ग्राउंड में पहुंच गया। शनिवार की सुबह एसडीएम काशीपुर अभय प्रताप सिंह, तहसीलदार दलीप सिंह, भाजपा कार्यकर्ता और पुलिस टीम ने नादेही चीनी मिल के खेल मैदान में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री के हेलिकॉप्टर लैंडिंग की सूचना पर चीनी मिल प्रशासन ने भी मैदान की सफाई कराई। लेकिन दोपहर तक पता चला कि सीएम धामी पंतनगर पहुंच गए हैं और उनका जसपुर आने का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। इसके बाद सभी अफसर लौट गए। भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज पाल ने बताया कि सीएम अब रविवार को जसपुर पहुंचेंगे।


बाजपुर में घटना के बाद पर्यटकों से जानकारी लेते एसआई देवेंद्र मनराल।

### तीन वाहनों की भिड़ंत, पर्यटकों के बीच झगड़ा

**बाजपुर :** शनिवार की सायं करीब पांच बजे नैनीताल स्टेट हाईवे पर शहर के मध्य भगत सिंह चौक के निकट दिल्ली, मुरादाबाद और हरियाणा से नैनीताल व जिम कार्बेट व पर्वतीय क्षेत्रों की सैर पर जा रहे पर्यटकों के तीन वाहन आपस में भिड़ गए। बताया जा रहा है कि तीनों वाहन एक के पीछे एक चल रहे थे और अचानक ब्रेक लगने के कारण टक्कर हो गई। घटना के बाद वाहन चालकों और पर्यटकों के बीच एक-दूसरे को दोषी ठहराने को लेकर विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते बहस हाथापाई की नौबत तक पहुंच गई। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और झगड़ रहे पर्यटकों को समझा-बुझाकर शांत कराया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने तीनों वाहनों को अपने साथ कोतवाली ले गई। इस घटना के चलते कुछ समय तक मौके पर अफरातफरी का माहौल बना रहा। खबर लिखे जाने तक किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस को लिखित शिकायत नहीं दी गई थी। वहीं, कुछ स्थानीय लोग समझौते के प्रयास में जुटे हुए थे।

### नशे में हंगामा कर रहा युवक को गिरफ्तार

**बाजपुर** : शराब के नशे में सार्वजनिक स्थान पर हंगामा कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर शांति भंग की कार्रवाई की है। आरोपी पर राह चलते लोगों से गाली-गलौज करने और मारपीट पर उतारू होने का आरोप है। 13 मार्च की देर रात, अपर उपनिरीक्षक सुनील कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान दोराहा चौक पर राहगीरों ने सूचना दी कि एक युवक शराब पीकर आने-जाने वाले लोगों को गाली दे रहा है और झगड़े पर आमादा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां युवक नशे की हालत में लोगों से अभद्रता करते पाया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम निजामुद्दीन, निवासी ग्राम कनौरी बताया। पुलिस के समझाने पर वह और अधिक उग्र हो गया और पुलिसकर्मियों से भी अभद्रता करने लगा। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने आरोपी को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 के अंतर्गत हिरासत में लिया और उसके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए परगना मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

ब्रीफ न्यूज

### सात माह बाद मंजूर हुआ त्यागपत्र

**टनकपुर** : भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और प्रदेश कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य दीप चंद्र पाठक का त्यागपत्र पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने सात माह बाद स्वीकार कर लिया है। यह जानकारी भाजपा की टनकपुर मंडल अध्यक्ष तुलसी कुंवर ने दी है। दीप चंद्र पाठक ने अगस्त 2025 में भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया था, जिसे मंजूर नहीं किया गया। अब प्रदेश नेतृत्व ने त्यागपत्र स्वीकार कर लिया है। पाठक वर्ष 2019 से 2022 तक भाजपा के चम्पावत जिलाध्यक्ष रहे।

### कार चालक पर मुकदमा

**कालाढूंगी** : कोटाबाग – बैलपड़ाव मोटर मार्ग में कार की टक्कर में बाइक सवार की मौत हो गयी थी। शुक्रवार देर रात परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच जुट गई है। इस हादसे में हिमाशुं टम्टा (30) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी।

## जन शिकायतों का ठोस, प्रभावी समाधान करें अधिकारी: सीएम

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आयोजित 'मुख्य सेवक संवाद' कार्यक्रम में क्षेत्र की माताओं, वरिष्ठजनों, जनप्रतिनिधियों, पूर्णागिरि मेला समिति, व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों तथा नागरिकों से संवाद किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य जनसमस्याओं को सीधे सुनकर उनका त्वरित समाधान करना है। उन्होंने लोगों से क्षेत्र के विकास, जनसुविधाओं के विस्तार व स्थानीय समस्याओं से जुड़े विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने मौजूद लोगों जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र की आवश्यकताओं, सुझावों तथा समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों, व सुझावों पर गंभीरता से कार्य करें।

### श्रद्धालुओं की सुविधा सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि देशभर से मां पूर्णागिरि के दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने भविष्य की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि टनकपुर का बूम क्षेत्र पर्यटन एवं वॉटर स्पोर्ट्स के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसे एक आकर्षक वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। सरकार का संकल्प टनकपुर को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर एवं सुविधायुक्त बनाना है।

कुमाऊं में फूलदेई के साथ शुरू होगा भिटौली का महीना, फूल-फलों के स्वागत का पर्व फूलदेई का आज

## नया साल और नए फूलों का संदेश देता है फूलदेई पर्व

कमलेश कनवाल, अल्मोड़ा


अल्मोड़ा में जगह-जगह खिले प्योली के फूल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** लोकपर्व फूलदेई के साथ आज (रविवार) से चैत्र मास शुरू होगा। खास बात यह है कि बहन-बेटियों को भिटौली देने की परंपरा का निर्वहन भी इसी महीने होता है।

लोकपर्व फूलदेई पर आज के दिन फुलारी टोली का इंतजार लोगों को बड़ी बेसब्री से रहता है। टोली में छोटे लड़के-लड़कियां शामिल होते हैं। बच्चों के हाथ में जो टोकरी थाली रहती है उसमें फ्योंली, बुरांश, बासिंग, कचनार, गुलाब, गुड़हल, गेंदा और चावल रखे जाते हैं। जिन्हें घरों की देहरी पर चढ़ाकर घर-परिवार के लिए वसंत ऋतु जैसी समृद्धि और खुशहाली की दुआ मांगी जाती है। टोली ''फूलदेई छम्मा देई, जतुकै देला, उतुकै सही, दैणी द्वार, भर भकार'' गाकर घरों में देहरी पूजन करती है। पुरोहित प्रमोद कुमार लोहनी ने फूलदेई के साथ ही बेटियों को भिटौली देने की शुरुआत हो जाती है। वैदिक परंपरा में भी भिटौली के बारे में स्पष्ट लिखा गया है। उस समय देवताओं की खियों के मायके से उनके लिए भेंट आती थी। जिसे कुमाऊं में भिटौली कहा जाता है। भिटौली का एक माह तक रहेगा। इसके बाद बैसाख मास शुरू हो जाता है।

### सुख-समृद्धि का संदेश

लोक पर्व फूलदेई नए साल नए फूलों के आने का संदेश लाने के साथ ही सुख-समृद्धि का पर्व है। ये पर्व रविवार यानी आज गांव, कस्बों में मनाया जाएगा। चैत्र माह के पहले गते को पूरे घर, गांव कस्बों में बेटियों को सम्मान देने वाला यह उत्तराखंड का त्योहार मनाया जाता है।

### हल्दी मंत्र का विशेष महत्व

फूलदेई के दिन गांव में नए बच्चे के लिए विशेष नई टोकरी लगती है। साथ ही हल्दी मंत्र का विशेष महत्व है। कच्ची हल्दी मंत्र के बाद घर के जानवरों से लेकर सभी लोगों को खिलाई जाती है। साथ ही सभी पकवानों में वही हल्दी पड़ती है। इसका औषधि के रूप में विषैले रोगों के बचाव उद्देश्य है।

### उत्साह के साथ जुटे बच्चे

फूलदेई पर्व चेत्र माह के आगमन पर चेत्र के पहले गते को बच्चे घर-घर जाकर देली पूजन करेंगे। फूलदेई से एक दिन पहले शनिवार को ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के झुंड आसपास के जंगलों खेतों से फूल तोड़कर लाये है।

# सीएम ने दी एम्बुलेंस और मशीन की सौगात

## टनकपुर उप जिला चिकित्सालय में आधुनिक फेकोइमल्सीफिकेशन मशीन का लोकार्पण किया

- जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की पहल

संवाददाता, टनकपुर



एसीएलएस एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीएम पुष्कर सिंह धामी।


'मुख्य सेवक संवाद' में क्षेत्रीय लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को जनपद चम्पावत के नागरिकों को बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की।

मुख्यमंत्री ने उपजिला चिकित्सालय टनकपुर से एडवांस्ड कार्डियोवस्कुलर लाइफ सपोर्ट (एसीएलएस) एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अत्याधुनिक एम्बुलेंस के संचालन से क्षेत्र के मरीजों को आपातकालीन परिस्थितियों में अधिक उन्नत और त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सकेगी, जिससे गंभीर मरीजों को अस्पताल तक सुरक्षित एवं शीघ्र पहुंचाने में बड़ी सहायता मिलेगी।

यह एम्बुलेंस अत्याधुनिक जीवनरक्षक उपकरणों से सुसज्जित है, जो गंभीर हृदय रोग, दुर्घटना तथा अन्य आपातकालीन स्थितियों में मरीजों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने में सक्षम है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उपजिला चिकित्सालय टनकपुर में आधुनिक फेकोइमल्सीफिकेशन मशीन का भी लोकार्पण किया। इस अत्याधुनिक मशीन की स्थापना से अब मोतियाबिंद सहित विभिन्न नेत्र रोगों का उपचार आधुनिक तकनीक के माध्यम से स्थानीय स्तर पर ही संभव हो सकेगा। इससे मरीजों को उपचार के लिए अन्य जनपदों की ओर नहीं जाना पड़ेगा तथा क्षेत्र के बुजुर्गों सहित सभी नेत्र रोगियों को विशेष लाभ मिलेगा। सीएम ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सरकार का दायित्व है और सरकार इसमें कोई कोताही नहीं करेगी।

### निरीक्षण के साथ जाना मरीजों का हाल

मुख्यमंत्री ने अस्पताल परिसर में स्थापित नई डायलिसिस मशीन का निरीक्षण किया तथा उनकी कार्यप्रणाली के संबंध में चिकित्सकों से विस्तृत जानकारी ली। साथ ही अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री ने उपचाराधीन मरीजों एवं उनके परिजनों से आत्मीय संवाद कर अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता तथा उपचार व्यवस्था के संबंध में फीडबैक लिया। चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में प्रत्येक मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, त्वरित उपचार तथा संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित किया जाए।

### टनकपुर को मिलेगी डायलिसिस मशीन

सीएम ने टनकपुर अस्पताल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह चिकित्सालय एक ऐसे महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित है, जहां न केवल टनकपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के स्थानीय लोग बल्कि पड़ोसी देश नेपाल से भी बड़ी संख्या में मरीज बेहतर उपचार की उम्मीद में आते हैं। इसी विशेष महत्व को देखते हुए सरकार द्वारा यहां स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में उपलब्ध डायलिसिस सुविधा का विस्तार करते हुए जल्द ही यहां एक और डायलिसिस मशीन स्थापित की जाएगी।

### इनकी रही मौजूदगी

जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, नगर पालिका अध्यक्ष टनकपुर विपिन कुमार, ब्लॉक प्रमुख चम्पावत अंचला बोहरा, विधायक प्रतिनिधि टनकपुर दीपक रजवार, जिला महामंत्री हिमेश कलखुड़िया, डीएम मनीष कुमार, एसपी रेखा यादव, सीडीओ डॉ. जी.एस. खाती, एडीएम कृष्णनाथ गोस्वामी, नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय केदार सिंह बृजवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आवश्यकीय सेवाओं में हड़ताल पर लगे रोक

**अल्मोड़ा:** सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारी कल्याण समिति की शनिवार को मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों समेत नगर की तमाम समस्याओं पर चर्चा हुई।

नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि इन दिनों गैस बुकिंग को लेकर लोग परेशान हैं। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के लिए बुकिंग की सरल व्यवस्था करने, जल संस्थान से नालियों की ओर बिछी पाइपलाइनों को हटाने, आवश्यकीय सेवाओं में हड़ताल पर रोक लगाने, केमू बसों के आने जाने के समय से संबंधित सूचना के लिए बोर्ड लगाने, कर्मचारियों की मासिक बैठक के लिए स्थान की व्यवस्था करने समेत तमाम मांगों को रखा। इसके अलावा सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने तमाम समस्याओं को रखा और उनके निराकरण को लेकर शासन-प्रशासन से उचित समाधान करने की मांग उठाई। यहां बैठक में एएस कार्की, रमेश चंद्र तिवारी, दिवान सिंह बिष्ट, सीएस सिराड़ी, गणेश सिंह बिष्ट, बिशन सिंह, गंगा सिंह फर्त्याल, शेष राम, एमडी काण्डपाल, एनडी पांडे, डॉ. पीसी जोशी, एनसी जोशी समेत कई मौजूद रहे।

## दुकानों में छापेमारी से कांग्रेसियों में आक्रोश


रानीखेत में पूर्ति निरीक्षक के समक्ष आक्रोश जताते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार:** कमर्शियल गैस सिलेंडरों की किल्लत के बीच शुक्रवार को प्रशासन द्वारा नगर के होटल, रेस्टोरेंट और खान-पान की दुकानों में की गई छापेमारी से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्ति निरीक्षक से मुलाकात कर इस कार्रवाई पर कड़ा विरोध दर्ज कराया।

कांग्रेस कार्यकर्ता रानीखेत गैस एजेंसी पहुंचे और तहसीलदार दीपिका आर्या तथा पूर्ति निरीक्षक दीपा पांडे से मुलाकात कर कमर्शियल सिलेंडरों की भारी कमी के बावजूद दुकानों में छापेमारी किए जाने पर नाराजगी जताई। इस दौरान बीडीसी सदस्य दीपक करगेती ने कहा कि खाद्य विभाग द्वारा सत्तापक्ष के इशारे पर छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है और चुन-चुन कर व्यवसायियों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब विभाग और प्रशासन को व्यवसायियों के साथ सहानुभूति का व्यवहार करना चाहिए था, तब उन्हें छापेमारी कर प्रताड़ित किया जा रहा है और एफआईआर की धमकी दी जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब व्यापारी कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की कमी से पहले ही परेशान हैं, तो ऐसे समय में छापेमारी का क्या औचित्य है। साथ ही उन्होंने पूर्ति विभाग पर कार्रवाई के एवज में 'लिफाफे' लेने का आरोप भी लगाया। इस मौके पर पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष भगवंत नेगी, पूर्व उपाध्यक्ष दीपक पंत, कांग्रेस कोऑर्डिनेटर कुलदीप कुमार, मीडिया प्रभारी सोनू सिद्दीकी, गोपाल सिंह देव, विजय तिवारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# यूकेडी ने फूंका सरकार का पुतला

- पार्टी नेताओं को हिरासत में लेने पर जताया आक्रोश
- जल्द गैरसैंण को स्थाई राजधानी घोषित करने की उठाई मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा


अल्मोड़ा में राज्य सरकार का पुतला फूंकते यूकेडी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** यूकेडी के शीर्ष नेताओं को हिरासत में लेने पर कार्यकर्ताओं में रोष है। शनिवार को नाराज कार्यकर्ताओं ने नगर के चौघानपाटा में राज्य सरकार का पुतला फूंक जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार पर जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया।

इस मौके पर यूकेडी जिलाध्यक्ष दिनेश जोशी ने कहा कि भराड़ीसैंण गैरसैंण को जा रहे यूकेडी के शीर्ष नेताओं को रोककर हिरासत में ले लिया गया। जबकि कई कार्यकर्ताओं को नजरबंद कर दिया गया। कहा कि लंबे समय से मांग के बावजूद सरकार गैरसैंण को स्थाई राजधानी घोषित नहीं कर रही है। लोकतांत्रिक तरीके से विरोध के लिए जा रहे नेताओं के साथ इस तरह का व्यवहार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यहां पुतला फूंकने वालों में केंद्रीय मंत्री गिरीश नाथ गोस्वामी, युवा प्रकोष्ठ केंद्रीय संगठन मंत्री नरेंद्र सिंह बिष्ट, पान सिंह लटवाल, महिला जिलाध्यक्ष दीपा जोशी, युवा संगठन जिलाध्यक्ष रघुवर सिंह भाकुनी, सोनू नेगी, विनोद बिष्ट, मोहित साह, किरन मेहरा, दिवेश जोशी, अमित कुमार, अमन सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**टनकपुर :** यहां एक नाबालिग के साथ अश्लील हरकत और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपित के विरुद्ध पोक्सो सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नाबालिग के पिता की ओर से टनकपुर कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा है कि शुक्रवार दोपहर 2:30 बजे अजहर निवासी पेट्रोल पंप टंकी के पास, इस्लामनगर न्यूरिया, जनपद पीलीभीत ने उसकी 10 वर्षीय पुत्री के साथ अश्लील हरकत करते हुए गलत नीयत से शरीर को छुआ। साथ ही किसी से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। नाबालिग के पिता के अनुसार उसने आरोपित को आम तुड़वाई के लिए बुलाया था।

# सल्ट में कार खाई में गिरी, बैंक कैशियर की मौत

- सल्ट के कूपी बैंड के पास शुक्रवार रात हुआ हादसा

संवाददाता, अल्मोड़ा


सल्ट के कूपी बैंड के पास हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे है। विकासखंड सल्ट में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जहां एक कार गहरी खाई में गिर गई। जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की जांच की जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार शनिवार सुबह मारचूला के कूपी बैंड के पास ग्रामीणों ने खाई में गिरा एक वाहन देखा। इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। देखा कि वाहन संख्या यूके 19 बी 0880 खाई में गिरी हुई है। जिसमें एक व्यक्ति फंसा हुआ है। पुलिस टीम द्वारा स्थानीय लोगों की सहायता से रेस्क्यू कर व्यक्ति को वाहन से बाहर निकाला गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की शिनाख्त 35 वर्षीय सुभाष सिंह बिष्ट पुत्र धीरेंद्र सिंह बिष्ट, निवासी कचनाल गाजी, बिजली घर के पास, काशीपुर ऊधम सिंह नगर के रूप में हुई है। मृतक मूल रूप से ग्राम सुनवर्मा तल्ला, पटवारी क्षेत्र गुजडू, तहसील धुमाकोट, पौड़ी गढ़वाल के निवासी थे। थानाध्यक्ष सल्ट कश्मीर सिंह ने बताया कि मृतक पीएनबी बैंक थलीसैंण में हेड कैशियर के पद पर तैनात थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

आयोजन | लोक अदालत के तहत तीन बेंचों में लंबित वादों के 57 और प्री-लिटिगेशन के 177 वादों का निपटारा किया गया

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 234 वादों का हुआ निस्तारण

संवाददाता, अल्मोड़ा


अल्मोड़ा न्यायालय में शनिवार को लोक अदालत में पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में तीन बेंचों में लंबित वादों के 57 और प्री-लिटिगेशन के 177 कुल 234 वादों का निपटारा किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शचि शर्मा ने बताया कि लोक अदालत में मामलों के निस्तारण के लिए जिले में दो बेंच और बाह्य न्यायालय के लिए एक बेंच बनाई थी। जिला न्यायालय में जिला व सत्र न्यायाधीश की बेंच के समक्ष तीन मामले रखे गए। पारिवारिक न्यायालय में वैवाहिक और पारिवारिक विवादों के 4 मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया, जिसकी कुल समझौता राशि 5.22 लाख रुपये रही। वहीं बाह्य न्यायालय रानीखेत में गठित तीसरी पीठ के समक्ष एनआई एक्ट से संबंधित 14 मामलों का निस्तारण किया गया, जिनकी कुल समझौता राशि 97.69 लाख रुपये रही। जिले में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान कुल 57 लंबित मामलों और 177 प्री-लिटिगेशन मामलों सहित 234 मामलों का निस्तारण किया गया। लंबित मामलों में लंबित वादों में एक करोड़ 21 लाख 49 हजार 670 रुपये तथा प्री-लिटिगेशन मामलों में 95 लाख 64 हजार 843 रुपये की समझौता राशि तय हुई।

### 101 वादों का निस्तारण, 85 लाख से अधिक का सेटलमेंट

**टनकपुर** : अध्यक्ष व जिला जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चम्पावत अनुज कुमार संगल की अध्यक्षता तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भवदीप रावते के दिशा-निर्देशन में जिला न्यायालय परिसर चम्पावत एवं बाह्य न्यायालय टनकपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला बार संघ चम्पावत तथा तहसील बार संघ टनकपुर के अधिवक्तागण, नामित सदस्यगण, पैनल अधिवक्तागण, बैंक अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में आमजन ने प्रतिभाग किया तथा आपसी सहमति से मामलों के त्वरित निस्तारण का लाभ उठाया। राष्ट्रीय लोक अदालत के अंतर्गत प्रथम पीठ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चम्पावत द्वारा जिला न्यायालय चम्पावत में कुल 35 वादों का निस्तारण करते हुए 19,26,600 का सेटलमेंट कराया गया। वहीं द्वितीय पीठ, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) टनकपुर के न्यायालय द्वारा 24 वादों का निस्तारण करते हुए 26,36,750 का सेटलमेंट किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद चम्पावत के समस्त न्यायालयों में प्री-लिटिगेशन स्तर पर मनी रिकवरी से संबंधित 42 वादों का निस्तारण कर 39,38,778 की धनराशि का सेटलमेंट कराया गया।

# खेती में जैविक खाद का करें प्रयोग

संवाददाता, रानीखेत


रानीखेत के एरोड़ गांव में आयोजित बैठक में मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत समीपवर्ती ग्राम सभा ऐरोड़ में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान खस्टी अधिकारी ने की।

बैठक में पारंपरिक तरीके से जैविक खाद का प्रयोग कर खेती करने पर जोर दिया गया, ताकि फसलों की गुणवत्ता में सुधार हो सके और उत्पादन बेहतर हो सके। कर्मचारी कृष्णानंद कांडपाल ने जैविक कृषि के लाभ और संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा कम्पोस्ट पिट तैयार करने और उनके रखरखाव के लिए किसानों को प्रति कम्पोस्ट पिट 5500 रुपये का अनुदान दिया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में जैविक कृषि उत्पादों की बाजार में मांग बढ़ रही है। जैविक उत्पाद गुणवत्ता में बेहतर होते हैं और रासायनिक उत्पादों की तुलना में स्वास्थ्य के लिए कम हानिकारक होते हैं। सरकार भी परंपरागत कृषि को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है, जिनका लाभ प्रत्येक किसान को लेना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश अधिकारी ने परंपरागत कृषि के फायदे बताए। इस मौके पर खीम सिंह, खुशाल सिंह, उमेद सिंह, भगत सिंह, दीपा देवी, सरिता अधिकारी, गीता अधिकारी, रामा बिष्ट, रेखा आदि ग्रामीण रहे।



उस दा मुख इक जोत है, घुंघट है संसार।
घुंघट में ओह छुप्प गया, मुख पर आंचल डार।।

बुल्ले शाह कहते हैं, परमात्मा का मुख एक दिव्य ज्योति (रोशनी) के समान है, जबकि यह संसार एक घूंघट के समान है। भगवान ने इस संसार रूपी घूंघट को अपने मुख पर डाल लिया है, जिसके कारण वह छिपे हुए हैं और हमें दिखाई नहीं देते।

# विश्व को सुंदर बनाने की अभिलाषा ही हिंदुत्व

वैज्ञानिक खोजों ने मानव संहार के अनेक उपकरण बनाए हैं। मध्य पूर्व में युद्ध जारी है। मानवता बारूद के ढेर पर है। विज्ञान निर्मम है। उसका लोकमंगल से कोई लेना-देना नहीं है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले धर्महीन समाज विश्व के अस्तित्व के लिए खतरा हैं। हिंदू धर्म की दृष्टि में पूरी पृथ्वी एक परिवार है। इस परिवार में केवल मानव समाज का हित चिंतन ही नहीं है। वैदिक चिंतन में सभी जीव, पशु-पक्षी और कीट-पतंगा भी हमारे परिजन हैं। वनस्पतियां-औषधियां भी उपास्य हैं। विज्ञान में ऐसी प्रीतिपूर्ण दृष्टि नहीं है। विज्ञान सिर्फ सत्य तथ्य देता है। सत्य तथ्य शिरोधार्य है, लेकिन सत्य का शिव और सुंदर होना भी जरूरी है। वैदिक दर्शन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण है। लोकमंगल का उद्देश्य है और विश्व को सुंदर बनाने की अभिलाषा है। इन सबका सार हिंदुत्व है। कोई अंधविश्वास नहीं। कोई जबरदस्ती नहीं। असहमत के प्रति भी आदर भाव है। हिंदुत्व में प्रेय श्रेय साथ-साथ हैं। विज्ञान और लोक मंगल भी परस्पर प्रीति में हैं।

> वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले धर्महीन समाज विश्व के अस्तित्व के लिए खतरा हैं। हिंदू धर्म की दृष्टि में पूरी पृथ्वी एक परिवार है। इस परिवार में केवल मानव समाज का हित चिंतन ही नहीं है। वैदिक चिंतन में सभी जीव, पशु-पक्षी और कीट-पतंगा भी हमारे परिजन हैं। वनस्पतियां-औषधियां भी उपास्य हैं। विज्ञान में ऐसी प्रीतिपूर्ण दृष्टि नहीं है। विज्ञान सिर्फ सत्य तथ्य देता है। सत्य तथ्य शिरोधार्य है, लेकिन सत्य का शिव और सुंदर होना भी जरूरी है। वैदिक दर्शन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण है।

डॉ. राधा कृष्णन ने कहा है, 'वैज्ञानिक हमें ऐसे विभिन्न ढंग बताते हैं, जिनसे पृथ्वी नष्ट हो सकती है। यह कभी सुदूर भविष्य में चंद्रमा के बहुत निकट आ पहुंचने से या सूर्य के ठंडा पड़ जाने से नष्ट हो सकती है। कोई पुच्छल तारा पृथ्वी से टकरा सकता है। धरती से ही कोई जहरीली गैस निकल सकती है, परंतु यह सब बहुत दूर की संभावनाएं हैं; जबकि अधिक संभावना इस बात की है कि मानव-जाति स्वयं जान-बूझकर किए गए कार्यों से और अपनी मूर्खता और स्वार्थ के कारण, जो मानव-स्वभाव में मजबूती से जमे हुए हैं, नष्ट हो सकती है। यह बड़ी करुणाजनक बात है कि ऐसे संसार में जो हम सब के आनंद लेने के लिए है और जो हम यदि आजकल युद्ध यंत्रजात को पूर्णता तक पहुंचने में लगाई जा रही ऊर्जाओं के केवल थोड़े-से हिस्से का ही इसके लिए उपयोग करें, तो सबके जीवन को आनंदमय बनाया जा सकता है।'

हिंदुत्व भारत की प्रकृति है और संस्कृति भी। यह भारत के लोगों की जीवनशैली है। इस जीवन शैली में सभी विश्वासों के प्रति आदर भाव है, लेकिन भारतीय राजनीति के आख्यान में हिंदुत्व के अनेक चेहरे है। उग्र हिंदुत्व, मुलायम (सॉफ्ट) हिंदुत्व, सांप्रदायिक हिंदुत्व आदि अनेक विशेषण मूल हिंदुत्व पर आक्रामक हैं। अंग्रेजी भाषांतर में हिंदुत्व को हिंदुइज्म कहा जाता है। इज्म विचार होता है। विचार 'वाद' होता है। वाद का प्रतिवाद भी एक विचार होता है। पूंजीवाद-कैप्टलिज्म है। समाजवाद सोशलिज्म है। इसी तरह कम्युनिज्म है। अंग्रेजी का हिंदुइज्म भी हिंदूवाद का अर्थ देता है, लेकिन हिंदुत्व हिंदूवाद नहीं है।

हिंदुत्व समग्र मानवीय अनुभूति है। वीर होना वीरवाद नहीं होता, वीर होने का भाव वीरता है। दयावान होना दयावाद नहीं दयालुता है। हिंदू होना हिंदुता या हिंदुत्व है। कुछ विद्वान हिंदू को मुसलमानों द्वारा दिया गया शब्द मानते रहे हैं, लेकिन यह सही नहीं है। हिंदू शब्द का प्राचीनतम उल्लेख 'अवेस्ता' में है और अवेस्ता इस्लाम से सैकड़ों वर्ष पुराना है। डेरियस (522-486 ईपू) के शिलालेख में भी हिंदू शब्द का उल्लेख है। हिंदू शब्द विशेष संस्कृति वाले जनसमूह का द्योतक है।

डॉ. राधा कृष्णन ने वाराणसी हिंदू विश्व विद्यालय व कलकत्ता (कोलकाता) विश्व विद्यालय में हिंदू तत्व पर 1942 में भाषण दिए थे। उन्होंने 'धार्मिक आदर्शों' की दृष्टि से समाज के पुनर्गठन' पर कलकत्ता (कोलकाता) विश्वविद्यालय में कहा, "भारतीय जीवन और विचार के किसी पहलू पर तुलनात्मक दृष्टि से विवेचन एक विस्तृत विषय है।" जीवन मूल्यों से समाज के आदर्श व सांस्कृतिक व्यवहार प्रभावित होते हैं और सभ्यता की उम्र भी। भारतीय राष्ट्रजीवन की सांस्कृतिक निरंतरता स्वयं सिद्ध है और प्राचीनता का मूल कारण विचारणीय है।

डॉ. राधा कृष्णन ने औरंगजेब द्वारा अपने अध्यापक मुल्ला साहब को लिखे पत्र का सुंदर उदाहरण दिया है, ''तुमने मेरे पिता शाहजहां से कहा था कि तुम मुझे दर्शन पढ़ाओगे। यह ठीक है, मुझे भली भांति याद है कि तुमने अनेक वर्षों तक मुझे वस्तुओं के संबंध में ऐसे अनेक अव्यक्त प्रश्न समझाए, जिनसे मन को कोई संतोष नहीं होता और जिनका मानव-समाज के लिए कोई उपयोग नहीं है। ऐसी थोथी धारणाएं और खाली कल्पनाएं, जिनकी केवल यह विशेषता थी कि उन्हें समझ पाना बहुत कठिन था और भूल पाना बहुत सरल था। क्या तुमने कभी मुझे यह सिखाने की चेष्टा की कि शहर पर घेरा कैसे डाला जाता है या सेना को किस प्रकार व्यवस्थित किया जाता है?" औरंगजेब के जीवन का आदर्श युद्ध है। युद्ध मानवीय मूल्य रहित हिंसा है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश

डॉ. राधा कृष्णन के अनुसार, 'तत्कालीन विश्व का संकट यही है कि वह सैनिक व्यवस्था के विषय में सब कुछ जानता है और जीवन मूल्यों के दर्शन व धर्म के केंद्रीभूत प्रश्नों के संबंध में बहुत कम जानता है।' भारतीय संस्कृति में मनुष्य की महिमा है। आनंदमय जीवन की अभिलाषा है। इस अभिलाषा को पूरा करने की आचार संहिता है। यह संहिता हिंदू धर्म है। इस आचार संहिता में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। गांधी जी अहिंसा को उत्कृष्ट जीवन मूल्य बताते थे। इस आदर्श का प्रेरणा केंद्र हिंदुत्व है।

संप्रति दुनिया में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की आंधी है। भारत में यह सेकुलरवाद के रास्ते हिंदू धर्म को भी कालवाह्य घोषित करने पर आमादा है। अन्य पंथ रिलीजन अपनी कट्टरता के चलते वैज्ञानिक दृष्टिकोण को श्रेष्ठ नहीं मानते। वैज्ञानिक दृष्टिकोण अनुचित नहीं है। वैज्ञानिकों ने प्रकृति के तमाम रहस्यों को उघाड़ने का काम किया है। अंधविश्वासी मतों, पंथों को भी चुनौती मिली है।

विज्ञान सत्य की खोज करता है। समाज ऐसी खोजों का उपयोग करता है। समाज इनका दुरुपयोग भी करता है। विश्व में पंथिक मजहबी मान्यताओं को लेकर तमाम युद्ध हुए हैं। हिंदू दर्शन भी सत्य का शोध करता है। दर्शन का उद्देश्य केवल सत्य का निर्वचन करना ही नहीं है। इसका ध्येय मनुष्य का दुख दूर करना है। हिंदू धर्म का उद्देश्य दुख का निवारण और आनंद की प्राप्ति है। समाज में आनंद का आपूरण विज्ञान का लक्ष्य नहीं है। विज्ञान के गले में लोकमंगल की घंटी डालने की आवश्यकता है। यह कार्य हिंदुत्व के रास्ते अधिक संभव है। हिंदुत्व लोकमंगल का पर्याय है।

भारत का जीवन ध्येय आनंद है। केवल वैयक्तिक आनंद नहीं; सामाजिक सामूहिक आनंद भी। विवेकानंद ने कहा है, "सभी देशों के निचले स्तर के मनुष्य इन्द्रियों के आनंद में उत्साह दिखाते हैं, किंतु जो सच्चे अर्थों में शिक्षित और सुसंस्कृत हैं, उनके आनंद का आधार विचार और कला होती है। दर्शन और विज्ञान होता है।" सुख और आनंद के अनेक मानसिक व बौद्धिक तल होते हैं। इंद्रिय भोग का सुख निम्न तल है। ज्ञान का सुख आनंद उच्च तल पर है। कला का आनंद गहरा है, लेकिन अनुभूति दर्शन का आनंद बहुत गहरा है। उपनिषद् दर्शन में आनंद की गहन अनुभूति है। तैत्तिरीय उपनिषद् में आनंद की व्याख्या है। शुरुआत में कहते हैं, "सैषा आनंदस्य मीमांसा भवति-अब उस आनंद की मीमांसा करते हैं।"

बताते हैं, 'मनुष्य युवा हो, श्रेष्ठ आचरण वाला हो। अध्ययनशील हो। संपूर्ण अंग बल युक्त हो। स्वस्थ हो। धन संपदा से युक्त हो तो इस लोक में आनंद है।' यहां आनंद के सभी उपकरण प्रत्यक्ष हैं। भौतिक हैं। संसारी हैं। कोई अंध आस्था नहीं। भाववाद नहीं। आनंद की प्राप्ति का स्थान भी यही लोक है। आनंद का आनंद इसी संसार में है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# क्रीमी लेयरः आय के आधार पर वर्गीकरण उचित नहीं

भारत में आरक्षण व्यवस्था सामाजिक न्याय और समान अवसर की अवधारणा को मजबूत करने के उद्देश्य से लागू की गई है। इसका मूल लक्ष्य उन वर्गों को मुख्यधारा में लाना है, जो ऐतिहासिक रूप से सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े रहे हैं। इसी व्यवस्था के अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग को शिक्षा और सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया गया है, हालांकि यह सुनिश्चित करने के लिए कि आरक्षण का लाभ वास्तव में जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे, क्रीमी लेयर की व्यवस्था बनाई गई है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इसी विषय से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि क्रीमी लेयर का निर्धारण केवल माता-पिता की आय के आधार पर नहीं किया जा सकता, बल्कि उनके पद और सामाजिक स्थिति को भी ध्यान में रखना आवश्यक होगा।



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

इसकी सुनवाई न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर माधवन की पीठ ने की। पीठ ने केंद्र सरकार की उन अपीलों को खारिज कर दिया, जो मद्रास, केरल और दिल्ली उच्च न्यायालयों के फैसलों के खिलाफ दायर की गई थीं। न्यायालय ने कहा कि क्रीमी लेयर का निर्धारण करते समय केवल वेतन या आय को आधार बनाना उचित नहीं है। इसके साथ-साथ यह भी देखना जरूरी है कि माता-पिता किस पद पर कार्यरत हैं और उनकी सामाजिक स्थिति क्या है। अदालत ने स्पष्ट किया कि क्रीमी लेयर की अवधारणा का उद्देश्य केवल आय के आधार पर वर्गीकरण करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि आरक्षण का लाभ वास्तव में सामाजिक व शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों तक पहुंचे।

> सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि क्रीमी लेयर की अवधारणा का उद्देश्य केवल आय के आधार पर वर्गीकरण करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि आरक्षण का लाभ वास्तव में सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों तक पहुंचे।

इस मामले में एक महत्वपूर्ण विवाद वर्ष 1993 में जारी केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन और वर्ष 2004 में जारी स्पष्टीकरण पत्र को लेकर सामने आया। वर्ष 1993 के कार्यालय ज्ञापन में क्रीमी लेयर निर्धारित करने के लिए आय के साथ-साथ माता-पिता के पद और सामाजिक स्थिति को भी महत्व दिया गया था। उस समय यह व्यवस्था बनाई गई थी कि श्रेणी-एक और कुछ श्रेणी-दो अफसरों के बच्चों को क्रीमी लेयर माना जाएगा, क्योंकि उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर मानी जाती है। अन्य मामलों में आय की एक सीमा तय की गई थी, जो उस समय ढाई लाख रुपये प्रतिवर्ष थी। बाद में इसे बढ़ाकर आठ लाख प्रतिवर्ष किया गया।


इसके विपरीत वर्ष 2004 में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी स्पष्टीकरण में यह कहा गया कि विश्वविद्यालयों, बैंकों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत कर्मचारियों के बच्चों के लिए क्रीमी लेयर का निर्धारण मुख्य रूप से आय सीमा के आधार पर किया जाएगा। इस व्याख्या के कारण कई ऐसे अभ्यर्थियों को क्रीमी लेयर में शामिल कर दिया गया, जिनके माता-पिता सरकारी सेवा में नहीं थे, लेकिन उनकी आय निर्धारित सीमा से अधिक थी। परिणामस्वरूप ऐसे कई अभ्यर्थी ओबीसी के गैर-क्रीमी लेयर वर्ग का लाभ लेने से वंचित हो गए। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि वर्ष 2004 का यह स्पष्टीकरण वर्ष 1993 के कार्यालय ज्ञापन की मूल भावना के विपरीत है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# आनंद के संग्रह का महीना है रमजान

इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार रमजान का महीना 9वां महीना है, जबकि 10 महीने शव्वाल महीने में ईद का पर्व मनाया जाएगा। इस दृष्टि से 10वें महीने के स्वागत का महीना है रमजान। अंक के हिसाब से देखें तो 9 का अंक इकाई ही है और 10वां माह इकाई से दहाई में बदल जा रहा है। इसके सूक्ष्मभाव पर नजर डालें, तो व्यक्ति को समूह में जीने का संदेश भी दे रहा है रमजान का महीना। समूह में जीने के लिए स्नेह, प्रेम, दया की जरूरत होती है और जिसके पास यह है, उसका जीवन खुद-ब-खुद खुशी से भरा रहेगा। ईद के आने के पहले मन-मस्तिष्क में आनंद का सैलाब पैदा करने के पीछे पूरा विज्ञान शामिल है।

10वें माह में आने वाले ईद पर्व के लिए तन-मन को तैयार करने के लिए रमजान महीने के कुछ नियम बने, ताकि व्यक्ति अपने निजी जीवन में भी नियम के साथ रह सके। सहरी यानी सूरज निकलने के पहले फज्र की नमाज़ के पहले सो के उठना, मेडिकल साइंस के हिसाब से सेहत के लिए लाभप्रद है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

ताजा रिसर्च के अनुसार शरीर के हार्मोन्स आंतरिक सफाई का काम उसी समय करते हैं और उसके बाद सूरज डूबने के समय मगरिब की नमाज के समय अफ्तार (सूरज डूबने के पहले) का वक्त है। इस समय वातावरण में ऐसी तरंगें होती हैं, जिसमें किए गए भोजन से तन और मन स्वस्थ रहता है। विभिन्न धर्मावलंबी भी सूर्य डूबने के पहले भोजन कर लेते हैं।

रमजान महीने में रात को इशा के नमाज के बाद तरावीह की नमाज के दौरान कुरान पाक को सुना जाता है। कुरान पाक में तीस 'पारे', छोटी-बड़ी 114 'सूरतें' हैं। इस प्रकार धार्मिक पद्धति से एक माह कुरान को पढ़ या सुनकर शव्वाल महीने में आने वाले ईद के लिए पूरी तरह दुरुस्त होने का यह रिहर्सल का महीना है। ईद भी 'ऊद' शब्द से बना है, जिसका मतलब सुगंध है। जीवन को सुगंधित बनाने का रमज़ान का माह यह संदेश लेकर हर साल आता है कि इस्लाम धर्मावलंबी ऐसा कार्य करें, जिससे वह जहां रहें और जहां जाएं खुशबू बिखेर दें।

रमज़ान महीने में रोज़ा रखने का यह भी उद्देश्य है कि दिन भर बिना कुछ खाए-पीए रहने से शरीर को जो तकलीफ मिलती है, वह यह संदेश देता है कि जो लोग आर्थिक दृष्टि से मजबूर हैं, वे बिना खाए-पीए रहते हैं तो कितनी तकलीफ उन्हें मिलती होगी, इसलिए सिर्फ इस्लाम में ही नहीं, हर धर्मों में कहा गया है कि सक्षम व्यक्ति को चाहिए कि वह आसपास-पड़ोस के उन लोगों की जानकारी रखें तथा उनकी मदद करें जो अभावग्रस्त हैं। किसी अभावग्रस्त व्यक्ति की सहायता करने से सुकून मिलता है। प्रयास यही करना चाहिए कि अभावग्रस्त व्यक्ति को स्वावलंबी बनाने में मदद की जाए न कि उन्हें खैरात में कुछ पाने की आदत बन जाए। जकात या दान सही व्यक्ति को ही करने से पुण्य (सवाब) मिलता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# अमेरिकी अपना रहे 'ऑफ-ग्रिड' जीवनशैली

अमेरिका इन दिनों युद्ध को लेकर इतना आक्रमक है, उसके नागरिकों के बीच 'ऑफ-ग्रिड' जीवन शैली अपनाने वालों की संख्या में निरंतर वृद्धि होती जा रही है। 'ऑफ-ग्रिड' यानि सार्वजनिक उपयोगिताओं या भौतिक सुविधाओं को छोड़ना। दिलचस्प यह है कि इस रुझान को आरामदेह और आत्मनिर्भर जीवन की चाहत समझा जा रहा है, न कि महज मजबूरी। अनुमान है कि वर्ष 2035 तक अमेरिका में लगभग 12 प्रतिशत घर ऑफ-ग्रिड हो जाएंगे। रोचक तथ्य यह भी है कि ताजा प्रवृत्ति सिर्फ पर्यावरण प्रेमियों तक सीमित नहीं रही, बल्कि मुख्यधारा में भी अब लोकप्रिय हो रही है। जमीनी जीवन शैली के इस क्रम में लोग सोलर पैनल, विंड टर्बाइन और निजी जल स्रोतों (कुएं, वर्षा जल संचयन) का उपयोग करके बिजली और पानी की पब्लिक सप्लाई का त्याग कर रहे हैं। यही कवायद आत्मनिर्भरता और सुकून वाले जीवन का आधार बनती जा रही है।

> अमेरिका में 'ऑफ-ग्रिड' जीवनशैली अपनाने वालों की संख्या में निरंतर वृद्धि होती जा रही है। 'ऑफ-ग्रिड' यानी भौतिक सुविधाओं को छोड़ना। दिलचस्प यह है कि इस रुझान को आरामदेह और आत्मनिर्भर जीवन की चाहत समझा जा रहा है न कि महज मजबूरी।

ऐसी लाइफ स्टाइल को अपनाने के कारण भी हैं। अमरीका के कैलिफोर्निया, टेक्सास और लुइसियाना जैसे राज्यों में प्राकृतिक आपदाओं के कारण भी बिजली कटौती के चलते तमाम ग्रिड से अलग हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक उपयोगिताओं की बढ़ती लागत भी एक प्रमुख वजह है। ऐसा भी नहीं है कि वहां लोग आधुनिक ऑफ-ग्रिड शैली अपना कर आदिम युग में जीने लगे हों। इससे अलग उनके पास उन्नत तकनीक जैसे लिथियम बैटरी, स्मार्ट होम सिस्टम आदि विकल्प हैं, जिससे उनकी जीवन शैली पहले से तनावमुक्त है।



अजय दयाल
हल्द्वानी

इसी कड़ी में यह भी समझना होगा कि ऊर्जा की बढ़ती दरों के कारण 2025 तक 19 प्रतिशत अमेरिकियों को बिजली की आपूर्ति बंद होने का सामना करना पड़ा, जिससे त्रस्त आकर उन्होंने विकल्प के तौर पर आत्मनिर्भरता का रास्ता पकड़ा। साफ शब्दों में समझें तो अमरीका में एक नई जीवन शैली आकार ले रही है, जहां लोग सरकारी या निजी ग्रिडों की निर्भरता से अलग होकर, निजी संसाधनों से मानसिक तकलीफ से दूर होकर स्वतंत्र जीना पसंद कर रहे हैं।

थोड़ा रिसर्च कीजिए तो प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रह कर सफल जीवन जीने वालों के और भी उदाहरण देशी-विदेशी लेखकों की पुस्तकों और इन पर बनी फिल्मों में मिल जाएंगे। ऐसी ही एक सच्ची कहानी जहाज दुर्घटना में फंसे रॉबिन्सन परिवार की है। 19वीं सदी की शुरुआत में पूर्वी इंडीज में आए एक भयंकर तूफान के कारण उनकी जहाज यात्रा एक ऐसे टापू पर अटकती है, जहां भौतिक कुछ था ही नहीं।

यहां दस वर्षों से अधिक समय गुजारने वाले परिवार को अनेक रोमांच और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। पेड़ पर घर बनाने से लेकर नए-नए उपकरण और संरचनाएं बनाते सभी ने जीवन यापन किया। वास्तव में यह सच्ची घटना उनके आरामदेह और टिकाऊ जीवन बनाने के प्रयासों और अंततः सकुशल जिंदा रहने के जज़्बे का उदाहरण बनी।

उदाहरण उन लोगों के लिए है, जो बिना बिजली अथवा गैस सिलेंडर के जीवन यापन करने की कल्पना मात्र से भयभीत हैं। रॉबिन्सन फैमिली की ऐतिहासिक जुगत विकासशील दुनिया में रह रहे आम लोगों के सामने नजीर है, जिनपर ताजा युद्ध का प्रभाव पड़ने जा रहा है। आग पर खाना पकाना, नदियों में नहाना है और एक साधारण बल्ब या लकड़ी की रोशनी भी विलासिता ही समझनी होगी, क्योंकि इस नये जीवन में लोग सार्वजनिक उपयोगिताओं से मुक्त होकर आरामदेह बल्कि आत्मसंतुष्ट जीवन शैली जी रहे हैं।

रॉबिन्सन फैमिली की तरह प्राकृतिक चिकित्सक मिस्टर हॉल और उनकी पत्नी एलिसिया ब्लिस हॉल का उदाहरण है, जो ऐसे इलाके में रहते हैं जहां बिजली की सुविधा बिल्कुल नहीं है। उनके दो केबिनों में बिजली पूरी तरह से सौर पैनलों से आती है। पानी के लिए नदी, जबकि खाना पकाने के लिए लकड़ी से जलने वाले चूल्हे हैं। वे धारा में एक जलविद्युत प्रणाली स्थापित कर रहे हैं जो सौर ऊर्जा में योगदान देगी।

ऐसे लोंगों का ग्रिड से अलग रहकर जीवन यापन करना पहले से कहीं अधिक व्यावहारिक और आरामदेह हो गया है। लेखक रोसेन का अनुमान है कि अमेरिका में बिना बिजली-पानी के जीवन यापन करने वाले लोगों की संख्या में भी प्रति वर्ष लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है।

# कैनेडी बने थे उपभोक्ता अधिकारों की पहली आवाज

15 मार्च यानी वो तारीख जब उपभोक्ता अधिकारों की मशाल जलाई गई, जिसकी नींव 1962 में अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने रखी थी। उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करते हुए पहली बार उपभोक्ता के अधिकारों को परिभाषित किया था। उन्होंने कहा था, "उपभोक्ता अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा समूह है, जो लगभग हर आर्थिक निर्णय को प्रभावित करता है, लेकिन फिर भी उसकी आवाज अक्सर अनसुनी रह जाती है।" इस दिवस को आधिकारिक रूप से मनाने की शुरुआत 15 मार्च 1983 से हुई थी।

वर्तमान परिदृश्य में बाजार का स्वरूप बिल्कुल बदल चुका है। उपभोक्ताओं के सामने कई चुनौतियां खड़ी हैं।



संजीव मेहरोत्रा
रिटायर बैंककर्मी

इस बार की थीम 'सुरक्षित उत्पाद, आश्वस्त उपभोक्ता' है, जो कहीं न कहीं आज के दौर की सबसे बड़ी जरूरत को दर्शाती है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत चार अधिकार दिए गए हैं, जिनमें सुरक्षा, सूचना, चयन और सुनवाई का अधिकार शामिल है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि दिए गए अधिकारों का क्या हम उपयोग कर पा रहे हैं, क्या हमें उनका लाभ मिल पा रहा है।

आज बाजार में विकल्पों की लंबी फेहरिस्त है। लुभावने विज्ञापन और सस्ते दामों में चीजें देने का दावा है। उपभोक्ता अब दुकानों तक सीमित नहीं है, वह उससे भी आगे निकल चुका है। वह ई-कामर्स की दुनिया में है, जिसके अपने फायदे और नुकसान हैं। यहां उपभोक्ता को लुभावने और गुमराह करने वाले तरीकों से अनचाही खरीदारी करने के लिए मजबूर किया जाता है। कई उत्पादों का फेक रिव्यूज दिया जाता है। इंटरनेट पर तमाम ऐसे प्लेटफार्मस हैं, जो उत्पादों के रिव्यूज के नाम पर फेक यानी गलत जानकारी देकर गुमराह करते हैं।

भारत में 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019' ने ई-कॉमर्स को अपने दायरे में लिया और यहां से उपभोक्ताओं को नई मजबूती दी, जिसके तहत गुमराह करने वाले विज्ञापनों के लिए हस्तियों व कंपनियों पर भारी जुर्माने का प्रावधान भी किया गया है। लोगों को भी खरीदारी के समय बिल लेने, आईएसआई, एगमार्क जैसे मानकों सहित उत्पाद की एक्सपायरी तिथि जांचने की आदत डालनी होगी।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नेपाल में बालेन शाह का चुना जाना महज इत्तेफाक नहीं

नेपाल में बालेन शाह के नेतृत्व में सत्तारूढ़ होने वाली नई सरकार के कामकाज के तौर-तरीकों की प्रतीक्षा में दुनिया के कई देश हैं, लेकिन नेपाल के पड़ोसी देशों को खास तौर पर इसकी प्रतीक्षा बेसब्री से है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष मतदान के चुनाव की गिनती पूरी हो चुकी है, दोनों चुनाव प्रणाली में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को 175 से अधिक सीटें हासिल हुई हैं। प्रत्यक्ष प्रणाली के चुनाव में 165 सीटों में से राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को सर्वाधिक 125 सीटें हासिल हुई हैं, जो अब तक किसी भी पार्टी को मिली सीटों से कहीं ज्यादा है। अप्रत्यक्ष चुनाव प्रक्रिया में अभी कुछ आधिकारिक औपचारिकता बाकी है, जिस वजह से नेपाल में नई सरकार के सत्तारूढ़ होने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। इस बीच यह साफ है कि नई सरकार का गठन बालेन शाह के नेतृत्व में ही होगा।



राजशाही के परंपरागत राजाओं के राजतिलक को छोड़ दें, तो दुनिया में इक्का-दुक्का उदाहरण ही मिलेंगे, जब किसी देश ने 35 वर्षीय एक नौजवान पर भरोसा जताते हुए सत्ता की चाभी सौंप दी हो। काठमांडू के नारा देवी में पैदा हुए, बालेन शाह का पैतृक गांव मधेश के महोत्तरी जिले में है। उनके पिता आयुर्वेदिक चिकित्सक हैं। बालेन शाह के रैप सांग में मुख्यतः नेपाल की पीड़ा और दुश्वारियों का दर्दनाक वर्णन होता था और यही कारण है कि वे नेपाल के युवाओं में रोल-मॉडल बन गए। युवाओं ने उन्हें 2023 में पहले काठमांडू का मेयर बनाया और अब नेपाल भर के इन्हीं युवाओं ने नेपाल की सत्ता सौंप दी। बालेन शाह के नेतृत्व में सत्तारूढ़ होने वाली इस सरकार में अपेक्षाकृत युवाओं की भरमार होगी। राजनीतिक विश्लेषकों के आकलन में इस युवा सरकार को लेकर आशा और उम्मीद तो है, लेकिन कुछ भ्रांतियां और संशय भी है, जिस पर से पर्दा हटना बाकी है।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

वाकई यह हैरत की बात है कि जिस आंदोलन में राजधानी काठमांडू तबाह हुआ हो, उसका इल्जाम युवाओं पर लगा हो और उन्हीं युवाओं में से कुछ राजनीति में आकर चुनाव लड़ रहे हों और जनता इन पर विश्वास जताते हुए सत्ता सौंपने का निर्णय ले रही हो, तो यह महज एक्सीडेंटल नहीं है। सोचिए नेपाल की जनता अपनी ही चुनी हुई सरकारों द्वारा कितना धोखा खाई होगी और कितनी बार ठगी गई होगी, तब ऐसा निर्णय लेने को मजबूर होना पड़ा होगा। बालेन शाह के नेतृत्व में बनने वाली नेपाल की अपेक्षाकृत युवा सरकार नेपाल के लोगों की अपेक्षानुरूप काम कर पाएगी, इसका रुझान सत्तारूढ़ होने के कुछ दिन बाद ही पता चल पाएगा।

बालेन शाह का प्रधानमंत्री चुना जाना मधेश क्षेत्र के लोगों के लिए गर्व की बात है, क्योंकि पहली बार ऐसा है कि नेपाल की सर्वोच्च सत्ता पर मधेश का कोई शख्स आसीन होने जा रहा है। इस क्षेत्र में पूर्व में नेपाली कांग्रेस का वर्चस्व रहा करता था। मधेश क्षेत्र के सांसद की बदौलत कोइराला परिवार के सदस्य स्व. वीपी कोइराला से लेकर गिरिजा प्रसाद कोइराला और सुशील कोइराला तक प्रधानमंत्री होते रहे हैं, लेकिन इस परिवार ने प्रधानमंत्री तो दूर मधेश से नेपाली कांग्रेस का सभापति तक के बारे में नहीं सोचा। इस बार काफी संभावना है कि प्रधानमंत्री के साथ नेपाली कांग्रेस के संसदीय दल का नेता भी मधेश से हो। हालांकि अंकगणित के हिसाब से नेपाली कांग्रेस दूसरे नंबर की पार्टी तो है, लेकिन प्रमुख विपक्षी के लायक नहीं है।

राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के दो तिहाई से अधिक सदस्य युवा हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, जो नई सरकार में गृह मंत्री हो सकते हैं, वे भी युवा हैं और संभावित प्रधानमंत्री बालेन शाह तो महज 35 वर्ष के ही हैं। सुडान गुरुंग, जिनकी पहचान जेन जी आंदोलन के नायक के रूप में है, वे भी बमुश्किल 30 के ही होंगे। नेपाल में बदलाव का साक्षी बने नेपाल के युवा पॉवर की चर्चा अब पूरी दुनिया में है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

ब्रीफ न्यूज

### शादी समारोह में झगड़ा पांच युवक हिरासत में

**बाजपुर** : ग्राम टांडा खुशहालपुर में शुक्रवार की देर रात शादी का समारोह चल रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान डीजे पर नाचते समय दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, जो धीरे-धीरे धक्का-मुक्की और मारपीट में बदल गया। आरोप है कि चार युवकों ने एक अन्य युवक के साथ धक्का-मुक्की की और बात बढ़ने पर मारपीट शुरू हो गई, जिससे विवाह समारोह में अफरातफरी मच गई। सूचना मिलने पर बन्नाखेड़ा चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और झगड़ रहे पांच युवकों को पूछताछ के लिए पुलिस चौकी ले जाया गया। बाद में दोनों पक्षों के बीच कुछ लोगों की मध्यस्थता से राजीनामा हो गया। पुलिस ने पुलिस अधिनियम की धारा 81 के अंतर्गत पांचों युवकों को चालान कर कड़ी हिदायत दी और उन्हें परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### मौत के मामले में बाइक चालक पर मुकदमा दर्ज

**बाजपुर** : सड़क दुर्घटना में मौत के मामले में पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वार्ड-11 पहाड़ी कालोनी निवासी सोनू कुमार पुत्र स्व. बब्बन सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके पिता बब्बन सिंह पुत्र वैजनाथ सिंह 2 फरवरी की शाम करीब साढ़े सात बजे अपनी दुकान से घर पैदल लौट रहे थे। जैसे ही वे संजय कालोनी मोड़ के पास रामराज रोड पहुंचे, पीछे से तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस ने बाइक चालक अली हसन उर्फ आले हसन, पुत्र नूरहसन, निवासी केशवनगर, बाजपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# लालकुआं में लोगों ने खाली सिलेंडरों के साथ किया प्रदर्शन

## रसोई गैस संकट के विरोध में भाकपा माले ने फूंका सरकार का पुतला, मौजूदा हालात के लिए केंद्र सरकार की नीतियों को बताया जिम्मेदार

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने गैस संकट के विरोध में खाली गैस सिलेंडरों के साथ बिंदुखत्ता के मुख्य बाजार कर रोड चौराहे पर केंद्र सरकार का पुतला फूंका और विरोध प्रदर्शन किया।

पार्टी के जिला सचिव डॉ. कैलाश पांडेय ने कहा कि रसोई गैस के संकट ने केंद्र सरकार की ऊर्जा नीतियों की पोल खोल दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने जनता को भरोसा दिलाया था कि गैस और तेल संकट का असर देश पर नहीं पड़ेगा, लेकिन कुछ ही दिनों में पूरे देश में गैस की किल्लत हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियां कॉरपोरेट घरानों के पक्ष में हैं, जबकि आम जनता महंगाई और ऊर्जा संकट का सामना कर रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार के उतार-चढ़ाव का बहाना बनाकर गैस, पेट्रोल और डीजल की कीमतों का बोझ जनता पर डाला जा रहा है। विमला रौथाण ने कहा कि उत्तराखंड में गैस आपूर्ति के साथ बिजली संकट भी बढ़ता जा रहा है। प्रदर्शन में डॉ. कैलाश पांडेय, किशन बघरी, पुष्कर दुबड़िया, विमला रौथाण, गोविंद जीना, बिशन दत्त जोशी, आनंद दानू, नैन सिंह कोरंगा, प्रमोद कुमार, वीरभद्र भंडारी, गोपाल गड़िया, उमेश बैठा, गोलू मौजूद रहे।



लालकुआं में प्रदर्शन करते भाकपा माले से जुड़े लोग। ● अमृत विचार


नैनीताल में गैस वितरण केंद्र का निरीक्षण करते तहसीलदार। ● अमृत विचार

## गैस सिलेंडर को लगी कतारें, पुलिस के पहरे में हुआ वितरण

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** घरेलू गैस की किल्लत के बीच सिलेंडर लेने के लिए लालकुआं, बरेली रोड और बिंदुखत्ता क्षेत्र में उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग गईं। शनिवार को हल्दूचौड़ स्थित सुरुचि गैस गोदाम में सैकड़ों उपभोक्ता सिलेंडर लेने के लिए पहुंच गए, जिसके बाद पुलिस की मौजूदगी में गैस वितरण कराया गया।

जानकारी के अनुसार, गैस की कमी के चलते सुबह से ही उपभोक्ता गोदाम में कतारबद्ध हो गए थे। बाद में पुलिस प्रशासन ने लोगों को समझाकर अपने-अपने क्षेत्रों में जाने के लिए कहा और गैस वितरण के लिए अलग-अलग स्थान तय किए। लालकुआं क्षेत्र के उपभोक्ताओं को 25 एकड़ स्थित वन विभाग के कंपाउंड में और बिंदुखत्ता क्षेत्र के लोगों को शहीद स्मारक चौक पर गैस वितरण किया गया। दोनों स्थानों पर सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ने से कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया, हालांकि बाद में पुलिस की निगरानी में गैस वितरण कराया गया। सुरुचि इंडेन गैस सर्विस के प्रबंधक जीवन सिंह ने बताया कि शनिवार को करीब 750 घरेलू गैस सिलेंडरों की डिलीवरी की गई। वहीं क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक मोहित कठायत ने लोगों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

### होम डिलीवरी व्यवस्था फिर रही फेल

जिला प्रशासन द्वारा गैस की डोर-टू-डोर होम डिलीवरी के आदेश के बावजूद शनिवार को भी व्यवस्था पूरी तरह लागू नहीं हो सकी। बिंदुखत्ता और लालकुआं क्षेत्र में गैस आपूर्ति 25 एकड़ क्षेत्र और शहीद चौक गोला रोड से कराई गई। शहीद चौक पर गैस वितरण की सूचना मिलते ही सैकड़ों उपभोक्ता सिलेंडर लेकर पहुंच गए। शाम करीब तीन बजे तक वितरण के बाद भी पांच दर्जन से अधिक उपभोक्ता गैस से वंचित रह गए। उन्हें रविवार को फिर से शहीद चौक से गैस मिलने का आश्वासन दिया गया है। वहीं पिछले एक सप्ताह से होम डिलीवरी न होने के कारण लोग सीधे हल्दूचौड़ स्थित गैस गोदाम पहुंच रहे हैं।

### वार्ड स्तर पर गैस सप्लाई न होने से लोगों में नाराजगी


**नैनीताल** : शहर में गैस सप्लाई को लेकर लोगों की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। जिला प्रशासन की ओर से वार्ड स्तर पर होम डिलीवरी के निर्देश दिए जाने के बावजूद कई क्षेत्रों में यह व्यवस्था लागू नहीं हो पा रही है। शनिवार को तल्लीताल और मल्लीताल क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोग गैस सिलिंडर लेने पहुंच गए। सुबह से ही एजेंसी के बाहर बुकिंग के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। कई लोग सड़क किनारे खाली सिलिंडर लेकर घंटों इंतजार करते नजर आए। भीड़ अधिक होने पर प्रशासन और पुलिस को व्यवस्था संभालनी पड़ी। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने शहर में गैस की उपलब्धता सुचारु रखने के लिए वार्ड स्तर पर होम डिलीवरी के निर्देश दिए थे, लेकिन कई क्षेत्रों में यह व्यवस्था लागू नहीं हो पा रही है, जिससे लोगों को सीधे एजेंसी पहुंचना पड़ रहा है। पर्वत गैस एजेंसी की मैनेजर आंकिता पांडे ने बताया कि वार्डों में गैस वितरण की व्यवस्था की जा रही है, लेकिन इसके बावजूद लोग सीधे तल्लीताल और मल्लीताल पहुंचकर सिलिंडर लेने आ रहे हैं, जिससे एजेंसी के बाहर भीड़ की स्थिति बन रही है। तहसीलदार अक्षय भट्ट ने बताया कि प्रशासन गैस वितरण व्यवस्था की लगातार निगरानी कर रहा है और जहां भी समस्या सामने आएगी, उसे जल्द दूर किया जाएगा।

# एलएलसी: इंडिया टाइगर्स को 17 रन से मात

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** इंटरनेशनल स्टेडियम में शनिवार को खेले गए लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) 2026 के चौथे मुकाबले में मुंबई स्पार्टन्स ने इंडिया टाइगर्स को 17 रन से पराजित कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई स्पार्टन्स ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 160 रन बनाए। जवाब में इंडिया टाइगर्स की टीम 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 143 रन ही बना सकी।

मुंबई स्पार्टन्स की ओर से भरत चिप्ली ने 22 गेंदों में 42 रन की तेज पारी खेली, जिसमें छह चौके और दो छक्के शामिल रहे। मौसिफ खान ने भी 9 गेंदों में 18 रन बनाकर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। मध्यक्रम में असद पठान ने 32 गेंदों में 25 रन बनाए, जबकि राहुल यादव 18 रन बनाकर नाबाद रहे। अंतिम ओवरों में शोएब खान ने 9 गेंदों में 17 रन जोड़कर टीम का स्कोर 160 तक पहुंचाया। इंडिया टाइगर्स की ओर से शादाब जकाती ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 24 रन देकर तीन विकेट झटके। 161 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया टाइगर्स की शुरुआत बेहद खराब रही। तेज गेंदबाज एस श्रीसंत ने पहले ही ओवर में अमितोज सिंह और तिलकरत्ने दिलशान को शून्य पर आउट कर टीम को बड़ा झटका दिया। शुरुआती विकेट गिरने के बाद टीम दबाव से उबर नहीं सकी।



मैच के दौरान उत्साहित नजर आये स्टेडियम में बैठे क्रिकेट प्रेमी। ● अमृत विचार

### गेट पर हंगामा, कई बार बंद करना पड़ा प्रवेश द्वार

स्टेडियम के मुख्य गेट पर अचानक बढ़ी भीड़ के कारण कुछ देर के लिए हंगामे जैसी स्थिति बन गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा कर्मियों को कई बार गेट बंद करने पड़े। बाद में स्थिति संभालते हुए दर्शकों को क्रमवार अंदर प्रवेश कराया गया।

### सड़क पर लगा जाम पार्किंग हुई फुल

गौलापार स्टेडियम में शनिवार को मैच के दौरान दर्शकों की भारी भीड़ के कारण आसपास की सड़कों पर जाम की स्थिति बन गई। बड़ी संख्या में लोग निजी वाहनों से स्टेडियम पहुंचे, जिससे स्टेडियम की पार्किंग फुल हो गई। कई दर्शकों को सड़क किनारे ही वाहन खड़े करने पड़े।

# कोसी में जल संरक्षण के लिए ली जागरूकता शपथ

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में नमामि गंगे इकाई के तत्वावधान में 'जल महोत्सव' पखवाड़े के कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

प्राचार्य प्रो. पांडे ने कहा कि 'कैच द रेन' भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण अभियान है, जो "जहां गिरे, जब गिरे" की टैगलाइन के साथ जल संरक्षण को बढ़ावा देता है। इसका मुख्य उद्देश्य वर्षा के जल को व्यर्थ बहने से रोककर उसका संग्रह करना है। इसके बाद नमामि गंगे की नोडल अधिकारी डॉ. नीमा राणा ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें जल की उपयोगिता को समझते हुए उसका सदुपयोग करना चाहिए। शपथ कार्यक्रम के बाद छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने जागरूकता रैली निकाली और कोसी नदी के किनारे स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में डॉ. मुरलीधर कापड़ी का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉ. एसएस मौर्य, डॉ. सुमन कुमार, डॉ. ममता जोशी, डॉ. पुनीता कुशवाहा, डॉ. सुरेश चंद्रा और डॉ. रीमा प्रियदर्शी सहित अन्य शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



कोसी नदी किनारे जल संरक्षण के लिए शपथ लेते शिक्षक और विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### फोटोग्राफी में प्रथम रहे डॉ. मोहित सनवाल

**नैनीताल:** श्री राम सेवक सभा नैनीताल द्वारा आयोजित तथा दी कुर्मांचल नगर सहकारी बैंक लिमिटेड के सहयोग से चल रहे 30वें फागोत्सव के अंतर्गत फोटोग्राफी प्रतियोगिता की प्रविष्टियों का शनिवार को जूरी सदस्यों ने मूल्यांकन किया।

प्रतियोगिता में डॉ. मोहित सनवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें 7,500 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। शमशेर सिंह शंभू द्वितीय व मौलिख सनवाल तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा विमल जोशी, प्रमोद प्रसाद, सुरेश कांडपाल और कल्याणी तिवारी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में संयोजक हिमांशु जोशी ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन प्रो. ललित तिवारी ने किया।

## उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** पत्तापानी बैलपड़ाव में शनिवार को पूर्व भाजपा प्रशिक्षण प्रमुख मनोज पाठक की ओर से 'गांव के गौरव' सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और सामाजिक क्षेत्र में योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मनोज पाठक, सामाजिक कार्यकर्ता व भाकियू जिलाध्यक्ष भगवान सिंह रौतेला और ग्राम प्रधान ममता रौतला ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर दुग्ध उत्पादन में अग्रणी महिलाओं, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, पूर्व सैनिकों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मनोज पाठक ने इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि कालाढूंगी विधानसभा के प्रत्येक गांव में छोटे तबके के लोगों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सम्मान से आत्मविश्वास बढ़ता है और आत्मविश्वास से सशक्त गांव बनाने का लक्ष्य पूरा किया जा सकता है। इस मौके पर मनोज पाठक ने रतनपुर गौशाला के लिए 11 हजार रुपये की धनराशि भी प्रदान की। कार्यक्रम में प्रधान पति अजय रौतला, मोहन पंत, संतोष गोस्वामी, विपिन गोस्वामी, भूपेंद्र लटवाल, दुर्गा रौतेला, शोभा गोस्वामी आदि मौजूद रहे।


ग्रामीणों को सम्मानित करते पूर्व भाजपा प्रशिक्षण प्रमुख मनोज पाठक।

### ग्लूकोमा से बचाव की जानकारी दी

**नैनीताल:** बीडी पांडे जिला अस्पताल में ग्लूकोमा जागरूकता सप्ताह के तहत मरीजों और तीमारदारों को आंखों की गंभीर बीमारी ग्लूकोमा के प्रति जागरूक किया गया।

लोगों को इसके लक्षण, बचाव और समय पर जांच के महत्व की जानकारी दी गई। अस्पताल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपिका लोहनी ने बताया कि ग्लूकोमा आंखों से जुड़ी एक गंभीर बीमारी है, जिसे आम भाषा में काला मोतिया कहा जाता है। इस बीमारी में आंख के अंदर दबाव बढ़ने से ऑप्टिक नर्व को नुकसान पहुंचता है, जिससे दृष्टि कम होने लगती है और समय पर इलाज न मिलने पर अंधत्व तक हो सकता है। बताया कि ग्लूकोमा को 'साइलेंट विजन किलर' भी कहा जाता है।

## हर घर जल योजना बदहाल, पाइप टूटे

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार की योजना ''जल जीवन मिशन'' ग्रामीण क्षेत्रों में धरातल पर दम तोड़ती नजर आ रही है। ग्रामीण इलाकों में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। कहीं कनेक्शन नहीं पहुंचे हैं, तो कहीं पाइपलाइन टूटने से गांव की सड़कें तालाब बन गई हैं। विभाग दुरुस्त व्यवस्था के दावे के साथ घरों में बिल भेज रहा है, लेकिन लोगों को सुचारू पानी नहीं मिल रहा है।

क्षेत्र के कई गांवों में पाइपलाइन बिछाने के बाद उसे ठीक से बंद नहीं किया गया, जिससे लीकेज की समस्या आम हो गई है। कई घरों में पाइप तो लगा दिए गए हैं, लेकिन उन पर नल (टोटी) नदारद हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत करने पर अधिकारी केवल मरम्मत का आश्वासन देते हैं, लेकिन धरातल पर कोई सुधार नहीं होता। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें 129 रुपये का मासिक बिल थमाया जा रहा है। इस संबंध में जल मिशन के अवर अभियंता कमलेश रावत ने कहा कि लीकेज की समस्या काफी हद तक ठीक कर दी गई है। जिन घरों में कनेक्शन अधूरे हैं, उन्हें शीघ्र पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पानी की बर्बादी न हो और जल बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिनका कनेक्शन खराब है या पानी नहीं आ रहा, उनसे बिल वसूली नहीं की जाएगी।


खटीमा क्षेत्र में जल जीवन मिशन की लीकेज और आधे अधूरे कनेक्शन।

उत्साह

दूरस्थ ग्राम भालोन से शुरू हुआ फूलदेई उत्सव, एक माह तक चलेंगे कार्यक्रम

# बच्चों ने घर-घर फूल वर्षा कर मनाया लोक पर्व फूलदेई

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड के पारंपरिक लोक पर्व फूलदेई को नई पीढ़ी से जोड़ने के उद्देश्य से धात संस्था के सहयोग से दूरस्थ ग्राम भालोन में विशेष कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत एक माह तक राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के करीब 90 स्कूली बच्चों ने गांव में घर-घर जाकर फूलदेई पर्व मनाया और ग्रामीणों की खुशहाली की कामना की। बच्चों ने घरों की दहलीज पर फूल डालने की पारंपरिक परंपरा का निर्वहन करते हुए फूल वर्षा की और उत्साह के साथ लोक पर्व का आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत रामनगर के भालोन क्षेत्र स्थित बना रिसॉर्ट में हुई, जहां बच्चों ने सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेते हुए फूलदेई उत्सव मनाया। कार्यक्रम की आयोजक स्नेहल ने बताया कि फूलदेई उत्तराखंड का एक महत्वपूर्ण और प्राचीन लोक पर्व है, जिसे नई पीढ़ी के बीच फिर से जीवित करने की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से इस पर्व को लोगों के बीच दोबारा लोकप्रिय बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रम के संयोजक तनमय ममगई ने बताया कि धात संस्था उत्तराखंड का एक पुराना सांस्कृतिक संगठन है, जो लोगों को अपनी संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूक करने का कार्य करता है। उन्होंने बताया कि चैत्र मास की शुरुआत के साथ पहाड़ों में फूलदेई का पर्व मनाया जाता है, जिसमें बच्चे घरों की दहलीज पर फूल डालते हैं और बड़े-बुजुर्ग उन्हें आशीर्वाद देते हैं। उन्होंने बताया कि इस एक माह के अभियान के तहत बच्चों को ड्राइंग, लेखन, गायन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों सहित कई रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। इस अभियान से लगभग 10 हजार बच्चों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है और 'फूलदेई सीड्स' प्रदेश के विभिन्न जिलों में भेजे जा रहे हैं।

इस अवसर पर बना रिसॉर्ट के प्रदीप रावत, भाजपा नेता गणेश रावत, शिक्षक जगदीश सती, मोहन पाठक, मितेश्वर आनंद सहित अनेक लोग मौजूद रहे।


भालोन में फूलदेई उत्सव मनाते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

### दो पक्षों में मारपीट, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बाजपुर:** ग्राम मुड़िया कलां निवासी फिरोज अली पुत्र उमर अली ने पुलिस को बताया कि 12 मार्च की शाम करीब पांच बजे उसका नौशाद पुत्र निसार से विवाद हो गया था। इसके बाद रात में नौशाद की चाची सहरून पत्नी बब्लू, उसका भाई अनस पुत्र बब्लू और जीनत पुत्री बब्लू उसकी दुकान पर पहुंचे और गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।

यह भी आरोप लगाया कि 13 मार्च की सुबह यह लोग पुनः दुकान पर आए और धमकी दी कि यदि उसके पास मौजूद कथित वीडियो को कोतवाली बाजपुर में दिया गया, तो उसे और उसके परिवार को जान से मार देंगे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नौशाद, सहरून, जीनत और अनस के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

## नंदिनी बोर्ड परीक्षा में पास वायु सेना में हुई चयनित

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर की छात्रा नंदिनी जोशी का चयन एएफकैट (वायु सेना सामान्य प्रवेश परीक्षा) के माध्यम से हुआ है।



उन्हें एएफएसबी वायु सेना चयन बोर्ड, मैसूर द्वारा अनुशंसित किया गया है। खास बात यह है कि नंदिनी ने अपने पहले ही प्रयास में यह सफलता हासिल की है।

नंदिनी वर्तमान में डीएसबी परिसर में बीए एलएलबी छठे सेमेस्टर की छात्रा हैं। वह कुमाऊं विश्वविद्यालय की एसएसबी कैप्सूल प्रशिक्षण पहल के प्रथम बैच की प्रतिभागी रही हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कुलपति प्रो. (कर्नल) दीवान एस. रावत की पहल पर वर्ष 2024 में शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को रक्षा सेवाओं की चयन प्रक्रिया के लिए मार्गदर्शन देना है।

विश्वविद्यालय के जनसम्पर्क अधिकारी प्रो. रीतेश साह ने बताया कि नंदिनी एक सक्रिय डिबेटर और एनसीसी कैडेट भी हैं। कुलपति प्रो. (कर्नल) दीवान एस. रावत सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने नंदिनी को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**बंगाल: एलपीजी वितरण केंद्रों पर लगी लंबी कतारें**

**कोलकाता।** आपूर्ति बाधित होने की खबरों के बीच पश्चिम बंगाल के कोलकाता और कई जिलों में एलपीजी वितरण केंद्रों पर शनिवार को लोगों की लंबी कतारें देखी गईं। सुबह से ही कोलकाता, दक्षिण 24 परगना और उत्तर 24 परगना जिलों में कई स्थानों पर एलपीजी वितरण केंद्रों के बाहर लोगों की भारी भीड़ नजर आई। अधिकारियों ने कहा कि इस बीच, एलपीजी सिलेंडरों की कथित जमाखोरी और हेराफेरी को रोकने के लिए अधिकारियों ने राज्य भर में निरीक्षण तेज कर दिया है।



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन** –तुलसी 2490, राज श्री 1950, फ़ॉर्चून कि. 2510, रविन्द्रा 2460, फॉर्चुन 13kg 2210, जय जवान 2110, सचिन 2220, सूरज 2110, अवसर 2015, उजाला 2080, गृहणी 13 kg 2055, क्लासिक (kg) 2365, मोर 2315, चक्र टिन 2460, ब्लू 2305, आशीर्वाद मस्टर्ड 2380, स्वास्तिक 2445

**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 12000–13000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 900–1050

**चावल** – (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1kg,5kg) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200, लाडली 4200

**दाल दलहन** –मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800

**चीनी**– पीलीभीत 4380, बहेड़ी 4280

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम** – सोना–पक्के आभूषण 159000, सोना गिन्नी 155000, चांदी पक्की 2620 (अनुमानित)

## बिजनेस ब्रीफ

### अकासा एयर टिकटों पर लगाएगी ईंधन अधिभार

**नयी दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच विमान ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण अकासा एयर 15 मार्च से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ान टिकटों पर 199 रुपये से 1,300 रुपये तक ईंधन अधिभार लगाएगी। एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ान टिकटों पर समान शुल्क लगाना शुरू कर दिया है। अकासा एयर ने शनिवार को बयान में कहा कि वह प्रत्येक उड़ान के लिए ईंधन अधिभार लगाएगी और यह राशि उड़ान की अवधि के आधार पर होगी।

### जायडस की दवा को चीन से मिली मंजूरी

**नयी दिल्ली।** दवा कंपनी जायडस लाइफसाइंसेज ने शनिवार को कहा कि उसकी नवोन्मेषी दवा 'डेसिडुस्टैट' को चीन के राष्ट्रीय चिकित्सा उत्पाद प्रशासन (एनएमपीए) से विपणन की मंजूरी मिल गई है। इस दवा का उपयोग गुर्दे की बीमारी से संबंधित खून की कमी के इलाज में किया जाता है।

# 29 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू हुई कॉमर्शियल एलपीजी की बिक्री

## रसोई गैस की कालाबाजारी रोकने को छापेमारी, उत्तर प्रदेश में दर्ज हुईं 20 एफआईआर

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पेट्रोलियम मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि देश के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर का वितरण शुरू हो गया है। साथ ही, रसोई गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए देशभर में छापेमारी और औचक निरीक्षण तेज कर दिए गए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू उपयोग के लिए रसोई गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध होने के बावजूद घबराहट में बुकिंग लगातार बढ़ रही है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत के पास पर्याप्त कच्चा तेल भंडार है और घरेलू रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। शर्मा ने कहा कि किसी भी खुदरा बिक्री केंद्र से भंडार खत्म होने की खबर नहीं है। हम घरेलू स्तर पर अपनी जरूरत के अनुसार पर्याप्त पेट्रोल-डीजल का उत्पादन करते हैं और हमें आयात की आवश्यकता नहीं है। अधिकारी ने बताया कि खाड़ी देशों से ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के बावजूद सरकार स्थिति पर करीब से नजर रख रही है और घरेलू एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता दी जा रही है। युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया है, जो खाड़ी देशों से ऊर्जा के परिवहन का सामान्य मार्ग है। अधिकारी ने बुकिंग नियमों को स्पष्ट करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों में पिछली डिलीवरी और अगली बुकिंग के बीच न्यूनतम 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन का अंतर होना अनिवार्य है। सरकार ने घरेलू एलपीजी उत्पादन में 31 प्रतिशत की वृद्धि की है। कालाबाजारी रोकने को उत्तर प्रदेश में 1,400 स्थानों पर छापेमारी कर 20 एफआईआर दर्ज की गई हैं। महाराष्ट्र, राजस्थान, बिहार और कर्नाटक जैसे राज्यों में भी औचक निरीक्षण किए गए हैं।



### पश्चिम एशिया संघर्ष के बावजूद श्रीलंका में ईंधन आपूर्ति बनी रहेगी: एलआईओसी

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका में लंका इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (एलआईओसी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद देश में ईंधन की आपूर्ति लगातार जारी रहेगी। यह बयान श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिथा हेरथ द्वारा अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर से ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने के लिए किए गए अनुरोध के बाद आया। हेरथ ने इस विषय पर छह मार्च को भारत दौरे के दौरान जयशंकर से चर्चा की थी। शनिवार को यहां प्रबंधन छात्रों की एक सभा को संबोधित करते हुए एलआईओसी के प्रबंध निदेशक के रघु ने कहा कि लंका आईओसी के प्रबंध निदेशक के रूप में मैं केवल लोगों को यह बताना चाहता हूं कि आप सभी सुरक्षित हाथों में हैं।

### 55 से बढ़कर 88 लाख हो गयी दैनिक बुकिंग

अधिकारी ने बताया कि युद्ध शुरू होने से पहले एलपीजी सिलेंडर की दैनिक बुकिंग लगभग 55 लाख थी। शुक्रवार को यह आंकड़ा बढ़कर लगभग 75 लाख था और आज बढ़कर 88 लाख तक पहुंच गया। उन्होंने उपभोक्ताओं से केवल आवश्यकता होने पर ही सिलेंडर बुक करने का आग्रह किया।

### पीएनजी कनेक्शन देगी गेल

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी गेल ने शहरी गैस परिचालकों से वाणिज्यिक ग्राहकों को पीएनजी कनेक्शन देने को कहा है। इसके अलावा वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में उद्योगों और होटलों को एक महीने तक वैकल्पिक ईंधन के रूप में बायोमास के उपयोग की अनुमति दी है।

## नोटबंदी में नोट जमा न करने पर एक्सिस बैंक को 3.19 करोड़ रुपये देने का आदेश

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) ने एक्सिस बैंक को दिल्ली स्थित प्रोकेयर लॉजिस्टिक्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को 3.19 करोड़ रुपये देने का आदेश दिया है। आयोग ने बैंक को सेवा में कमी का दोषी ठहराया क्योंकि उसने 2016 के नोटबंदी के दौरान नोटों को जमा करने से मना किया था। आयोग ने कंपनी की बैंक के खिलाफ दायर अपील की सुनवाई की। आयोग में पीठासीन सदस्य एवीएम जे. राजेंद्र और न्यायिक सदस्य अनूप कुमार मेंदीरत्ता शामिल थे।

आयोग ने 10 मार्च के आदेश में कहा कि बैंक ने बार-बार अनुरोध के बावजूद शिकायतकर्ता को अपने केवाईसी सत्यापित खाते में नोट जमा करने से रोक दिया और यह समस्या नोटबंदी की पूरी अवधि तक बनी रही। आयोग ने कहा कि बैंक के पास ऐसा कोई अधिकार नहीं था कि वह ग्राहक के पैसे जमा करने से सीधे मना कर दे।

यदि बैंक को पैसों पर कोई शक था, तो वह इसकी सूचना अधिकारियों को दे सकता था, लेकिन नोट स्वीकार करना बैंक की मुख्य जिम्मेदारी थी।

## सेबी चेयरमैन की सलाह अनिश्चित माहौल में धैर्य बनाए रखें निवेशक

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शनिवार को निवेशकों से धैर्य बनाए रखने की अपील की और इसे अनिश्चित समय में सबसे अच्छी रणनीति करार दिया।

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण बाजारों में बिकवाली के दबाव के बीच पांडेय ने कहा कि कोरोना महामारी या रूस-यूक्रेन युद्ध जैसी पिछली घटनाओं ने यह दिखाया है कि समय के साथ बाजार स्थिर हो जाते हैं।

सेबी के चेयरमैन ने बताया कि वैश्विक स्तर पर स्थिरता बहाल करने के प्रयास जारी हैं, हालांकि दुनिया के कुछ हिस्सों में जारी तनाव ने ऊर्जा बाजार में अनिश्चितता पैदा की है। उन्होंने कहा कि कई निवेशकों, खासकर खुदरा निवेशकों के लिए, ऐसे अनिश्चित समय में सबसे अच्छी रणनीति धैर्य बनाए रखना है। भारतीय पूंजी बाजार नियामक के प्रमुख ने माना कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में अनिश्चितता हावी है, जो प्रौद्योगिकी बदलाव, कृत्रिम मेधा (एआई) के अपनाने और भू-राजनीतिक तनावों के कारण उत्पन्न होती है।



● **कोरोना-युद्ध ने दिखाया कि समय के साथ स्थिर हो जाते हैं बाजार**

पांडेय ने पिछले अनुभव का हवाला देते हुए कहा कि बाजारों में उतार-चढ़ाव आया ... लेकिन वे अंततः स्थिर हो गए। उन्होंने कहा कि अनिश्चितता अपवाद नहीं बल्कि वित्तीय बाजारों की एक सामान्य विशेषता है।

पांडेय ने कहा कि अनिश्चित समय में पूंजी बाजार की ताकत अस्थिरता की अनुपस्थिति में नहीं है। अस्थिरता बाजारों की एक प्राकृतिक विशेषता है। असली ताकत इस विश्वास में है कि प्रणाली तनाव के समय भी निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से काम करेगी। पांडेय ने कहा कि यदि हम संस्थानों को मजबूत बनाना जारी रखें, सहभागिता बढ़ाएं और शासन व्यवस्था को बनाए रखें, तो भारतीय पूंजी बाजार अनिश्चितता से निपट कर और मजबूत भी बन सकते हैं।

## उद्योग की परिभाषा पर 17 को सुनवाई करेगी सुप्रीम कोर्ट की नौ सदस्यीय पीठ

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीमकोर्ट की नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ 17 मार्च से औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत 'उद्योग' शब्द की परिभाषा के विवादास्पद मुद्दे पर सुनवाई शुरू करने वाली है। न्यायालय की 17 मार्च की कार्यसूची के अनुसार, इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ करेगी।

इस पीठ में न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भूयान, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा, न्यायमूर्ति जोयमाल्य बागची, न्यायमूर्ति आलोक अराधे और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली शामिल हैं।

इससे पहले 16 फरवरी को न्यायालय ने उन व्यापक मुद्दों को तैयार किया था, जिन पर इस पीठ को निर्णय लेना है। देश के सर्वोच्च न्यायालय को विचार करना है कि क्या 1978 के बेंगलुरु वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड मामले में न्यायमूर्ति वी आर कृष्णा अय्यर द्वारा 'उद्योग' को परिभाषित करने के लिए तय किए गए मानक सही हैं? साथ ही, पीठ यह भी देखेगी कि औद्योगिक विवाद (संशोधन) अधिनियम, 1982 और औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (जो 21 नवंबर, 2025 से प्रभावी है) का मूल अधिनियम में 'उद्योग' शब्द की व्याख्या पर क्या कानूनी प्रभाव पड़ता है।



पीठ द्वारा तय किए गए मुख्य मुद्दों में से एक यह है कि क्या सरकारी विभागों द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक कल्याण कार्यों, योजनाओं या अन्य उद्यमों को औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा 2(जे) के तहत औद्योगिक गतिविधियां माना जा सकता है।

अदालत ने संबंधित पक्षों को 28 फरवरी तक अपनी लिखित दलीलें देने का मौका दिया था। नौ न्यायाधीशों की यह पीठ 17 मार्च को सुनवाई शुरू करेगी और इसे 18 मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उल्लेखनीय है कि 2017 में तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश टी एस ठाकुर की अध्यक्षता वाली सात न्यायाधीशों की पीठ ने इस मुद्दे के गंभीर और व्यापक प्रभावों को देखते हुए इसे नौ न्यायाधीशों की पीठ को भेजने का निर्णय लिया था।

# खाद की कोई कमी नहीं, सरकार ने दिया भरोसा

## पश्चिम एशिया संकट के बीच स्पष्ट किया-आगामी खरीफ सत्र के लिए पर्याप्त से अधिक है भंडार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद देश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। सरकार ने स्पष्ट किया कि यूरिया और अन्य पोषक तत्वों का भंडार पर्याप्त से अधिक है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत के अंतरराष्ट्रीय साझेदारों ने भी उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति का आश्वासन दिया है। पश्चिम एशिया संकट से जुड़े घटनाक्रमों पर एक अंतर मंत्रालयीय संवाददाता सम्मेलन में जायसवाल ने कहा कि मैं आपको बता सकता हूं कि इस समय भारत के पास उर्वरकों का पर्याप्त भंडार है, विशेष रूप से आगामी खरीफ सत्र के लिए। हमारे पास यूरिया का भंडार पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में अधिक है। उन्होंने आंकड़ों के हवाले से बताया कि भारत का डीएपी (डाइअमोनियम फॉस्फेट) भंडार 2025 की तुलना में दोगुना है, जबकि एनपीके (नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम) की स्थिति भी पहले से काफी बेहतर है। उन्होंने विश्लेषकों से आग्रह किया कि वे तथ्यात्मक स्थिति को देखें और अधूरी जानकारी के आधार पर घबराहट न फैलाएं।



प्रवक्ता ने कहा कि वर्तमान घरेलू उत्पादन हमारी सामान्य खपत से अधिक है, क्योंकि रबी का मौसम अब समाप्ति की ओर है। सरकार ने संयंत्रों का वार्षिक रखरखाव समय से पहले ही पूरा कर लिया है ताकि उपलब्ध गैस के साथ उत्पादन को अधिकतम किया जा सके। उर्वरक विभाग ने समय रहते वैश्विक निविदाएं जारी की थीं, जिन्हें अच्छी प्रतिक्रिया मिली है और मार्च के अंत तक बड़ी आपूर्ति की उम्मीद है।

### गर्मियों में बढ़ सकती है कोयले की मांग, सरकार तैयार: रेड्डी

**चंद्रपुर, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने से कोयले की मांग और अधिक बढ़ सकती है, लेकिन सरकार इस स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि कोयला कंपनियां अतिरिक्त उत्पादन कर रही हैं और सरकार लगातार उनसे संपर्क में है ताकि किसी भी बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। मंत्री ने कहा कि हम सभी कोयले की जरूरतें देश में ही पूरा करते हैं। आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ने से कोयले की मांग और बढ़ सकती है, लेकिन हम इसे पूरा करने के लिए तैयार हैं। गर्मियों में कोयले की मांग बढ़ जाती है। इसी तरह, सर्दियों में हीटर के बढ़ते उपयोग से बिजली की जरूरत बढ़ जाती है, खासकर पहाड़ी क्षेत्रों में जहां बिजली की मांग तेजी से बढ़ती है। केंद्रीय कोयला और खनिज मंत्री यहां वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के मुरपार भूमिगत कोयला खदान के सतत और वैज्ञानिक बंद करने तथा पुनः उपयोग के कार्यक्रम का उद्घाटन करने आए थे। अपने दौरे के दौरान उन्होंने खदान के बंद होने से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों और प्रगति की समीक्षा की। इस खदान में 2003 में कोयला उत्पादन शुरू हुआ था और 2022 में इसे बंद कर दिया गया था, जब इसे ताडोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व (टीएटीआर) के पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र का हिस्सा घोषित किया गया। मंत्री ने कहा कि खदान का बंद होना अंत नहीं बल्कि सतत विकास की दिशा में एक नई शुरुआत है।

### पश्चिम एशिया में तनाव से कच्चे तेल में उछाल 15 दिनों में 40% तक बढ़े दाम, भविष्य पर नजर

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव का असर अब वैश्विक ऊर्जा बाजार पर साफ दिखाई देने लगा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में पिछले 15 दिनों के भीतर 40 प्रतिशत से अधिक की तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि क्षेत्रीय संघर्ष और बढ़ता है या महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्ग प्रभावित होते हैं, तो आने वाले दिनों में कीमतों में और उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

#### क्या बता रहे आंकड़े

आंकड़ों के अनुसार, 27 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत करीब 73 डॉलर प्रति बैरल थी। हालांकि, पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य टकराव और ऊर्जा आपूर्ति को लेकर पैदा हुई चिंताओं के कारण शनिवार तक यह कीमत लगभग 103 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। इस प्रकार केवल 15 दिनों के भीतर प्रति बैरल करीब 30 डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जो लगभग 41 प्रतिशत के उछाल के बराबर है। बताया जा रहा है कि अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच तनाव 28 फरवरी से और तेज हो गया, जब अमेरिकी और इस्राइली बलों ने ईरान के सैन्य ठिकानों तथा शीर्ष नेतृत्व को निशाना बनाकर बड़े पैमाने पर हमले किए। इस घटनाक्रम के बाद वैश्विक बाजारों में ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंता गहराने लगी है।

विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बाजार में आशंका बढ़ी हुई है। यह जलमार्ग दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा परिवहन मार्गों में से एक माना जाता है, जहां से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल और गैस अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचती है। यदि इस मार्ग पर किसी प्रकार की रुकावट आती है, तो वैश्विक तेल आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ सकता है।

#### बाजार को लेकर विशेषज्ञों की राय

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाला सप्ताह ऊर्जा बाजार के लिए काफी उतार-चढ़ाव भरा रह सकता है। एनरिच मनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पोनमुडी आर के अनुसार निवेशकों की नजरें पूरी तरह पश्चिम एशिया में जारी घटनाक्रम पर टिकी रहेंगी। सरकारों के बयान, सैन्य गतिविधियां और संभावित कूटनीतिक पहल बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकती हैं।

**उड़ान**

**सस्ती और अच्छी शिक्षा की चाहत बना रही एनआरआई**

# यूरोप, सिंगापुर की ओर उड़ने को बेताब भारतीय छात्र

**मुंबई, एजेंसी**

किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के कारण भारतीय छात्र तेजी से स्पेन, जर्मनी, सिंगापुर, यूएई और दक्षिण कोरिया जैसे देशों को पढ़ाई के लिए चुन रहे हैं। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

शिक्षा क्षेत्र पर केंद्रित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी ऑक्सिलो फिनसर्व की रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देश अब भी भारतीय छात्रों के लिए काफी आकर्षक बने हुए हैं, खासकर विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित से जुड़े पाठ्यक्रमों के लिए। हालांकि, अब भारतीय छात्र पढ़ाई के लिए अन्य देशों को भी तेजी से विकल्प के रूप में चुन रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार इस बदलाव के पीछे कम लागत, अच्छे शिक्षण संस्थान, वीजा के आसान नियम, प्रशिक्षण और नौकरी के बेहतर अवसर तथा छात्रों की सुरक्षा जैसे कुछ कारण हैं।



ऑक्सिलो फिनसर्व में विदेशी शिक्षा ऋण से जुड़ी मुख्य अधिकारी श्वेता गुरु ने कहा कि आज भारतीय छात्र विदेश में पढ़ाई के मामले में अधिक व्यावहारिक हो गए हैं और वे खर्च के बदले मिलने वाले लाभ को ध्यान में रखकर निर्णय ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्पेन, जर्मनी और न्यूजीलैंड जैसे देशों में पढ़ाई के लिए मांग तेजी से बढ़ रही है, क्योंकि वहां अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा, कम खर्च, स्पष्ट वीजा प्रक्रिया और पढ़ाई के बाद रोजगार के बेहतर अवसर मिलते हैं, खासकर स्नातकोत्तर स्तर और विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग तथा गणित से जुड़े पाठ्यक्रमों में। रिपोर्ट में कहा गया कि यूरोप के कई नए शिक्षा केंद्रों में वर्ष 2023 से 2025 के बीच लगातार मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार इन देशों में पढ़ाई का कुल खर्च लगभग 18 से 40 लाख रुपये प्रति वर्ष है, जबकि ब्रिटेन जैसे पारंपरिक देशों में यह 60 से 90 लाख रुपये प्रति वर्ष तक पहुंच जाता है।

● **अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों का आकर्षण भी बरकरार**

वहीं जर्मनी, स्पेन और अन्य उभरते देशों में पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी मिलने में औसतन छह से नौ महीने लगते हैं, जबकि पारंपरिक देशों में यह समय नौ से 15 महीने तक हो सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया कि इन देशों में शुरुआती वेतन लगभग 25 से 45 लाख रुपये सालाना होता है, जबकि अमेरिका, ब्रिटेन जैसे पारंपरिक देशों में यह 45 से 75 लाख रुपये तक हो सकता है।

## मोजाम्बिक में कोयला खदान विकसित करेगी जेएसडब्ल्यू स्टील

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** जेएसडब्ल्यू स्टील अफ्रीकी देश मोजाम्बिक में कोयले की एक खदान (मिनास डी रेवुबोए) को विकसित करने जा रही है। कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि यह काम अलग-अलग चरणों में पूरा किया जाएगा। यह खदान मोजाम्बिक के टेते प्रांत के मोआटाइज कोयला क्षेत्र में स्थित है। इसमें कुल 85 करोड़ टन कोयले का भंडार है, जिसमें से 25 करोड़ टन कोकिंग कोल निकल सकता है।

जेएसडब्ल्यू स्टील ने कहा कि वह इस खदान को कई चरणों में विकसित करेगी। पहले चरण का विकास अगले लगभग ढाई साल में पूरा करने की योजना है। इसके बाद खदान से हर साल करीब 24 लाख टन उच्च गुणवत्ता वाले कोकिंग कोयले का उत्पादन किया जा सकेगा। भारत में अच्छी गुणवत्ता वाले कोकिंग कोयले के भंडार बहुत कम हैं, इसलिए ये जरूरी है।

# टिकटॉक से अमेरिका की मौज, मिलेंगे अरबों डॉलर और डेटा भी होगा सुरक्षित

**वाशिंगटन, एजेंसी**

चीनी एप टिकटॉक के साथ सौदा करने से अमेरिका को बड़ा लाभ होने वाला है। इससे अमेरिका को लगभग 10 अरब डॉलर की फीस मिलेगी। । साथ ही अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट में ये दावे के अनुसार इस सौदे के अंतर्गत अमेरिकी यूजर्स का डेटा भी सुरक्षित होगा।

टिकटॉक की मूल कंपनी चीनी कंपनी बाइट डांस है। लेकिन बीते जनवरी माह में अमेरिकी सरकार के दबाव के बाद बाइट डांस ने अमेरिकी कंपनी के साथ संयुक्त रूप से टिकटॉक चलाने का सौदा किया था। इस सौदे के अंतर्गत अमेरिका के यूजर्स का डेटा सुरक्षित होगा साथ ही अमेरिका को 10 अरब डॉलर मिलेंगे। बता दें कि अमेरिका में टिकटॉक के करीब 20 करोड़ यूजर्स हैं। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने बीते सितंबर में बताया था कि चीनी कंपनी के साथ संयुक्त उपक्रम वाली अमेरिकी कंपनी का मूल्य करीब 14 अरब डॉलर होगा।





सौदे के तहत अमेरिकी निवेशक ट्रंप प्रशासन को फीस के तौर पर 10 अरब डॉलर का भुगतान करेंगे। अमेरिकी निवेशकों में ओरेकल, सिल्वर लेक हैं।

ट्रंप सरकार के अधिकारियों का कहना है कि यह शुल्क जायज है क्योंकि टिकटॉक के अधिग्रहण में चीन के साथ बातचीत में ट्रंप की अहम भूमिका थी।

## सरकार ने बिजली उत्पादन मानदंडों में संशोधन किया

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र ने कंपनियों के कैप्टिव विद्युत उत्पादन संयंत्रों (सीजीपी) से जुड़े नियमों की व्याख्या को अधिक स्पष्ट करने और इसे व्यवसाय के लिए अधिक आसान एवं अनुकूल बनाने के लिए विद्युत नियमावली, 2005 के नियम 3 में संशोधन किये हैं।

विद्युत मंत्रालय की शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस संबंध में विद्युत (संशोधित) नियमावली-2026 को अधिसूचित कर दिया गया है। मंत्रायल ने कहा कि इन संशोधनों का उद्देश्य नियमों की व्याख्या से जुड़ी अस्पष्टताओं को दूर करना, उद्योगों के लिए कारोबार में आसानी को सुधानाऔर कैप्टिव बिजली संयंत्र व्यवस्था को भारत के ऊर्जा संक्रमण और औद्योगिक विकास के लक्ष्यों के साथ समन्वित करना है। नये संशोधनों के कुछ प्रावधान कुछ प्रावधान एक अप्रैल 2026 से लागू होंगे जबकि अन्य संशोधन तुरंत प्रभाव से लागू होंगे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### वीजा धोखाधड़ी में 11 भारतीयों पर आरोप

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 11 भारतीय नागरिकों पर वीजा धोखाधड़ी के लिए दुकानों में फर्जी हथियारबंद डकैती की साजिश रचने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्धों पर फर्जी डकैतियों को अंजाम देने का आरोप है ताकि दुकान के लिपिक ग्रीन कार्ड प्राप्त करने के लिए आव्रजन आवेदनों में खुद को अपराध का शिकार बता सकें। इन 11 लोगों में 39 वर्षीय जीतेंद्रकुमार पटेल, 36 वर्षीय महेशकुमार पटेल, 45 वर्षीय संजयकुमार पटेल, 40 वर्षीय दीपिकाबेन पटेल, 52 वर्षीय रमेशभाई पटेल, 43 वर्षीय अमिताबहेन पटेल, 28 वर्षीय रौनककुमार पटेल, 36 वर्षीय संगीताबेन पटेल, 42 वर्षीय मिंकेश पटेल, 42 वर्षीय सोनल पटेल और 40 वर्षीय मितुल पटेल शामिल हैं जिन पर वीजा धोखाधड़ी की साजिश रचने का आरोप है।

### ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति बोलसोनारो बीमार

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोलसोनारो निमोनिया से पीड़ित हैं और देश की राजधानी ब्रासीलिया के एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में उनका इलाज किया जा रहा है। अस्पताल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उनके चिकित्सक ब्रासिल कैआडो ने पत्रकारों को बताया कि 70 वर्षीय बोलसोनारो की स्वास्थ्य की स्थिति गंभीर है। कैआडो ने कहा कि 70 वर्ष से अधिक उम्र के रोगियों में निमोनिया हमेशा गंभीर होता है क्योंकि यह सेप्टीसीमिया में बदल सकता है और इस बैक्टीरिया के रक्तप्रवाह में प्रवेश करने की आशंका रहती है इसलिए इससे अधिक गंभीर स्थिति पैदा हो सकती है।

### 110 साल के बाद लौटा आइवरी कोस्ट का ढोल

**अबिदजान।** फ्रांस ने औपनिवेशिक काल के दौरान लूटी गई एक अमूल्य विरासत, जिजी अयोक्वे नाम वाले एक पवित्र 'ढोल' को आधिकारिक तौर पर उसके मूल देश आइवरी कोस्ट को लौटा दिया है। परंपरा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक रहे इस ढोल को शुक्रवार सुबह एक विशेष विमान के जरिए अबिदजान के हवाई अड्डे पर पहुंचाया गया, जहां आदिवासी कबीलों के पारंपरिक प्रमुखों और सांस्कृतिक अधिकारियों ने भावुक होकर इसका नाच गाकर स्वागत किया। लगभग 3.3 मीटर लंबा और 430 किलोग्राम वजनी यह विशाल ढोल आइवरी कोस्ट के 'अचान' समुदाय की पहचान का प्रतीक है।

# उत्तर कोरिया ने जापान सागर में दागीं मिसाइलें

- अमेरिका- दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास के दौरान किया शक्ति प्रदर्शन

**सियोल, एजेंसी**

अमेरिका एवं दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास के बीच उत्तर कोरिया ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए शनिवार को पूर्वी सागर की ओर लगभग 10 बैलिस्टिक मिसाइल दागीं।

दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ' ने कहा कि मिसाइलें उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के निकटवर्ती क्षेत्र से दागी गईं, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि वे कितनी दूर तक गईं। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये हथियार देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर के जलक्षेत्र में गिरे। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ्स' ने कहा कि सेना ने निगरानी बढ़ा दी है और संभावित अतिरिक्त हमलों के खिलाफ तत्परता बनाए रखी है तथा वह अमेरिका एवं जापान के साथ जानकारी साझा कर रही है। यह प्रक्षेपण ऐसे समय में किया गया है, जब उत्तर कोरिया ने अमेरिका-दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यासों का जवाब देने की हाल में धमकी दी थी। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच 11 फ्रीडम शील्ड युद्धाभ्यास जारी है। अमेरिका-द. कोरिया के अभ्यासों को उत्तर कोरिया खुद पर आक्रमण की तैयारी बताता रहा है।

# प्रधानमंत्री मोदी की रैली से पूर्व भाजपा-तृणमूल कार्यकर्ताओं में झड़प

- मंत्री के घर पर भी पथराव, भाजपा नेता व एक पुलिस अफसर घायल

**कोलकाता, एजेंसी**

मध्य कोलकाता में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली से करीब आधा घंटा पहले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों के बीच झड़प हुई, जिसमें एक पुलिस अधिकारी और भाजपा के एक नेता घायल हो गए।

झड़प के बीच, यह आरोप भी सामने आया कि गिरीश पार्क इलाके में पश्चिम बंगाल की मंत्री शशि पांजा के आवास पर पथराव किया गया। यह झड़प रैली स्थल से लगभग पांच किलोमीटर दूर उस समय हुई जब भाजपा समर्थक प्रधानमंत्री की रैली में शामिल होने के लिए ब्रिगेड परेड मैदान की ओर जा रहे थे। यह रैली विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी की राज्यव्यापी परिवर्तन यात्रा' के समापन का प्रतीक है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों पक्षों के समर्थकों ने कथित तौर पर एक-दूसरे पर पत्थर फेंके और नारे लगाए, जिससे इलाके में तनाव पैदा हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, स्थिति को नियंत्रण में लाने के प्रयास में बोबाजार पुलिस थाना प्रभारी बप्पादित्य नस्कर भी घायल हो गए। भाजपा ने दावा किया कि झड़प के दौरान उत्तरी कोलकाता जिला अध्यक्ष तमघनो घोष और कई पार्टी कार्यकर्ता घायल हो गए। पार्टी नेताओं ने बताया कि घोष को अस्पताल ले जाया गया। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि रैली स्थल की ओर जाते समय उनके समर्थकों पर हमला किया गया। भाजपा के एक कार्यकर्ता ने एक बांग्ला समाचार चैनल को बताया, बिना किसी उकसावे के हम पर पत्थर फेंके गए। हमें गालियां भी दी गईं। पार्टी ने आरोप लगाया कि झड़प में रैली में समर्थकों को ले जा रही बसों सहित कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि, टीएमसी कार्यकर्ताओं ने इन आरोपों का खंडन किया और दावा किया कि ब्रिगेड रैली में जाते समय भाजपा समर्थकों ने पांजा के आवास पर हमला किया था। पांजा ने दावा किया कि भाजपा समर्थकों ने उनके आवास को निशाना बनाया और खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए। मंत्री ने आरोप लगाया, भाजपा के गुंडों ने हमला किया। रैली में जा रही बसों में ईंटें, कांच की बोतलें और बम ले जाए जा रहे थे।



मध्य कोलकाता में शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी की रैली के पूर्व भाजपा और तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प के बाद सड़क पर बिखरीं ईंटें और मौजूद पुलिस।

### शुरुआत में निष्क्रिय बनी रही पुलिस

कुछ भाजपा नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि स्थिति बिगड़ने पर पुलिस शुरू में निष्क्रिय रही। बाद में बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और झड़प करने वाले समूहों को तितर-बितर करके स्थिति को नियंत्रण में किया। इलाके में तनाव बढ़ने के बाद दुकानदारों ने दुकानें बंद कर दीं। ये झड़प ब्रिगेड परेड मैदान में मोदी की रैली से ठीक पहले हुई।

# भाजपा की सरकार बनने पर दो वर्ष में पंजाब को करेंगे नशामुक्त: शाह

## केंद्रीय गृहमंत्री ने कानून व्यवस्था, धर्मांतरण और भ्रष्टाचार पर मान सरकार को घेरा

- कहा-आप प्रमुख केजरीवाल के लिए एटीएम बनी मान सरकार

**मोगा (पंजाब), एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कानून-व्यवस्था, नशे की समस्या, धर्मांतरण और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर शनिवार को पंजाब की भगवंत मान सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि यह सरकार आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के लिए एक एटीएम बन गई है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को एक मौका दें ताकि राज्य में बदलाव लाया जा सके।

मोगा में एक बदलाव रैली में चुनावी बिगुल बजाते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने राज्य के लोगों से कहा कि उन्होंने कांग्रेस, अकाली दल और 'आप' को कई मौके दिए हैं। शाह ने आरोप लगाया, आज पंजाब कर्ज, नशे, धर्मांतरण, भ्रष्टाचार और गैंगस्टरों के आतंक के कारण बर्बाद हो गया है। उन्होंने कहा कि यदि कोई पंजाब को नशे और अन्य समस्याओं से मुक्त कर सकता है, तो वह केवल नरेन्द्र मोदी और भाजपा ही हैं। उन्होंने वादा किया कि यदि भाजपा 2027 में सत्ता में आई तो नशे के कारोबार को सिर्फ दो साल में जड़ से खत्म कर दिया जाएगा। शाह ने कहा, इस राज्य में कोई सरकार नहीं है। अगर कोई सरकार होती, तो कानून-व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब नहीं होती; राज्य नशे की समस्या से जूझता नहीं और किसान इतनी पीड़ा में नहीं होते मान केवल केजरीवाल के पायलट के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भगवंत मान सरकार भ्रष्टाचार में डूब गई है।

शाह ने कहा, मुख्यमंत्री मान को शर्म आनी चाहिए कि दिल्ली के चार 'सूबेदार' राज्य में बैठे हुए हैं और इसकी सारी संपत्ति बाहर भेज रहे हैं। पंजाब में आप की सरकार अरविंद केजरीवाल के लिए एक एटीएम बन गई है। यह पंजाब की गरिमा के साथ खिलवाड़ कर रही है। शाह ने कहा, भाजपा को एक मौका दें, हम पंजाब में बदलाव लाएंगे। शाह ने बताया कि पार्टी ने 2027 के चुनावों के लिए अपनी चुनावी मुहिम मोग़ा से शुरू की है। उन्होंने कहा, मैं पंजाब के लोगों से अपील करने आया हूं कि भाजपा को वोट दें। शाह ने कहा कि भाजपा पहले अकालियों के जूनियर सहयोगी के रूप में पंजाब में सरकार का हिस्सा रही है। उन्होंने कहा, जब भी हम आपके सामने आए, हम छोटे भाई के रूप में आए। कहा कि भाजपा 2027 के चुनावों के बाद सरकार बनाने के लिए लड़ाई लड़ने जा रही है।



पंजाब के मोगा में बदलाव रैली के दौरान मंच पर भाजपा नेताओं तरुण चुघ, रवनीत सिंह बिट्टू और अन्य नेताओं के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दिखाई दे रहे हैं।

### किसानों को गुमराह कर रही आप-कांग्रेस

राज्य में कानून-व्यवस्था को लेकर हमलावर रुख अपनाते हुए शाह ने कहा कि 2026 में तीन गांव के सरपंच मारे गए जबकि गैंगस्टर लोगों से पैसे उगाह रहे हैं। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर, शाह ने 'आप' सरकार और कांग्रेस दोनों पर निशाना साधा और किसानों को गुमराह करने का आरोप लगाया। मोगा के किली चाहलान गांव में रैली के लिए व्यापक इंतज़ाम किए गए थे। मोगा पंजाब के राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मालवा क्षेत्र में है, राज्य की 117 विधानसभा सीटों में से 69 इस क्षेत्र में हैं।

# पाकिस्तान ने मार गिराए अफगानी ड्रोन, चार घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अपने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिए गए अफगान तालिबान के ड्रोन के मलबे की चपेट में आने से दो बच्चों सहित कम से कम चार लोग घायल हो गए। पाकिस्तान की सेना ने शनिवार को बताया कि इन ड्रोन को शुक्रवार को उनके लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही राजधानी इस्लामाबाद से सटे रावलपिंडी, क्वेटा और कोहाट में रोककर नष्ट कर दिया गया। सेना की मीडिया शाखा 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' (आईएसपीआर) के अनुसार, इन हमलों का मकसद लोगों में डर पैदा करना था और ये हमें उस आतंकवादी मानसिकता की याद दिलाते हैं, जिससे अफगान तालिबान प्रेरित है।

सेना की मीडिया शाखा ने कहा कि इन ड्रोन को बीच रास्ते में ही रोक दिया गया और वे अपने तयशुदा लक्ष्यों तक नहीं पहुंच सके लेकिन इनके मलबे के कारण क्वेटा में दो बच्चे तथा कोहाट एवं रावलपिंडी में एक-एक नागरिक घायल हो गए। उसने कहा, अफगान तालिबान एक ओर दुनिया की सहानुभूति हासिल करने के लिए खुद को पीड़ित के रूप में पेश करता है, वहीं दूसरी ओर वह अपने आतंकवादी सरगनाओं और अपने ड्रोन के जरिए नागरिकों को सक्रिय रूप से निशाना बनाता है।


# ब्रेन इम्प्लांट के व्यावसायिक उपयोग को चीन ने दी मंजूरी

- लकवाग्रस्त मरीजों के इलाज के लिए जगी नई उम्मीद

**बीजिंग, एजेंसी**

चीन ने लकवाग्रस्त व्यक्तियों के हाथों में जान डालने में मदद के लिए डिज़ाइन किए गए दुनिया के पहले ब्रेन इम्प्लांट को व्यावसायिक उपयोग के लिए आधिकारिक मंजूरी दे दी है। यह उपलब्धि हासिल करने वाला चीन दुनिया का पहला देश बन गया है।

इस डिवाइस को चीनी कंपनी 'न्यूरैकल मेडिकल टेक्नोलॉजी' ने विकसित किया है और यह 'ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस' तकनीक पर आधारित है। यह डिवाइस मुख्य रूप से उन वयस्कों (18 से 60 वर्ष) के लिए है जो गर्दन में रीढ़ की हड्डी की गंभीर चोट के कारण लकवे का शिकार हो गए हैं। बीसीआई तकनीक, किसी इंसान के तंत्रिका तंत्र को ऐसे उपकरणों से जोड़ती है जो मस्तिष्क की गतिविधियों को समझ सकते हैं। सरल शब्दों में, यह मशीन मरीज के दिमाग में चलने वाले 'हाथ हिलाने के विचार' को पकड़ती है और उसे सॉफ्टवेयर के जरिए एक रोबोटिक दस्ताने को भेजती है। यह दस्ताना मरीज के हाथ को खोलने और बंद करने में मदद करता है, जिससे मरीज चीजों को पकड़ पाता है। चीन ने हाल के वर्षों में बीसीआई तकनीक को अपनी राष्ट्रीय रणनीतिक प्राथमिकता में



शामिल किया है। साउथ चायना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार, चीन इसे भविष्य की आर्थिक वृद्धि के एक बड़े कारक के रूप में देख रहा है। पिछले साल, एक अन्य चीनी कंपनी 'न्यूरोएक्सिस' ने भी तब सुर्खियां बटोरी थीं, जब आठ साल से फालिज या लकवाग्रस्त एक इंसान ने इम्प्लांट के महज पांच दिन बाद अपने विचारों से डिजिटल उपकरणों को नियंत्रित करना शुरू कर दिया था।

दूसरी ओर, एलन मस्क की कंपनी 'न्यूरालिंक' भी इस दौड़ में तेजी से आगे बढ़ रही है। श्री मस्क ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी है कि उनकी कंपनी 2026 में बीसीआई उपकरणों का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू कर देगी। न्यूरालिंक के अनुसार, दुनिया भर में अब तक 12 गंभीर रूप से लकवाग्रस्त लोग उनके इम्प्लांट का उपयोग कर रहे हैं। हालांकि, कमर्शियल मंजूरी के मामले में चीन ने फिलहाल बाजी मार ली है।

# राजकोट में एम्स के प्रशिक्षु डॉक्टर ने की आत्महत्या

**राजकोट (गुजरात), एजेंसी**

राजकोट के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कार्यरत 25 वर्षीय प्रशिक्षु चिकित्सक ने शनिवार को आत्महत्या कर ली। मौके से मिले एक सुसाइड नोट में दावा किया गया है कि सहपाठियों ने उस पर हमला किया था।

पुलिस उपायुक्त (जोन 2) राकेश देसाई ने बताया कि राजस्थान के जैसलमेर निवासी रतनकुमार मेघवाल का शव शहर के पास घंटेस्वर और पारा पिपलिया के बीच रेलवे ट्रैक पर मिला। अधिकारी ने बताया कि गांधीग्राम पुलिस को सुबह करीब 5:30 बजे घटना की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और मेघवाल का शव बरामद किया।

देसाई ने बताया कि रेलवे ट्रैक के पास से मेघवाल का लैपटॉप, मोबाइल फोन, मेडिकल फाइलें और पहचान पत्र बरामद हुए। प्रारंभिक जांच का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस को प्रशिक्षु चिकित्सक के पास से एक नोट मिला है जिसमें मेघवाल ने अपने सहपाठियों पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है।

अधिकारियों ने बताया कि मेघवाल ने 27 जनवरी को भी उसी स्थान पर आत्महत्या का प्रयास किया था लेकिन तब पुलिस मौके पर पहुंची थी और उसे राजस्थान स्थित उसके घर भेज दिया था।



- सुसाइड नोट में अपने सहपाठियों पर लगाया राजस्थान निवासी डॉक्टर ने मारपीट का आरोप

# अमेरिका ने ईरानी नेतृत्व पर घोषित किया एक करोड़ डॉलर का इनाम

- रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस कार्यक्रम के तहत अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने की घोषणा

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका ने ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई समेत कई प्रमुख नेताओं की जानकारी देने वाले को एक करोड़ डॉलर तक के इनाम की घोषणा की है। यह घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्रालय के 'रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस' कार्यक्रम के तहत की गई है।

इसमे विशेष रूप से उन अधिकारियों को लक्षित किया गया है जो ईरान की सत्ता और सैन्य तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस सूची में मोजतबा खामेनेई के अलावा अली असगर हेजाजी (डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ), मेजर जनरल यहया रहीम सफावी (सैन्य सलाहकार), अली लारीजानी (सलाहकार), ब्रिगेडियर जनरल एस्कंदर मोमेनी (आंतरिक मामलों के मंत्री), इस्माइल खतीब (खुफिया और सुरक्षा मंत्री) शामिल हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, ये व्यक्ति इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के विभिन्न अंगों का संचालन करते हैं, जो दुनिया भर में आतंकवाद की योजना बनाने और अंजाम देने का काम करता है। नोटिस में अमेरिका ने यह भी स्पष्ट किया है कि महत्वपूर्ण जानकारी देने वाले व्यक्ति को न केवल नकद पुरस्कार दिया जाएगा, बल्कि उन्हें सुरक्षित स्थान पर बसाने की सुविधा भी देगा। यह कदम हाल ही में आयतुल्लाह खामेनेई और अन्य शीर्ष ईरानी अधिकारियों की मौत के बाद जारी सैन्य अभियानों की पृष्ठभूमि में उठाया गया है।

### मोजतबा को निशाना बनाया तो ईरान गंभीर कार्रवाई करेगा

**मास्को।** रूस में ईरान के राजदूत काज़ेम जलाली ने रूसी न्यूज एजेंसी स्पूतनिक को बताया कि यदि अमेरिका ईरान के नय सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई की हत्या करने का प्रयास करता है, तो उसे गंभीर जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। जब उनसे पूछा गया कि यदि अमेरिका और इज़रायल ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई की हत्या का प्रयास करते हैं, तो ईरान की क्या प्रतिक्रिया होगी, तो जलाली ने कहा, आप आज ईरान की प्रतिक्रिया देख रहे हैं। हम अपने नेता (अयातुल्ला अली खामेनेई) के लिए खून का बदला चाहते हैं।

# जम्मू के पुंछ में आतंकवाद विरोधी अभियान में सेना के सूबेदार की जान गई

**जम्मू-कश्मीर, एजेंसी**

जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में शनिवार को आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान एक कनिष्ठ कमीशन अधिकारी (जेसीओ) फिसलकर नीचे गिर गए जिससे उनका निधन हो गया। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने यह जानकारी दी।

सेना ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, ऑपरेशन शेरी कलां के तहत पुंछ सामान्य क्षेत्र में लंबे समय तक चले अभियानों के दौरान चुनौतीपूर्ण और ऊबड़-खाबड़ इलाके में काम करते समय, आज अपराह्न करीब 2.30 बजे, सूबेदार संदीप कुमार ढाका फिसलकर नीचे गिर गए और बेहोश हो गए। इसने कहा, ढाका को तुरंत पोथा स्थित सैन्य अस्पताल ले जाया गया। उन्हें होश में लाने के लिए चिकित्सकों ने तमाम कोशिशें कीं, लेकिन बहादुर जेसीओ ने कर्तव्य निभाते हुए अपनी जान गंवा दी।

सेना ने जेसीओ के अटूट साहस, दृढ़ समर्पण और निःस्वार्थ सेवा की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। व्हाइट नाइट कोर ने कहा, दुख की इस घड़ी में, हम शोकसंतप्त परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं और उस योद्धा की स्मृति का सम्मान करते हैं जिसने अपनी अंतिम सांस तक राष्ट्र की सेवा की।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज दिन की शुरुआत काफी अच्छी रहेगी। नए लक्ष्यों को निर्धारित कर सकते हैं। अपनी बातों को प्रभावी ढंग से रखेंगे।

**वृष** — आज नए व्यापारिक समझौते करने से बचें। स्वयं के लिए कुछ समय अवश्य निकालें। उचित परिणाम न मिलने से मन उदास हो सकता है।

**मिथुन** — आज निजी रिश्तों के बीच अहम् की भावना न आने दें। आपको कर्ज नहीं लेना चाहिए। व्यवसाय में कुछ नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**कर्क** — आज आपका मन अत्यधिक प्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा। उधार दिया हुआ धन आपको मिल सकता है।

**सिंह** — आज दूसरे के मामलों में अधिक हस्तक्षेप करना उचित नहीं है। रुके हुए कार्यों को पूर्ण करेंगे। कार्यक्षेत्र में समस्याओं का अनुभव होगा।

**कन्या** — आज घर में शुभ प्रसंग हो सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। धार्मिक विचारों का आपके ऊपर अत्यधिक प्रभाव रहेगा।

**तुला** — आज आय की अपेक्षा धन अधिक खर्च हो सकता है। वैवाहिक संबंधों में कुछ कड़वाहट आ सकती है। शरीर में पानी की कमी न होने दें।

**वृश्चिक** — आज आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर होंगे।

**धनु** — आज व्यापार में नया प्रयोग करने से बचें। आर्थिक समस्याओं का निवारण होगा। परिजनों से किसी गंभीर विषय पर चर्चा कर सकते हैं।

**मकर** — आज कार्यक्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण एवं ठोस निर्णय लेने पड़ेंगे। सामाजिक समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। व्यापारिक घाटे में कमी आएगी।

**कुंभ** — आज आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा। व्यवसाय में आपको लाभ हो सकता है। नकारात्मक लोगों की संगत से दूर रहें।

**मीन** — आज फाइनेंस से जुड़े कार्यों के लिए दिन अनुकूल है। आप अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। सभी कार्य आपके अनुसार होते चले जाएंगे।

# ईरानी नागरिक व कुछ नौसैनिक स्वदेश रवाना

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण भारत में फंसे कई ईरानी नागरिक ईरान की एक चार्टर्ड उड़ान में शुक्रवार रात को कोच्चि हवाई अड्डे से रवाना हुए जिनमें ईरानी दूतावास के कर्मचारी, पर्यटक और कोच्चि बंदरगाह पर लंगर डालने वाले ईरान के युद्धपोत आईआरआईएस लावन के कुछ नौसैनिक शामिल हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को पश्चिम एशिया की स्थिति के बारे में विभिन्न मंत्रालयों की ब्रीफिंग में यह जानकारी दी।

## विचार

### कानूनी कामकाज में कृत्रिम मेधा के इस्तेमाल पर बोले उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ

# न्यायाधीश की नैतिक जिम्मेदारी का स्थान नहीं ले सकता एआई

**हैदराबाद, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने शनिवार को कहा कि बुद्धिमत्तापूर्ण तरीके से इस्तेमाल किए जाने पर कृत्रिम मेधा (एआई) समय बचा सकती है और कानूनी कार्य के कुछ पहलुओं को अधिक प्रबंधनीय बना सकती है, लेकिन यह एक वकील की प्रतिभा, न्यायिक अधिकारी की नैतिक जिम्मेदारी या न्यायाधीश से अपेक्षित अनुशासित निर्णय का स्थान नहीं ले सकती।

### विरोधाभास का बुद्धिमत्तापूर्वक समाधान करना संस्थाओं की जिम्मेदारी


शीर्ष अदालत के न्यायाधीश ने कहा कि यह हमारे युग का विरोधाभास है, लेकिन इस विरोधाभास का बुद्धिमत्तापूर्वक समाधान करना हमारी संस्थाओं की जिम्मेदारी भी है। इसलिए हमारा दृष्टिकोण सैद्धांतिक अनुकूलन का होना चाहिए। हमें प्रौद्योगिकी को केवल इसलिए अस्वीकार नहीं करना चाहिए क्योंकि यह नई है। हमें इसे अंधाधुंध स्वीकार नहीं करना चाहिए क्योंकि यह कारगर है।उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था का भविष्य केवल प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण से सुरक्षित नहीं होगा। यह सुनिश्चित करने से सुरक्षित होगा कि प्रौद्योगिकी कानूनी व्यवस्था के मूलभूत आदर्शों से जुड़ी रहे। उच्चतम न्यायालय के एक अन्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और तेलंगाना हाईकोर्ट के सीजे न्यायमूर्ति अपारेश कुमार सिंह ने भी विचार व्यक्त किए।

न्यायामूर्ति विक्रम नाथ ने यहां एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी किसी नोट का मसौदा तैयार करने में मदद कर सकती है, लेकिन इसे कानून बनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने उच्चतम न्यायालय में भी कृत्रिम मेधा से उत्पन्न सामग्री के लापरवाहीपूर्वक उपयोग के मामलों पर चिंता व्यक्त जताई, जिनमें ऐसे उद्धरणों और संदर्भों का उल्लेख शामिल है जो अस्तित्व में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि झूठे उद्धरण केवल तकनीकी त्रुटियां नहीं हैं, वे कानूनी दलीलों की शुचिता और स्वयं न्याय प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर प्रहार करते हैं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने कहा, लेकिन एक उपकरण को उपकरण ही रहना चाहिए। यह एक वकील के प्रशिक्षित दिमाग, अदालत के अधिकारी की नैतिक जिम्मेदारी या न्यायाधीश से अपेक्षित अनुशासित निर्णय का स्थान नहीं ले सकता।

उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी किसी नोट का मसौदा तैयार करने में मदद कर सकती है, लेकिन इसे कानून बनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। साथ ही कहा कि, एआई के दुरुपयोग से हमें इसके विपरीत चरम सीमा तक नहीं पहुंचना चाहिए।

## आज का पंचांग

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 15 मार्च, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, एकादशी 09.16 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- श्रवण 16 मार्च 05.56 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

### सुडोकू - 88 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 3 | 6 | 5 | 4 | 1 | 7 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 9 |
| 7 | 5 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 9 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 |
| 4 | 3 | 1 | 7 | 9 | 8 | 5 | 2 | 6 |
| 2 | 1 | 3 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 8 | 9 | 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 7 | 2 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 4 | 1 |

### सुडोकू -89

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 7 | | 8 | |
| | | 2 | | 9 | | | | 5 |
| | 8 | | | 2 | | 4 | | |
| 4 | 3 | | | | | | | 8 |
| | | | | | | | 9 | |
| 6 | | | | 3 | | | | 1 |
| | 4 | 9 | | | | 3 | | |
| 5 | | | | 4 | | 2 | | |
| | 7 | | 6 | | | | 5 | |



“वह आईपीएल के आने वाले सत्र में वह दिल्ली कैपिटल्स के मेंटोर की भूमिका नहीं निभा पाएंगे। दिल्ली कैपिटल्स अपने आईपीएल 2026 सत्र की शुरुआत एक अप्रैल को लखनऊ में इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच से करेगा
-केविन पीटरसन



हाईलाइट

### किसी भी खिलाड़ी पर जुर्माना नहीं लगाया गया : पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शनिवार को कहा कि उसने टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने में नाकाम रहने के कारण टीम के किसी भी सदस्य पर जुर्माना नहीं लगाया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान की टीम के सुपर आठ चरण से बाहर होने के बाद खिलाड़ियों पर जुर्माना लगाया गया, लेकिन पीसीबी के प्रवक्ता आमिर मीर ने इसका खंडन किया। मीर ने यहां पत्रकारों से कहा, किसी भी खिलाड़ी पर जुर्माना नहीं लगाया गया है, लेकिन बोर्ड खिलाड़ियों के लिए एक फार्मूला तैयार करने के बारे में सोच रहा है क्योंकि अच्छा प्रदर्शन करने पर उन्हें अच्छी प्रोत्साहन राशि मिलती है।

### लोकेश ने नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली।** भारत के युवा एथलीट लोकेश सत्यनाथन ने अर्कांसस के फेयेटविले में एनसीएए इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की लंबी कूद में नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतकर अपने करियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 8.21 मीटर की छलांग लगाकर नया इंडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इससे वहां लंबी कूद के भारत के स्टार एथलीट जेस्विन एल्ड्रिन (8.42 मीटर) और मुरली श्रीशंकर (8.41 मीटर) के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं। टार्लेटन स्टेट यूनिवर्सिटी की तरफ से खेल रहे लोकेश ने अपने चौथे प्रयास में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके पहला स्थान हासिल किया।

### भारत महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर के फाइनल में हारा

**हैदराबाद।** भारत को एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर के फाइनल में शनिवार को इंग्लैंड से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद टीम ने इस साल होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। यह विश्व कप नीदरलैंड और बेल्जियम में आयोजित होगा। दुनिया की छठे नंबर की टीम इंग्लैंड के लिए ग्रेस बाल्सडन ने 13वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर पहला गोल किया। इसके बाद 43वें मिनट में एलिजाबेथ नील ने मैदानी गोल कर इंग्लैंड की बढ़त 2-0 कर दी। भारतीय टीम ने पूरी कोशिश की लेकिन सफल नहीं हुई।



## कुलदीप यादव ने वंशिका संग लिए सात फेरे

- बरारियों में पंडित धीरेंद्र शास्त्री भी शामिल
- रोल्स-रॉयस विंटेज कार से पहुंचे कुलदीप
- तिलक वर्मा और मोहम्मद कैफ परिवार के साथ पहुंचे

खेल डेस्क

**अमृत विचार।** भारतीय क्रिकेट टीम के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव शादी के बंधन में बंध गए। उन्होंने बचपन की मित्र वंशिका चड्डा के साथ विवाह रचाया। शादी समारोह उत्तराखंड के मसूरी स्थित सेवाय होटल में तीन दिनों से चल रहा है। रिंकू सिंह, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद कैफ के अलावा क्रिकेट जगत से जानी-मानी हस्तियां समारोह में शामिल होने पहुंची। खास मेहमानों में बागेश्वर धाम प्रमुख पंडित धीरेंद्र कृष्णा शास्त्री 1.5 करोड़ की गाड़ी से पहुंचे। शादी के बाद 17 मार्च को लखनऊ के फाइव स्टार होटल में रिसेप्शन का कार्यक्रम है। इससे पहले 13 मार्च को मसूरी के होटल में हल्दी और मेहंदी की रस्म हुई थी।



**‘रोल्स-रॉयस’ विंटेज कार से कुलदीप ने ली एंट्री :** शादी को यादगार बनाने के लिए बारात की एंट्री अलग अंदाज में कराई गई। इसके लिए दूल्हे कुलदीप यादव की बारात में घोड़ी के साथ-साथ एक रॉयल विंटेज कार ‘रोल्स-रॉयस’ भी मंगाई गई है।

**अफगानी और पहाड़ी व्यंजन परोसे गए :** विवाह समारोह में मेहमानों के लिए खास दावत रखी गई। डिनर में अफगानी व्यंजनों से लेकर उत्तराखंड के पहाड़ी व्यंजन शामिल रहेंगे। शादी के दौरान भव्य आतिशबाजी का भी हुआ।

**द सेवाय होटल में शाही इंतजाम :** कुलदीप यादव और वंशिका की शादी को खास बनाने के लिए मसूरी के ‘द सेवॉय’ होटल में शाही इंतजाम किए गए। होटल मैनेजमेंट ने शादी के पलों को यादगार बनाने के लिए किए सारे प्रयास किए।

**छह हजार रुपये प्रति प्लेट खाना :** शादी में सजवाट के अलावा खाने पर विशेष ध्यान दिया गया। खबरों के मुताबिक खाने की कीमत 6 हजार रुपये प्रति प्लेट रही। वहीं भव्य मंडप और संगीत समारोह खास आकर्षण का केंद्र रहा।

**केकेआर ने कुलदीप यादव को दी शादी की बधाई :** कोलकाता नाइटराइडर्स की टीम ने कुलदीप यादव को शादी की बधाई दी है. फ्रेंचाइजी ने लिखा है, कुलदीप यादव और वंशिका को शादीशुदा जिंदगी की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

# टी-20 विश्व कप विजेता टीम को सम्मानित करेगा बीसीसीआई

### नमन पुरस्कार समारोह : कई पुरुष और महिला क्रिकेटरों को मिलेंगे अवॉर्ड

मुंबई, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) रविवार को यहां होने वाले अपने वार्षिक नमन पुरस्कार समारोह के दौरान टी-20 विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम को सम्मानित करेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को घोषणा की कि बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 का मुख्य आकर्षण हाल के समय में आईसीसी खिताब जीतने वाली सभी पांच भारतीय टीमों को सम्मानित करना होगा। गौतम गंभीर की कोचिंग वाली टीम आठ मार्च को अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर तीन बार टी20 विश्व कप जीतने ओर खिताब का बचाव करने वाली दुनिया की पहली टीम बन गई। यही नहीं वह घरेलू मैदान पर टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली टीम भी बन गई है।



टी-20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम। फाइल फोटो

इस समारोह में उन अन्य भारतीय टीमों को भी सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने हाल के दिनों में आईसीसी ट्रॉफी जीती हैं। इनमें 2025 में वनडे विश्व कप जीतने वाली सीनियर महिला टीम, 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली पुरुष टीम, 2026 में अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली टीम और 2025 में अंडर-19 टी20 विश्व कप जीतने वाली महिला टीम शामिल हैं। बीसीसीआई ने इसके साथ ही कुछ व्यक्तिगत पुरस्कारों की भी आधिकारिक तौर पर पुष्टि की, जिनके बारे में इस सप्ताह की शुरुआत में पहले ही पता चल गया था। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को 2024-25 सत्र के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (पुरुष) का पॉली उमरीगर पुरस्कार मिलेगा, जबकि स्मृति मंधाना को अपने करियर में पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (महिला) के रूप में सम्मानित किया जाएगा। पूर्व दिग्गज रोजर बिन्नी और राहुल द्रविड़ को बोर्ड का सर्वोच्च सम्मान कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जबकि पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज को बीसीसीआई का महिला लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिलेगा।

बिन्नी भारत की 1983 क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम के सदस्य और टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उन्होंने बाद में कोच, चयनकर्ता और 2022 से 2025 तक बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में खेल की सेवा की। द्रविड़ के नाम पर 24,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन दर्ज हैं। भारत के महानतम बल्लेबाजों में शामिल द्रविड़ ने भारतीय टीम के मुख्य कोच की भूमिका भी निभाई। उनके कोच रहते हुए भारत ने 2024 में टी20 विश्व कप जीता था।

पुरस्कार पाने वाले अन्य खिलाड़ियों में इरा जाधव को सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर (घरेलू) के लिए जगमोहन डालमिया ट्रॉफी दी जाएगी, जबकि शेफाली वर्मा को सीनियर घरेलू एकदिवसीय टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर के रूप में सम्मानित किया जाएगा। आयुष म्हात्रे को घरेलू सीमित ओवरों की प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए लाला अमरनाथ पुरस्कार मिलेगा। विदर्भ के हर्ष दुबे को रणजी ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर का पुरस्कार दिया जाएगा। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को बीसीसीआई के घरेलू टूर्नामेंटों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली राज्य एसोसिएशन का पुरस्कार मिलेगा। उसकी टीम ने इस सत्र में चार खिताब जीते और वह दो प्रतियोगिताओं में उपविजेता रही।

## आईपीएल में धोनी का हो सकता है यह अंतिम सत्र



- पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने लगाए कयास

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का मानना है कि आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) महेंद्र सिंह धोनी का चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की तरफ से एक खिलाड़ी के रूप में यह अंतिम सत्र हो सकता है। जैसे-जैसे 2026 का आईपीएल करीब आ रहा है, धोनी के संन्यास को लेकर चर्चाएं फिर से तेज हो गई हैं। सीएसके ने राजस्थान रॉयल्स से संजू सैमसन को लेकर अपनी टीम से जुड़ा है जिसके बाद अटकलें लगाई जा रही हैं कि धोनी इस बार खेल के मैदान पर कम दिखेंगे और वह मेंटोर की भूमिका निभा सकते हैं।

इरफान ने कहा धोनी के बिना सीएसके की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। हो सकता है कि इस सत्र में हम उन्हें आखिरी बार पीली जर्सी में देखें। लेकिन उनके बिना सीएसके और आईपीएल की कल्पना करना मुश्किल है। उन्होंने कहा आईपीएल शुरू होने के साथ ही हम धोनी को फिर से खेलते हुए देखने लगते हैं। इसका मतलब है कि वह इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं और वह काफी फिट भी दिख रहे हैं। यह 44 वर्षीय खिलाड़ी इस महीने की शुरुआत में चेन्नई में सीएसके शिविर में शामिल हो चुका है और अभ्यास कर रहा है।

### श्रेयस व सॉल्ट को जाने देना केकेआर का गलत फैसला: कुंबले

**मुंबई।** महान क्रिकेटर अनिल कुंबले ने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 2024 में खिताब जीतने के बाद श्रेयस अय्यर और फिल सॉल्ट को जाने देकर गलत फैसला किया। उन्होंने कहा कि जब तक तीन बार की आईपीएल चैंपियन टीम अहम खिलाड़ियों को अपने पास बनाए रखने की अहमियत नहीं समझेगी तब तक उसे खिताब का गंभीर दावेदार नहीं माना जा सकता। अय्यर केकेआर छोड़कर पंजाब किंग्स में शामिल हो गए जिसकी कप्तानी करते हुए उन्होंने पिछले सत्र में करीब एक दशक बाद टीम को पहली बार आईपीएल फाइनल में पहुंचाया।

## मयंक चक्रवर्ती ने रचा इतिहास

- पूर्वोत्तर से पहले और भारत के 94वें ग्रैंडमास्टर बने

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी मयंक चक्रवर्ती ने अपने उभरते करियर की आखिरी बाधा पार करते हुए अपना तीसरा और अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल कर लिया, जिससे वह भारत के 94वें ग्रैंडमास्टर बन गए। वह के पूर्वोत्तर से यह प्रतिष्ठित खिताब हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

असम के गुवाहाटी के रहने वाले 17 वर्षीय चक्रवर्ती 2024 में इंटरनेशनल मास्टर बने थे। उन्होंने ‘होटल स्टॉकहोम नॉर्थ बाय फर्स्ट होटल्स चेस टैलेंट्स टूर्नामेंट’ के आठवें दौर में एक दौर बाकी रहते ही यह उपलब्धि हासिल कर ली।



उन्होंने इस दौर में स्वीडिश आईएम फिलिप लिंडग्रेन को हराया। लिंडग्रेन पर जीत के दौरान चक्रवर्ती अपने खेल के चरम पर थे। उन्होंने जरूरी 6.5 अंक जुटाए जो उनका अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म पक्का करने के लिए काफी थे।

आखिरी दौर में उन्होंने इंग्लिश इंटरनेशनल मास्टर जोना बी विलो के साथ एक रोमांचक ड्रॉ खेला और इस तरह अपने अब तक के सबसे यादगार प्रदर्शन पर मुहर लगा दी। इस प्रक्रिया में चक्रवर्ती ने 2500 ईएलको रेटिंग का अहम आंकड़ा भी पार कर लिया। उनकी मौजूदा रेटिंग इस सीमा से कुछ अंक ऊपर है जिससे अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के नियमों के अनुसार उनका ग्रैंडमास्टर खिताब पक्का हो गया है। चक्रवर्ती ने इस दौरान एक बाजी गंवाई, दो ड्रॉ खेले और बाकी छह बाजियां जीती। इस तरह उन्होंने कुल नौ में से सात अंक हासिल किए। साथ ही उन्होंने टूर्नामेंट का खिताब भी अपने नाम कर लिया।

## स्विस ओपन में भारतीय चुनौती खत्म

**बासेल।** भारत के थारुन मन्नेपल्ली के इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग से तीन गेम तक चले क्वार्टर फाइनल के रोमांचक मुकाबले में हारने के साथ ही स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई।

विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज भारतीय खिलाड़ी मन्नेपल्ली को 250,000 अमेरिकी डॉलर इनामी टूर्नामेंट में गिंटिंग से 19-21 21-19 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। गिंटिंग ने शुरुआत में ही 6-2 की बढ़त बना ली, हालांकि मन्नेपल्ली ने वापसी की पर इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने जीत हासिल कर ली।

## सबालेंका और रिबाकिना में होगा खिताबी मुकाबला

इंडियन वेल्स, एजेंसी

दो बार उपविजेता रह चुकीं एरिना सबालेंका ने लिंडा नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से हराकर चार साल में तीसरी बार इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया।

बेलारूस की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सबालेंका ने शुक्रवार रात बीएनपी पारिबास ओपन में नोस्कोवा को एक घंटे 28 मिनट में हराया। रविवार को फाइनल में उनका मुकाबला कजाकिस्तान की तीसरे नंबर की खिलाड़ी एलेना रिबाकिना से होगा। रिबाकिना ने दूसरे सेमीफाइनल में यूक्रेन की नौवें नंबर की खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना को 7-5, 6-4 से हराया। सबालेंका को 2026 में एकमात्र हार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में रिबाकिना से मिली थी।





एरिना सबालेंका व एलेना रयबाकिना।

सबालेंका निश्चित रूप से उस हार का बदला लेने के साथ इंडियन वेल्स के फाइनल में अपने 0-2 के रिकॉर्ड में सुधार करना चाहेगी। सबालेंका ने कहा मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि मैं रविवार को पूरी तरह से तैयार रहूं। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलूंगी और यह सुनिश्चित करने की कोशिश करुंगी कि इस साल मेरा दबदबा रहे।

### भांबरी-गोरानसन का सफर सेमीफाइनल में थमा

इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी : भारत के युकी भांबरी और स्वीडन के उनके साथी आंद्रे गोरानसन का कैलिफोर्निया में खेले जा रहे इंडियन वेल्स मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में शानदार अभियान सेमीफाइनल में हारने के साथ समाप्त हो गया। भांबरी और गोरानसन की गैरवरीय जोड़ी फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच और मोनाको के वैलेंटीन वाचेरोट से 5-7, 7-6(7), 5-10 से हार गई। यह एक कड़ा मुकाबला था जिसका फैसला टाईब्रेकर से हुआ। भांबरी और गोरानसन पहले सेट में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद हार गए। उन्होंने दूसरे सेट में बेहतर खेल दिखाया और टाईब्रेकर में जीत दर्ज करके मुकाबला को निर्णायक मोड़ पर पहुंचा दिया।

आग्रह

बैडमिंटन विश्व महासंघ ने वर्तमान तीन गेमों वाली 21 अंक की प्रणाली को 15 अंक में बदलने का किया है प्रस्ताव

## अंक प्रणाली में बदलाव पर सतर्कता बरतनी चाहिए : साइना

नई दिल्ली, एजेंसी

ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल ने बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) से स्कोरिंग में प्रस्तावित बदलाव पर सतर्कता बरतने का आग्रह किया है और उनका मानना है कि वर्तमान की 21 अंक की प्रणाली खेल की गति और दमखम बनाए रखती है।

बैडमिंटन की विश्व में सर्वोच्च संस्था बीडब्ल्यूएफ ने वर्तमान तीन गेम वाली 21 अंक की प्रणाली को तीन गेम की 15 अंक वाली प्रणाली में बदलने का प्रस्ताव किया है। इस बदलाव पर सदस्य 25 अप्रैल को डेनमार्क के होर्सेंस में बीडब्ल्यूएफ की वार्षिक आम बैठक में मतदान करेंगे। साइना ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा बैडमिंटन की परंपरा समृद्ध है तथा ऑल इंग्लैंड ओपन और बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप जैसे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों की गति और सहनशक्ति की परीक्षा होती है। उन्होंने कहा



- वर्तमान प्रारूप का किया समर्थन, बोलीं- इसमें बनी रहती है खेल की गति व दमखम

स्कोरिंग या प्रारूप में किसी भी तरह के बदलाव पर सतर्कता पूर्वक विचार किया जाना चाहिए। वर्तमान की 21 अंक वाली प्रणाली अच्छा काम कर रही है और खिलाड़ी इससे अच्छी तरह तालमेल बिठा चुके हैं।

साइना ने कहा यदि कुछ बदलाव किए भी जाते हैं तो यह सुनिश्चित करना चाहिए कि रैलियों की गुणवत्ता और खेल के प्रतिस्पर्धी संतुलन पर कोई असर न पड़े। निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और खेल भावना पर ही ध्यान केंद्रित रहना चाहिए।'''' बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के लिए प्रस्तावित नए प्रारूप के अनुसार एशिया और यूरोप में होने वाले पांच सुपर 1000 टूर्नामेंटों में एकल वर्ग में एक नया प्रारूप लागू किया जाएगा, जिसमें 48 खिलाड़ी ग्रुप चरण में प्रतिस्पर्धा करेंगे और उसके बाद नॉकआउट राउंड होंगे। युगल स्पर्धाओं में 32 जोड़ियों के नॉकआउट ड्रॉ होंगे। प्रत्येक सुपर 1000 टूर्नामेंट 11 दिन तक चलेगा। साइना का मानना है कि बीडब्ल्यूएफ को खिलाड़ियों के कल्याण को प्राथमिकता देने की जरूरत है। उनका मानना है कि व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के कारण आराम के लिए बहुत कम समय बचता है और इससे खिलाड़ियों के चोटिल होने और उन पर थकान हावी होने की संभावना बनी रहती है।

### बैडमिंटन शारीरिक व मानसिक दोनों दृष्टि से मुश्किल खेल

साइना नेहवाल ने कहा बैडमिंटन शारीरिक और मानसिक दोनों दृष्टि से मुश्किल खेल रहा है। इसमें लंबी रैलियां होती हैं और खिलाड़ी लगभग प्रत्येक सप्ताह टूर्नामेंट में खेलते हैं। बीडब्ल्यूएफ ने कैलेंडर को व्यवस्थित करने की कोशिश की है लेकिन एक खिलाड़ी के लिए रिकवरी का समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। चोटें और थकान प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती हैं और करियर को भी छोटा कर सकती हैं। साइना ने लक्ष्य सेन की अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने के लिए सराहना की जो पिछले सप्ताह ऑल इंग्लैंड ओपन में पुरुष एकल में उपविजेता रहे थे। यह दूसरा मौका था जबकि लक्ष्य सेन इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचे थे। उन्होंने कहा, ऑल इंग्लैंड ओपन जैसी बड़ी प्रतियोगिता के फाइनल में दो बार जगह बनाना बड़ी उपलब्धि है। यह शुरू से बैडमिंटन का प्रमुख टूर्नामेंट रहा है।